खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :37°C
न्यूनतम :22°C

लखनऊ, बुधवार 27 मई 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 200 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2083 9 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



जनता का पैसा जनहित में ही लगेगा: मुख्यमंत्री योगी पेज 2



ओलंपिक में भारत के पहले तीरंदाजों में से एक, श्याम लाल मीणा का निधन खेल टाइम्स



भविष्य की कीमत पर बिक रहा आज का मां-बाप सम्पादकीय



अब खाड़ी में पैर नहीं फैला सकेगा अमेरिका: मुज्तबा खामेनेई पेज 12

# अवैध खनन पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, यूपी, मप्र व राजस्थान सरकार को फटकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चंबल घड़ियाल अभयारण्य में लगातार बढ़ रहे अवैध रेत खनन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सख्त रुख अपनाया। अदालत ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और यूपी सरकारों को तत्काल प्रभाव से प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

कोर्ट ने कहा कि अवैध खनन रोकने के लिए राज्यों को निगरानी व्यवस्था मजबूत करनी होगी और खाली पड़े वन रक्षक पदों पर जल्द भर्ती करनी होगी। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने इस मामले की सुनवाई की। अदालत ने मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में बिना नंबर और बिना रजिस्ट्रेशन वाले वाहनों से अवैध रेत ढुलाई की मीडिया रिपोर्ट का भी संज्ञान लिया। कोर्ट ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर रिपोर्ट सही है, तो अधिकारियों ने अदालत में गलत हलफनामा दाखिल किया है। सुप्रीम कोर्ट ने तीनों राज्यों को प्रभावित इलाकों में सीसीटीवी कैमरे, कंट्रोल सेंटर और मॉनिटरिंग सिस्टम लगाने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने कहा कि यह काम युद्ध स्तर पर किया जाए और छह महीने के भीतर सभी निगरानी व्यवस्था पूरी तरह चालू होनी चाहिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि जिन वाहनों का इस्तेमाल अवैध खनन में हो रहा है, उनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए। फर्जी नंबर प्लेट या बिना रजिस्ट्रेशन वाले वाहनों को जब्त कर कानूनी प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए गए हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि कार्रवाई केवल वाहन चालक तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। अवैध खनन नेटवर्क से जुड़े वाहन मालिकों, ठेकेदारों और अन्य लोगों के खिलाफ भी आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाए। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने वन विभाग के कर्मचारियों पर बढ़ते हमलों को लेकर भी चिंता जताई।



■ फर्जी नंबर वाले वाहनों पर कार्रवाई के निर्देश

## सुप्रीम कोर्ट ने कचहरा प्रबंधन को लेकर बनाई निगरानी कमेटी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ठोस कचरा प्रबंधन नियम के पालन पर राज्यों की रिपोर्ट आने के बाद सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि कचरे की अवैध ट्रांसपोर्ट और अवैध डंपिंग करने वालों की पहचान की जाए।

जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए कि ऐसे वाहनों और उनके मालिकों या ऑपरेटरों पर सख्त कार्रवाई करें। कोर्ट ने कहा कि हर जिले की वेबसाइट पर ठोस कचरा प्रबंधन के लिए अलग पेज बनाया जाए। कलेक्टर इस पेज पर कचरा प्रबंधन की मौजूदा स्थिति, किए जा रहे सुधार और पुराने कचरे की तस्वीरें अपलोड कराएंगे और रिपोर्ट देंगे। सालों से जमा पुराने कचरे के निपटारे की समयसीमा नहीं बढ़ेगी। जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस एसवीएन की बेंच ने कचरा प्रबंधन नियमों की निगरानी के लिए सुप्रीम कोर्ट की कमेटी बनाई है। इसमें केंद्र के पांच मंत्रालयों के सचिव शामिल होंगे, जबकि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव संयोजक होंगे। यह देशभर में नियमों के पालन की निगरानी करेगी, निर्देश देगी और अनुपालन समीक्षा करेगी।

■ कचरे की अवैध डंपिंग-ट्रांसपोर्ट पर कार्रवाई होगी
■ हर जिले की वेबसाइट पर कलेक्टर देंगे रिपोर्ट

## कम हाजिरी वाले कानून के छात्रों को परीक्षा देने वाले फैसले पर रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है, जिसके तहत कम हाजिरी वाले कानून के छात्रों को परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई थी।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह आदेश बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) की उस याचिका पर नोटिस जारी करते हुए दिया, जिसमें कानून के छात्रों के लिए जरूरी हाजिरी के दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देशों को चुनौती दी गई थी। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि नोटिस जारी करके 21 जुलाई तक जवाब दें। इस बीच विवादित फैसले के पैराग्राफ 249 का असर और ऑपरेशन रुका रहेगा। यह आगे भी हालांकि लागू रहेगा। पीठ ने स्पष्ट किया कि उसके निर्देश उच्च न्यायालय को उनके सामने लंबित मामलों में हाजिरी की जरूरतों से जुड़े ऐसे ही मामलों पर स्वतंत्र फैसला करने से नहीं रोकेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### दो पाक नागरिकों समेत नौ के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने हरियाणा के सिरसा में महिला पुलिस थाने पर नवम्बर 2025 में हुए ग्रेनेड हमले के सिलसिले में दो पाकिस्तानी नागरिकों समेत नौ आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। आरोप पत्र में नामजद आरोपियों की पहचान पाकिस्तानी नागरिक और हैंडलर शहजाद भट्टी और सोहेल अहमद उर्फ सोहेल बलूच के रूप में हुई है। इसके अलावा गिरफ्तार किए गए भारतीय नागरिकों में धीरज उर्फ धीरू, विकास उर्फ विक्की, संदीप उर्फ दायमा, विकास, सुशील उर्फ सल्लू, मोहम्मद सिजान उर्फ सिजान उर्फ गाजी और गुरजंत सिंह शामिल हैं।

### सीएम सुवेंदु बोले बांग्लादेशियों यहां से जल्दी भागो

**नार्थ 24 परगना/मुर्शिदाबाद।** बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने मंगलवार को बांग्लादेशियों को देश छोड़कर जाने को कहा। वे बोले- राज्य में अवैध तरीके से रह रहे बांग्लादेशियों की पहचान कर उन्हें पुलिस को सौंपा जाए, जिसके बाद बीएसएफ उनकी वापसी में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि जल्दी-जल्दी भागो यहां से, वरना एक्शन लेंगे। हम घुसपैठियों को जेल भेजकर रोटी नहीं खिलाएंगे। वह दामाद नहीं है। उन्हें भगाया जाएगा। उनके (बांग्लादेश के) ऑफिशियल्स भी कह चुके हैं कि जो हमारे लोग होंगे, उन्हें ले लेंगे। इधर, पश्चिम बंगाल के नार्थ 24 परगना में मंगलवार सुबह से ही 100 से ज्यादा विदेशी नागरिक हाकिमपुर चेक पोस्ट पर इकट्ठा हुए हैं।

### जनसंख्या बदलाव पर उच्चस्तरीय समिति का गठन

**नई दिल्ली।** पड़ोसी देशों से घुसपैठ के कारण जनसंख्या में हो रहे बदलाव को बेहद गंभीरता से ले रही सरकार ने सेवानिवृत न्यायाधीश, न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नावलेकर की अध्यक्षता में जनसंख्या में बदलाव पर उच्चस्तरीय समिति का मंगलवार को गठन कर दिया। समिति में जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण के साथ सेवानिवृत आईएएस अधिकारी दुर्गा शंकर मिश्रा, सेवानिवृत आईपीएस बालाजी श्रीवास्तव और अर्थशास्त्री डा. शमिका रवि को समिति का सदस्य बनाया गया है।

# ईरान ने अमेरिकी MQ-9 रीपर ड्रोन को मार गिराया

तेहरान, वार्ता

**ईरान की** आईआरजीसी ने मंगलवार को दावा किया कि उसने फारस की खाड़ी के ऊपर एक अमेरिकी एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को मार गिराया है। ईरान ने इसे अपने हवाई क्षेत्र का उल्लंघन बताते हुए चेतावनी जारी की कि वह अमेरिकी सेना द्वारा युद्धविराम के किसी भी उल्लंघन का करारा जवाब देगा।

ईरानी मीडिया में छपे एक बयान में आईआरजीसी ने कहा कि उसकी वायु रक्षा इकाई ने दुश्मन की हवाई गतिविधि की 'सटीक खुफिया निगरानी' के बाद ड्रोन को मार गिराया। उसने यह भी दावा किया कि एक अमेरिकी आरक्यू-4 सर्विलांस ड्रोन और एक एफ-35 फाइटर जेट पर फायरिंग की, जिससे दोनों वायुयानों को इलाका छोड़ना पड़ा। बयान में यह नहीं बताया गया कि ये घटनाएं कब हुईं। ईरानी दावों पर अमेरिकी सेना की ओर से तुरंत कोई जवाब नहीं आया है। आईआरजीसी ने दोहराया कि ईरान के पास युद्धविराम के किसी भी उल्लंघन के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने का 'सही और निर्णायक' अधिकार है और अपने हवाई क्षेत्र में घुसपैठ के खिलाफ चेतावनी जारी की। यह बयान अमेरिकी सेना के उस बयान के कुछ घंटों बाद आया, जिसमें उसने कहा था कि उसने होर्मुज स्ट्रेट के पास ईरानी मिसाइल लॉन्च स्थलों और नावों पर 'आत्मरक्षा में बचाव' किए हैं।



अमेरिकी सेना द्वारा युद्धविराम के किसी भी उल्लंघन का करारा जवाब देंगे: आईआरजीसी

अमेरिका का होर्मुज के पास ईरानी बोट्स पर हमला, मिसाइल साइट को भी निशाना बनाया

## समुद्री रास्तों की आजादी जरूरी: ऑस्ट्रेलिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक खत्म हो गई है। इसमें ऑस्ट्रेलिया ने होर्मुज का मुद्दा उठाया। विदेश मंत्री पेनी वोंग ने कहा कि ईरान की तरफ से होर्मुज स्ट्रेट बंद किए जाने का असर अब तेल और ऊर्जा सप्लाई पर दिखने लगा है।

क्वाड देशों का कहना है कि समुद्री रास्ते खुले रहना जरूरी हैं और वहां से गुजरने वाले जहाजों पर किसी तरह का टोल या रोक नहीं लगनी चाहिए। इस बैठक में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री शामिल हुए। अमेरिका की ओर से मार्को रुबियो, जापान से तोशिमित्सु मोतेगी और ऑस्ट्रेलिया की तरफ से पेनी वोंग मौजूद रहे। विदेश मंत्री जयशंकर ने आतंकवाद के मुद्दे पर कहा कि इसके खिलाफ जीरो टॉलरेंस होना चाहिए। जिन देशों पर आतंकी हमले होते हैं, उन्हें अपनी सुरक्षा का अधिकार है।



■ दिल्ली क्वाड बैठक में ऑस्ट्रेलिया ने होर्मुज स्ट्रेट का मुद्दा उठाया
■ जयशंकर बोले- 3 बड़े फैसलों पर सहमति बनी

### भारत-अमेरिका ने खनन व प्रसंस्करण के लिए समझौते पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका ने महत्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ मृदा तत्वों के खनन तथा प्रसंस्करण की आपूर्ति को सुरक्षित करने संबंधी भारत-अमेरिका द्विपक्षीय रूपरेखा पर मंगलवार को यहां हस्ताक्षर किए। क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने यहां आए अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने क्वाड बैठक से इतर इस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एस. जयशंकर ने बाद में कहा कि दोनों देशों ने इस महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं और इस विषय पर क्वाड सदस्य देशों के साथ भी बैठक में चर्चा हुई थी। उन्होंने इसे बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह समझौता सही समय पर किया गया है और बेहद प्रासंगिक है।

# CNG ₹2 तक महंगी

## मई में चार बार में छह रुपये की हुई बढ़ोतरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के शहरों में मंगलवार को सीएनजी दो रुपये प्रति किलोग्राम महंगी हो गई। दिल्ली और आसपास के शहरों में सीएनजी की आपूर्ति करने वाली सिटी गैस वितरण कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के अनुसार, दिल्ली में अब एक किलोग्राम सीएनजी की कीमत 83.09 रुपये हो गई है।

पहले इसकी कीमत 81.09 रुपये प्रति किलोग्राम थी। दूसरे शहरों में भी सीएनजी के दाम में दो रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि की गई है। सीएनजी की कीमतों में इस महीने यह चौथी बढ़ोतरी है। इससे पहले 15 मई को इसके दाम दो रुपये और 17 मई तथा 23 मई को एक-एक रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ाए गए थे। इस प्रकार चार बार में इसके दाम छह रुपये बढ़ गए हैं। दिल्ली से सटे नोएडा और गाजियाबाद में एक किलोग्राम सीएनजी मंगलवार से 91.70 रुपये हो गई है। गुरुग्राम में इसकी कीमत अब 88.12 रुपये हो गई है। अब मुजफ्फरनगर, मेरठ और शामली में सीएनजी 91.58 रुपये प्रति किंग्रा, रेवाड़ी में 87.70 रुपये, करनाल में 87.43, कैथल में 88.43 रुपये तथा कानपुर, हमीरपुर और फतेहपुर में 94.42 रुपये प्रति किंग्रा के भाव मिलेगी। अजमेर, पाली और राजसमंद में अब सीएनजी की कीमत 92.44 रुपये, मोहाबा, बांदा और चित्रकूट में 89.42 रुपये, हापुड़ में 92.70 रुपये तथा गौतमबुद्ध नगर में 91.70 रुपये और ग्रेटर नोएडा में 91.70 रुपये प्रति किलोग्राम होगी। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया संकट के बीच आपूर्ति बाधित होने से घरेलू बाजार में पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की खुदरा कीमतों में लगातार वृद्धि की जा रही है। गत 15 मई से अब तक पेट्रोल की कीमत 7.35 रुपये और डीजल की 7.53 रुपये प्रति लीटर बढ़ाई गई है।




■ दिल्ली में 83.09 रुपये किग्रा मिलेगी

## अन्नाद्रमुक के एक और बागी विधायक ने दिया इस्तीफा

**चेन्नई।** तमिलनाडु में अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) को गहरा झटका देते हुए पार्टी के एक और बागी विधायक इसाकी सुबैया ने मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष को अपना इस्तीफा सौंप दिया है।

जिससे पिछले दो दिनों में पार्टी छोड़ने वाले बागी विधायकों की संख्या चार हो गई है।राज्य के अंबासमुद्रम के अन्नाद्रमुक विधायक सुबैया पहले मंत्री भी रह चुके हैं और उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष जेसीडी प्रभाकर से उनके कक्ष में अपना इस्तीफा सौंप दिया।

■ इसाकी सुबैया ने विधानसभा अध्यक्ष को इस्तीफा सौंपा

## बिरला ऐतिहासिक कार्यवाहियों के 89 संकलनों का करेंगे लोकार्पण

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 28 मई को दिल्ली विधानसभा की त्रैमासिक पत्रिका 'विधान-चेतना' के प्रथम अंक तथा केंद्रीय विधान सभा (1924-1930) की कार्यवाहियों के 89 खंडों में प्रकाशित ऐतिहासिक संकलन का लोकार्पण करेंगे।

# यूपी में आंधी-तूफान से छह लोगों की मौत

## बांदा में पारा लगातार 8वें दिन 47 डिग्री के पार, मानसून केरलम से 35 किमी दूर अटका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश के उत्तर-पश्चिम में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर में दिल्ली- हिमाचल, यूपी, दक्षिण-पश्चिम में ओडिशा और तेलंगाना भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं। पश्चिम में गुजरात, महाराष्ट्र और सेंट्रल इंडिया में मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र के एमपी से लगा हिस्सा और छत्तीसगढ़ में गर्मी का सबसे खतरनाक दौर चल रहा है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को यूपी के बांदा और विदर्भ का ब्रह्मपुरी में सबसे ज्यादा गर्म रहे।

यहां लगातार 8वें दिन 47 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा तापमान दर्ज किया गया। छतरपुर का खजुराहो 47.2 डिग्री के साथ तीसरे नंबर पर और नौगांव 46.8 डिग्री के साथ चौथा सबसे गर्म शहर रहा। यूपी के गोंडा, लखीमपुर, बस्ती, शाहजहांपुर और सीतापुर में गर्मी के बीच सोमवार रात आंधी-तूफान चला। इससे जुड़े हादसों में बच्चे समेत 6 की मौत हो गई है। बात मानसून की करें, तो यह पिछले तीन दिन से केरलम के तट से 30-35 किमी दूर अटका है। प्री-मानसून के चलते केरलम के तटीय इलाके, तमिलनाडु और कर्नाटक में बारिश हो रही है।



### उत्तर-पश्चिम, मध्य, पूर्वी राज्यों में कई दिन तक भीषण गर्मी व लू की चेतावनी

**नई दिल्ली।** मौसम विज्ञान विभाग ने देश के उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी क्षेत्र के बड़े हिस्सों में अगले कई दिनों तक भीषण से अति भीषण गर्मी और लू की स्थिति बने रहने की चेतावनी दी है। विभाग की ओर से मंगलवार सुबह जारी पूर्वानुमानों के अनुसार अगले कुछ दिनों तक पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, ओडिशा और तेलंगाना सहित कई राज्यों में तापमान सामान्य से काफी ऊपर बना रहेगा। विभाग के ताजा मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार पंजाब, हरियाणा- चंडीगढ़-दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश और विदर्भ में 26 से 29 मई के बीच गर्मी और लू की गंभीर स्थिति बनी रहने के आसार हैं।

## DRDO परिसर से चोर 50 लाख का सोना व नकदी चुराकर फरार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के तिमारपुर इलाके स्थित रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) परिसर में चोरी की घटना सामने आई है, जहां चोरों ने कथित तौर पर एक वैज्ञानिक के आवास का ताला तोड़कर करीब 45 से 50 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण, विदेशी मुद्रा और नकदी पर हाथ साफ कर दिया।

यह घटना डीआरडीओ परिसर स्थित राम नारायण साइंटिस्ट हॉस्टल में हुई। तिमारपुर थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार चोरों ने घर के तीन ताले तोड़े और बाद में स्टील की अलमारी को क्षतिग्रस्त कर उसमें रखे कीमती सामान लेकर फरार हो गए। शिकायतकर्ता सीमा गौतम ने बताया कि वह अपनी बेटी और पति से मिलने चंडीगढ़ गई थीं, जहां उनके पति वर्तमान में तैनात हैं। उनकी अनुपस्थिति में पड़ोसियों ने घर के टूटे हुए ताले देखे और उन्हें घटना की सूचना दी। पुलिस में दर्ज की गई शिकायत के अनुसार चोर पीछे की ओर के ताले तोड़कर घर में घुसे और करीब 280 ग्राम सोने के आभूषण तथा लगभग 300 ग्राम चांदी के जेवर चोरी कर ले गए।

■ चोरों ने वैज्ञानिक के आवास को बनाया निशाना

## संक्षिप्त समाचार

### एंटी-डंपिंग ड्यूटी से 28,540 करोड़ की विदेशी मुद्रा बचाना संभव

**नई दिल्ली।** भारत एंटी-डंपिंग शुल्क लगाकर हर साल करीब 28,540 करोड़ रुपये के बराबर विदेशी मुद्रा बचा सकता है। सेंटर फॉर डोमेस्टिक इकोनॉमी पॉलिसी रिसर्च (सी-डीईपी) और केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय के सेंटर फॉर डब्ल्यूटीओ स्टडीज की मंगलवार को जारी एक साझा रिपोर्ट में यह बात कही गई है। इसमें दावा किया गया है कि ऐसा करने से घरेलू उद्योगों में 70,000 करोड़ रुपये तक अतिरिक्त निवेश का रास्ता खुल सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक लंबे समय तक सस्ते आयात से घरेलू उद्योगों और छोटे एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) पर दबाव बढ़ा है। यदि समय रहते एंटी-डंपिंग उपाय लागू किए जाते हैं, तो घरेलू उत्पादन क्षमता मजबूत होगी और स्थानीय उद्योगों को सहारा मिल सकता है। एंटी-डंपिंग ड्यूटी उन मामलों में लगाई जाती है, जब विदेशी कंपनियां किसी उत्पाद को अपने घरेलू बाजार की तुलना में कम कीमत पर दूसरे देशों में बेचती हैं। सरकार इसका इस्तेमाल घरेलू उद्योगों को अनुचित प्रतिस्पर्धा से बचाने के लिए करती है।

### मादक पदार्थ तस्कर की करीब सवा करोड़ की अचल संपत्ति कुर्क

**जम्मू।** जम्मू- कश्मीर पुलिस ने मंगलवार को कठुआ जिले में एक मादक पदार्थ तस्कर की करीब सवा करोड़ रुपये की अचल संपत्ति कुर्क कर ली। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कठुआ जिले की हीरानगर तहसील के चप्पर निवासी सुदेश मेहता नाम के एक मादक पदार्थ तस्कर की अचल संपत्ति (दुकानें और ढाबे), को मादक पदार्थों के संबंधित एक अधिनियम के प्रावधानों के तहत कुर्क किया गया है।

# जनता का पैसा जनहित में ही लगेगा: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास पर खर्च होने वाला पैसा जनता का है। मुख्यमंत्री या मंत्री इसे नहीं दे रहे, केवल उसका उचित नियोजन कर रहे हैं। जनता का पैसा जनहित में ही खर्च होगा। यही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन और प्रेरणा है।

मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में लखनऊ नगर निगम में महापौर के तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 413 करोड़ रुपये की 342 परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। साथ ही 'स्वच्छ-सुंदर-समर्थ लखनऊ' पुस्तिका का विमोचन किया। इस दौरान एक लघु फिल्म भी दिखाई गई। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता का आभार जताते हुए कहा कि पहली बार सभी 17 नगर निगमों में मेयर की सीटें भाजपा की झोली में गईं। सभी नगर निगमों में भाजपा का बोर्ड बना। इसका परिणाम है कि तीन वर्ष में नगर निगम ने विकास और स्वच्छता के नए प्रतिमान स्थापित



■ पिछली सरकारों के गड्ढे भरने में लगा समय

किए। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के पापों के गड्ढों को भरने और भ्रष्टाचार के कूड़े को साफ करने में समय लगा। सीएम ने सभी 17 नगर निगमों के महापौर, 200 नगर पालिका परिषद, 545 नगर पंचायतों के चेयरमैन और लगभग 14 हजार पार्षदों को तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां 30 वर्षों से कूड़ा डंप होता था, वहां अब राष्ट्र प्रेरणा स्थल बन गया है। यहां डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं।

### स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ सीधे आम आदमी तक पहुंचे: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा विभागों की समीक्षा में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का असर सीधे आम आदमी को दिखना चाहिए। उन्होंने सरकारी अस्पतालों में इलाज, जांच, दवाओं और आपात सेवाओं की गुणवत्ता लगातार बेहतर करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों, नर्सिंग संस्थानों और सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं को आधुनिक तकनीक, बेहतर मानव संसाधन और प्रभावी प्रबंधन से सशक्त बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों का सबसे बड़ा सहारा बन रही है। उन्होंने क्लेम दावों का तय समय में निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। बताया गया कि प्रदेश में 6480 अस्पताल योजना से जुड़े हैं और अब तक 96.75 लाख से अधिक नि:शुल्क उपचार हो चुके हैं।

# यूपी में 28 से आंधी व बारिश के आसार

लखनऊ, वार्ता

प्रचंड गर्मी और लू के थपेड़ों का सामना कर रहे उत्तर प्रदेश के लोगों को 28 मई से राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने 26 और 27 मई के लिए कई जिलों में रेड वार्निंग जारी की है। हालांकि 28 मई से मौसम करवट लेगा और तेज आंधी, बारिश तथा गरज-चमक के चलते तापमान में छह से आठ डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने की संभावना जताई गई है। इसके बाद 29 मई से प्रदेशवासियों को भीषण गर्मी और लू से राहत मिलने के आसार हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के अनुसार वर्तमान में प्रदेश में कोई सक्रिय मौसम तंत्र नहीं है। पश्चिमी और दक्षिणी उत्तर प्रदेश में गर्म एवं शुष्क पछुआ हवाओं के कारण तापमान लगातार बढ़ रहा है। अगले 48 घंटों तक दिन में भीषण लू और रात में भी गर्मी बनी



■ 60 से 70 किमी की स्पीड से चलेंगी हवाएं

रहेगी। 26 और 27 मई को बांदा, आगरा, जालौन, हमीरपुर, महोबा और झांसी में भीषण लू चलने की संभावना जताई गई है। वहीं मथुरा, हाथरस और फिरोजाबाद भी गंभीर गर्मी की चपेट में रहेंगे। कानपुर नगर, कानपुर देहात, प्रयागराज, मेरठ, अलीगढ़, इटावा, औरैया समेत कई जिलों में भी लू का प्रभाव बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार 28 मई से पश्चिमी विक्षोभ और पुरवा हवाओं के असर से प्रदेश में मौसम बदलना शुरू होगा। कई जिलों में तेज आंधी, गरज-चमक और बारिश की संभावना है। कुछ इलाकों में ओलावृष्टि भी हो सकती है। 28 और 29 मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं, जिनके झोंके 80 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकते हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी 50 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। 29 और 30 मई को रायबरेली, लखनऊ, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर और आसपास के जिलों में मेघगर्जन, वज्रपात और तेज आंधी का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर में धूप से बचने, पर्याप्त पानी और तरल पदार्थ लेने, हल्के सूती कपड़े पहनने तथा जरूरत न होने पर घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है।

# कच्चे तेल की कीमतों में कमी के बावजूद नहीं मिल रही राहत

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार बढ़ोत्तरी को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में कमी आने के बावजूद वह जनता को राहत नहीं दे रही है, बल्कि अपना खजाना भरने में मशगूल है।

खड़गे ने मंगलवार को आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 26 मई 2014 को जब नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद संभाला था, उस समय भारतीय बास्केट का कच्चा तेल 108.05 डॉलर प्रति बैरल था और डॉलर-रुपया विनिमय दर 58.59 रुपये थी। तब पेट्रोल 71.51 रुपये और डीजल 56.71 रुपये प्रति लीटर मिल रहा था। उन्होंने कहा कि आज कच्चे तेल की कीमत 99 डॉलर प्रति बैरल से कम है,



■ कांग्रेस अध्यक्ष ने केंद्र सरकार पर बोला हमला

लेकिन पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़कर क्रमश: 102.12 रुपये और 95.20 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं।

खड़गे ने कहा कि इस दौरान पेट्रोल करीब 42.8 प्रतिशत और डीजल करीब 67.9 प्रतिशत महंगा हो चुका है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों का असर केवल ईंधन तक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवहन, खाद्य वस्तुओं और रोजमर्रा की जरूरतों पर भी पड़ता है, जिससे आम आदमी पर महंगाई का बोझ बढ़ता है।

## पीक डिमांड 31,804 मेगावाट पहुंची, यूपीपीसीएल नहीं खरीद पाया बिजली

# यूपी में बिजली संकट गहराया, लोग दुखी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** भीषण गर्मी के बीच उत्तर प्रदेश में मांग और आपूर्ति के बीच बढ़ती खाई के चलते बिजली संकट गहरा गया है। पीक आवर में मांग पूरी करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज पर बिजली खरीद के लिए उपलब्ध ही नहीं है।

यूपीपीसीएल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राज्य बिजली निगम हर दिन शाम के पीक आवर में मांग-आपूर्ति का अंतर पाटने के लिए एक्सचेंज पर बोली लगा रहा है। लेकिन हाल के दिनों में एक यूनिट भी नहीं खरीद पाया है, क्योंकि बाजार में सरप्लस बिजली उपलब्ध ही नहीं है। अधिकारी ने कहा कि यूपीपीसीएल पारंपरिक रूप से



■ यूपीपीसीएल पारंपरिक रूप से गर्मियों में पीक डिमांड को मैनेज करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज पर निर्भर रहा है

गर्मियों में पीक डिमांड को मैनेज करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज पर निर्भर रहा है। लेकिन इस साल सभी राज्यों में एक साथ असाधारण रूप से अधिक मांग के कारण शॉर्ट-टर्म खरीद का यह जरिया बेअसर हो गया है। रविवार रात प्रदेश की बिजली मांग इस सीजन के सबसे ऊंचे स्तर 31,804 मेगावाट पर पहुंच गई। यह न केवल उप्र बल्कि देश में भी सबसे अधिक मांग में से एक है। तापमान अधिक रहने से आने वाले दिनों में मांग और बढ़ने की उम्मीद है। अधिकारियों ने बताया कि दिन के समय सौर ऊर्जा से कुछ राहत मिल जाती है और आपूर्ति-मांग का अंतर कम हो जाता है। लेकिन बड़ी चुनौती रात में आती है, जब सौर बिजली उपलब्ध नहीं होती और मांग और बढ़ जाती है।

सूत्रों के अनुसार एक्सचेंज पर जो भी सीमित बिजली उपलब्ध हो रही है, वह सीलिग रेट 10 रुपये प्रति यूनिट पर बिक रही है। इससे मांग के भारी दबाव का पता चलता है। हर राज्य को अभी बिजली चाहिए, इसलिए एक्सचेंज पर बेचने के लिए किसी के पास सरप्लस नहीं है।

### सीएम ने दिया था बिजली खरीदने का आदोश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि जितनी जरूरत हो उतनी बिजली खरीदी जाए। उन्होंने कहा कि आपूर्ति सुनिश्चित करने में वित्तीय बाधा नहीं आनी चाहिए। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि अब चुनौती पैसे की नहीं, उपलब्धता की है। उन्होंने कहा कि कई राज्यों के साथ बैंकिंग सिस्टम के तहत द्विपक्षीय व्यवस्था एक बड़ा सहारा बनी है। इसके तहत राज्य एक-दूसरे को बिजली देते हैं और बाद में हिंसाब बराबर करते हैं। पीक डेफिसट 2,000 मेगावाट से अधिक होने के बावजूद अधिकारियों का दावा है कि कोई अतिरिक्त लोड शेडिग नहीं की जा रही है। लोड के पुनर्वितरण से आपूर्ति प्रबंधित की जा रही है। यूपीपीसीएल के एमडी नितीश कुमार ने कहा कि यह सच है कि एक्सचेंज पर खरीद के लिए बिजली उपलब्ध नहीं है, क्योंकि इस साल पूरा देश ऐतिहासिक मांग का सामना कर रहा है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 76009.70
निफ्टी 23913.70

सोना 158000 प्रति 10 ग्राम
चांदी 266000 प्रति किलो

# प्रमुख सूचकांकों में गिरावट, बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों के शेयर टूटे

मुंबई, वार्ता

अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य तनाव बढ़ने से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांकों में गिरावट देखी गई और बैंकिंग तथा वित्तीय कंपनियों के शेयरों में बिकवाली हावी रही। बीएसई का सेंसेक्स 479.26 अंक (0.63 प्रतिशत) टूटकर 76,009.70 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 सूचकांक भी 118 अंक यानी 0.49 प्रतिशत नीचे 23,913.70 अंक पर आ गया।

सुबह गिरावट में खुलने के बाद कुछ देर के लिए दोनों प्रमुख सूचकांक हरे निशान में गए थे, लेकिन दोपहर बाद बिकवाली होने से फिर लाल निशान में चले गए। अमेरिका ने सोमवार रात ईरान पर फिर हमले किए हैं। इससे बाजार में निवेश धारणा कमजोर हुई है। रुपये में 50 पैसे से ज्यादा की गिरावट ने भी बाजार पर दबाव बनाया। भारतीय मुद्रा फिलहाल 51 पैसे टूटकर 95.77 रुपये प्रति डॉलर पर है। वृहत बाजार में मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांकों



में बढ़त बरकरार रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.51 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.35 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। बैंकिंग, वित्त, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रियलटी सेक्टरों में गिरावट रही, जबकि धातु और रसायन सेक्टरों के सूचकांकों में तेजी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल का शेयर डेढ़ फीसदी गिर गया। ट्रेंट, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, टाइटन, एचडीएफसी बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर एक प्रतिशत से ज्यादा टूटे। आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बीईएल और इंडिगो के शेयर भी लाल निशान में रहे।

### सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** मंगलवार को सोने-चांदी के दाम में गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 1 किलो चांदी की कीमत 4,750 रुपए कम होकर 2.66 लाख रुपए पर आ गई है। 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,135 रुपए गिरकर 1.58 लाख रुपए हो गया है। सोने में इस साल की शुरुआत में तेजी दिखी थी, लेकिन पिछले कुछ हफ्तों में मुनाफावसूली और वैश्विक कारणों से इसमें गिरावट आई है। चांदी में सोने के मुकाबले ज्यादा उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। यह अपने ऑलटाइम हाई से काफी नीचे आई है। आमतौर पर जंग के माहौल में सोने-चांदी के दाम बढ़ते हैं, लेकिन इस बार स्थिति थोड़ी अलग है। मिडिल ईस्ट जंग के कारण निवेशक जोखिम नहीं लेना चाह रहे हैं। वे अपने सोना और चांदी को बेचकर कैश इकट्ठा कर रहे हैं, ताकि अनिश्चितता के समय उनके पास लिक्विड मनी रहे।

# चावल, गेहूं, दालों व चीनी में नरमी

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में उठाव कम रहने से मंगलवार को अधिकतर उत्पादों के भाव टूट गए। चावल, गेहूं, दालों और चीन में नरमी रही। अधिकतर खाद्य तेलों में भी गिरावट रही। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 17 रुपये घटकर 3,855 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं छह रुपये टूटकर 2,781 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी तीन रुपये सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में तुअर दाल औसतन 17 रुपये और उड़द दाल चार रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। चना दाल, मूंग दाल और मसूर दाल के भाव कमोबेश गत दिवस के स्तर पर ही रहे। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा 24 रिंगिट चढ़कर 4,497 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.32 प्रतिशत टूटकर 73.74 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की औसत कीमत 34 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। अन्य खाद्य तेलों में नरमी रही। वनस्पति 28 रुपये



और सूरजमुखी तेल 27 रुपये फिसल गया। सोया तेल 21 रुपये और पाम ऑयल 11 रुपये सस्ता हुआ। मूंगफली तेल में भी छह रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव सात रुपये प्रति क्विंटल घट गया। चीनी भी सात रुपये सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7694.28 रुपये, मसूर काली 8127.32 रुपये, मूंग दाल 10162.17 रुपये, उड़द दाल 10842.88 रुपये, तुअर दाल 11244.50 रुपये प्रति क्विटंल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2781.03 रुपये और चावल 3855.32 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3257.14 रुपये प्रति क्विटंल रहा। चीनी.गुड़: चीनी एस 4327.85 रुपये और गुड़ 5036.42 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# यूपी में फर्जी एनकाउंटर कराती है बीजेपी सरकार

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में बीजेपी के बुलडोजर एक्शन से लेकर फर्जी एनकाउंटर तक के मुद्दों पर अपनी बात रखी। अखिलेश ने कहा कि इस सरकार में न्याय मिलना मुश्किल है। यूपी में बुलडोजर जाति देखकर चलता है, बीजेपी सरकार फर्जी एनकाउंटर कराती है।

इस दौरान अखिलेश ने हाथरस की बेटी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उसके साथ 2020 में जो हुआ, उसी तरह का लगभग 2026 में भी देखने को मिल रहा है। आंकड़े बताते हैं कि सरकार हर चीज को छिपाना भी चाहती है और अपने संसाधनों की ताकत से वो जनता तक अपनी सच्चाई भी नहीं पहुंचने देना चाहती है। सपा मुखिया अखिलेश ने कहा कि फेक एनकाउंटर को लेकर कोई पहली बार बात नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि कल भी जो देखने को मिला, परिवार के लोग कहते हैं और जो खबरें आ रही है, उनसे लगता है कि फेक एनकाउंटर करने की साजिश यह सरकार लगातार करती रहती है। यूपी में मर्जी के हिसाब से फर्जी एनकाउंटर हो रहा है, यहां एनकाउंटर वर्चस्व की धाक जमाने के लिए किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि एक एनकाउंटर को सामान्य रूप से मुठभेड़ कहते हैं। हिंसक और



■ जाति देखकर चलता है बुलडोजर: अखिलेश यादव

आपराधिक गतिविधियों के लिए तब तक कोई जगह नहीं, जब तक कोई अपने स्वार्थ के लिए इसका दुरुपयोग ना करे। फर्जी एनकाउंटर के माध्यम से मेंटल सॉफ्टवेयर को सेट किया जाता है, लेकिन अपडेट या अपग्रेड नहीं किया जाता। एनकाउंटर से मानस में हिंसा को भरा जाता है, हत्या को जायज ठहराया जाता है और जेंडर के जमाने की उस रूढ़िवादी मानसिकता को वापस लाया जाता है ,जो कहती है कि शक्ति ही अधिकार है। अखिलेश ने कहा कि फर्जी एनकाउंटर लोकतांत्रितक व्यवस्था के विरुद्ध एक बहुत बड़ा षड्यंत्र है। फर्जी एनकाउंटर संविधाान में दिए गए न्याय के राज और सामाजिक न्याय के राज को सिरे से नकारता है. सरकार में लोग अपनी ताकत का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। फर्जी एनकाउंटर करने वाले सरकार नहीं, गुनहगार हैं। जिस एनकाउंटर के पीछे मर्जी चले, समझो वो फर्जी है, यूपी में मर्जी के हिसाब से एनकाउंटर हो रहा है।

### एनआईए ने पश्चिम बंगाल के मालदा जिले से 14 लोगों को किया गिरफ्तार

**कोलकाता।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में लगे न्यायिक अधिकारियों को कथित तौर पर बंधक बनाने, हिंसक विरोध प्रदर्शन और रास्ता जाम करने के मामले में पश्चिम बंगाल के मालदा जिले से 14 और लोगों को गिरफ्तार किया है। यह मामला एक अप्रैल को मालदा के कालियाचक-द्वितीय ब्लॉक के मोथाबारी में हुई घटना से जुड़ा है। वहां मतदाता सूची से नाम हटाए जाने का विरोध कर रही एक उग्र भीड़ ने तीन महिला अधिकारियों सहित सात न्यायिक अधिकारियों को कई घंटों तक कथित तौर पर बंधक बना लिया था। एनआईए की टीमों ने सोमवार देर रात मालदा के कालियाचक और मोथाबारी में कई ठिकानों पर छापेमारी कर ए गिरफ्तारियां कीं। इन गिरफ्तारियों के बाद इस घटना के सिलसिले में पकड़े गए लोगों की कुल संख्या बढ़कर 68 हो गई है। उल्लेखनीय है कि अप्रैल में जब ए न्यायिक अधिकारी मतदाता सूची के सत्यापन कार्य की निगरानी के लिए तैनात थे, तब सैकड़ों निवासी ब्लॉक विकास कार्यालय (बीडीओ) के बाहर जमा हो गए।

# किसानों की आत्महत्याएं नहीं रुकेंगी

## कीटनाशक पर प्रतिबंध लगाने की मांग पर बोली क्रॉपलाइफ इंडिया कंपनी

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्र सरकार के तेलंगाना में प्रतिबंध और जहर से होने वाली मौतों पर चिंता के बाद फसल सुरक्षा उत्पादों 'पैराक्वाट डाइक्लोराइड' और 'कार्बोसल्फान' की बिक्री की समीक्षा किए जाने के बीच, क्रॉपलाइफ इंडिया ने आग्रह किया है कि कोई भी निर्णय किसानों की आत्महत्या के वास्तविक कारणों की स्पष्ट समझ और गंभीर तनाव से जूझ रहे किसानों पर इस प्रतिबंध के पड़ने वाले व्यावहारिक असर को ध्यान में रखकर ही लिया जाना चाहिए।

संगठन का कहना है कि किसी उत्पाद पर प्रतिबंध लगाने से साधन तो हट जाता है, लेकिन समस्या का मूल कारण खत्म नहीं होता। वास्तव में, किसी उत्पाद को प्रतिबंधित करने से वह संकट और गहरा सकता है, जो किसी किसान को अपनी जान लेने के लिए मजबूर करता है। वैज्ञानिक अध्ययनों और साक्ष्यों से यह स्पष्ट है कि किसानों की आत्महत्या के पीछे कर्ज, फसल की बर्बादी, वैकल्पिक आजीविका का अभाव और फसल खराब होने पर ऋण चुकाने में असमर्थता जैसे

■ पैराक्वाट डाइक्लोराइड व कार्बोसल्फान की समीक्षा हो

निरंतर बने रहने वाले मुख्य कारण हैं। उदाहरण के लिए, 'इंडियन जर्नल ऑफ कम्युनिटी मेडिसिन' में प्रकाशित वर्ष 2024 के एक गुणात्मक अध्ययन के निष्कर्ष बताते हैं कि तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में किसानों की आत्महत्या के मुख्य कारण मानसिक स्वास्थ्य के बजाय आर्थिक हैं, जिसमें कर्ज और उसके कारण पैदा हुआ ऋण-जाल सबसे प्रमुख कारक है। इसी तरह 'इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एनवायरनमेंट एंड डेवलपमेंट' के एक अन्य अध्ययन के अनुसार किसानों की आत्महत्या का सीधा संबंध वर्षा की स्थिति से है। पांच अत्यधिक प्रभावित राज्यों के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि वर्षा में पांच प्रतिशत के बदलाव पर जहां प्रतिवर्ष औसतन 810 किसानों की आत्महत्या के मामले दर्ज किए गए, वहीं वर्षा में 25 प्रतिशत की कमी होने पर यह संख्या बढ़कर 1,188 तक पहुंचने का अनुमान है। इसी अध्ययन में पाया गया कि जिन क्षेत्रों में गारंटीकृत रोजगार और सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध थी, वहां फसल खराब होने के बाद भी आत्महत्या के मामलों में कमी देखी गई। इन साक्ष्यों से साफ है कि आत्महत्या एक गहरे संकट का लक्षण है, और महत्वपूर्ण फसल सुरक्षा उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने से यह संकट और बढ़ सकता है। क्रॉपलाइफ इंडिया ने सभी हितधारकों और उद्योग जगत से आग्रह किया है कि वे सरकार द्वारा आय सहायता, फसल बीमा, संस्थागत ऋण और ग्रामीण रोजगार गारंटी के माध्यम से तैयार किए गए सुरक्षा चक्र को और मजबूत करें ताकि किसानों को इस संकट से उबारा जा सके। खरीफ बुवाई के सीजन की शुरुआत को देखते हुए यह मामला बेहद संवेदनशील और जरूरी हो जाता है। क्रॉपलाइफ इंडिया ने सरकार से खेतों की व्यावहारिक आवश्यकताओं पर विचार करने का अनुरोध किया है, क्योंकि किसान इस साल के लिए अपनी लागत की योजना और प्रतिबद्धता पहले ही तय कर चुके हैं। सीजन के बीच में किफायती और स्थापित खरपतवार एवं कीट नियंत्रण विकल्पों को अचानक रोकने से किसानों की लागत बढ़ेगी ।

# पहले कैफ, अब फैजान... दो दोस्तों की मौत से पसरा मातम

## दोस्ती की मिसाल बने फैजान व कैफ, एक साथ दुनिया से हुए अलविदा, छह दिन बाद शव गंगा से बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात**। ऋषिकेश में गंगा नदी में डूबे दूसरे युवक मोहम्मद फैजान का शव भी मंगलवार को बरामद हो गया। छह दिन से चल रहे सर्च अभियान के बाद शव मिलने की सूचना पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। दोनों दोस्तों की मौत से पूरे मोहल्ले में मातम पसरा हुआ है। जिसने भी उनकी दोस्ती और हादसे की कहानी सुनी, उसकी आंखें नम हो गईं।

शहर के मोहल्ला शाह फरीद (अटारी वाले) निवासी किसान अली अब्बास का सबसे छोटा बेटा मोहम्मद फैजान इसी वर्ष मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी कर चुका था। वहीं उसका दोस्त मोहम्मद कैफ स्थानीय शिक्षण संस्थान से बीटेक प्रथम सेमेस्टर का छात्र था। बीते गुरुवार को दोनों अपने दोस्तों जीशान और मोहम्मद के साथ उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित जोगी रमपुरा में

**■ ऋषिकेश में सेल्फी लेते समय गंगा में डूब गये थे दोनों दोस्त**

आयोजित उर्स में शामिल होने गए थे। बताया गया कि उर्स में शामिल होने के बाद चारों दोस्त बाइक से ऋषिकेश घूमने निकल गए। शाम करीब सात बजे लक्ष्मण झूला के पास फोटो खींचते समय अचानक मोहम्मद कैफ का पैर फिसल गया और वह गंगा नदी में जा गिरा। दोस्त को डूबता देख मोहम्मद फैजान ने बिना अपनी जान की परवाह किए उसे बचाने के लिए तुरंत गंगा में छलांग लगा दी।



लेकिन गंगा का तेज बहाव दोनों युवकों पर भारी पड़ गया और दोनों देखते ही देखते लहरों में समा गए। हादसा होते ही साथ मौजूद दोस्तों ने शोर मचाया, जिसके बाद स्थानीय गोताखोर और प्रशासनिक टीमें मौके पर पहुंचीं। काफी देर तक तलाश के बावजूद दोनों युवकों का कोई सुराग नहीं लग सका। घटना की सूचना मिलते ही दोनों परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। परिजन रातोंरात ऋषिकेश के लिए रवाना हो गए। एसडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन ने बड़े स्तर पर सर्च अभियान चलाया। रविवार को मोहम्मद कैफ का शव घटना स्थल से करीब सात किलोमीटर दूर बरामद हुआ था। वहीं मंगलवार को घंटों चले सर्च अभियान के बाद मोहम्मद फैजान का शव भी गंगा से बरामद कर लिया गया। फैजान का शव मिलने के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। मोहल्ले में हर आंख नम नजर आई। दोनों दोस्तों की गहरी दोस्ती अब लोगों की जुबान पर एक दर्दभरी दास्तां बन गई है।

### घर से निकला युवक हुआ लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा**। घर से निकला युवक अचानक लापता हो गया। परिजनों ने पुलिस को गुमशुदगी दर्ज कराकर जल्द बरामद करने की गुहार लगायी है। जानकारी के अनुसार ग्राम ढबारसी निवासी गौरव त्यागी पुत्र महेंद्र सिंह त्यागी बीती 26 मार्च 2024 को घर से निकला था, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन और रिश्तेदारों से संपर्क करने के बावजूद युवक का कोई सुराग नहीं लग सका। परेशान परिजनों ने थाना आदमपुर पहुंचकर मामले की सूचना दी, जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# हाइवे पर हादसे में टैक्सी चालक की मौत

### बाइक को बचाने में दीवार से टकराई कार

**जोया**। हाईवे पर बाइक सवार को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर दीवार से टकरा गई। हादसे में टैक्सी चालक की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक अपने पीछे पत्नी समेत तीन छोटे बच्चों को छोड़ गया है। जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के गांव डिडौली निवासी जुनैद व गांव ढकिया चमन निवासी वारिस टैक्सी चालक हैं। सोमवार शाम को दोनों दिल्ली से कार लेकर जोया पहुंचे थे। यहां वारिस ने अपनी कार पार्किंग में खड़ी कर दी थी। इसके बाद वह जुनैद की कार में सवार होकर घर जा रहा था। वारिस का गांव जुनैद के गांव से करीब है तो जुनैद उसे घर छोड़ने जा रहा था। रात लगभग आठ बजे जब कार डिडौली फ्लाईओवर से आगे निकली तो उसके आगे एक बाइक सवार आ गया। जिसे बचाने के चक्कर में कार



अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे स्थित लैंडमार्क कालेज के पास एक दीवार से जा टकराई। हादसे में दोनों गंभीर घायल हो गए। घटनास्थल पहुंची पुलिस व परिजनों ने दोनों को पाकबड़ा के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान मंगलवार सुबह जुनैद की मौत हो गई। जुनैद के परिवार में पत्नी सायबा व तीन बच्चे हैं।

# पिता पुत्र सहित पांच घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। अलग-अलग स्थान पर हुई मारपीट की दो घटनाओं में पिता पुत्र समेत पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर गोसाई निवास नरेंद्र कुमार कश्यप का पुत्र हेमंत कुमार 24 मई को बाजार से सब्जी खरीदने गया था, तभी उसके नंबर पर किसी की कॉल आई कि तुम्हारे पिता की तबीयत खराब है। यह सुनकर हेमंत भाग कर खेत की तरफ गया तो वहां देखा कि गांव निवास अरुण व मोंटी

**■ दो स्थानों पर हुई झगड़े की घटनाएं**

वहां पर खड़े हैं। दोनों ने हेमंत के साथ मारपीट की, उसके दोस्त विकास और कपिल बचाने आए तो उन्हें भी मारा-पीटा। वहीं दूसरा मामला थाना क्षेत्र के गांव अलीनगर में हुआ। गांव निवासी विक्रम सिंह का आरोप है कि उसके साथ रो. हताश, आकाश, विकास व दीवीषेक ने घर में घुसकर मारपीट की। बीच बचाव के लिए उसका पुत्र संचित आया तो उसके साथ भी आरोपियों ने मारपीट की।

### 30 मई की रात आठ बजे तक बंद रहेगा भानपुर फाटक

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। नगर के भानपुर रेलवे फाटक पर मरम्मत कार्य के चलते आज 27 मई से 30 मई तक के बीच फाटक वाहनों के आवागमन के लिये पूरी तरह से बंद रहेगा। सभी वाहन थाना चौराहे से फ्लाईओवर पर होते हुए चौपला मार्ग से निकलेंगे। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर ने बताया है कि आज 27 मई की सुबह सात बजे से 30 मई की शाम आठ बजे तक भानपुर फाटक को मरम्मत कार्य के चलते बंद रखा जाएगा। यहां से गुजरने वाले सभी वाहन थाना चौराहे से फ्लाईओवर पर होते हुए चौपला मार्ग से निकलेंगे। उन्होंने यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के लिए आरपीएफ, जीआरपी के साथ साथ थाना पुलिस और यातायात पुलिस से भी सहयोग की अपील की है।

### अवैध खनन करते दो ट्रैक्टर-ट्राली सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा**। थाना क्षेत्र के गांव सिरसा कला में मंगलवार को अवैध खनन का खेल उस समय बेनकाब हो गया, जब मुखबिर की सूचना पर पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मौके पर छापा मार दिया। दिनदहाड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली से मिट्टी का खनन और परिवहन किया जा रहा था। पुलिस की कार्रवाई से खनन में जुटे लोगों में भगदड़ मच गई। टीम ने मौके से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर सीज कर दिया।बताया जा रहा है कि सिरसा कला क्षेत्र में लंबे समय से अवैध मिट्टी खनन की शिकायतें प्रशासन तक पहुंच रही थीं।

### इंस्पेक्टर पर कार्रवाई की मांग को प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा**। आजाद समाज पार्टी काशीराम ने इंस्पेक्टर पर अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। करवाई की मांग को एसपी कार्यालय पर नारेबाजी की। मंगलवार को आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव को शिकायती पत्र सौंपा। जिसमें आरोप है कि बीते दिन रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर मझरा का एक व्यक्ति लापता हो गया था। जिसकी शिकायत करने एसपी कार्यालय वीरेन्द्र भारती परिजनों के साथ पहुंचा था। इस दौरान यहां तैनात इंस्पेक्टर किरनपाल ने कार्यकर्ता के साथ बदसलूकी करते झूंठे मामले में जेल भेजने को धमकाया। इसी प्रकरण को लेकर आज आजाद समाज पार्टी के नेता एसपी से मिले तथा आरोपी इंस्पेक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। साथ ही लापता व्यक्ति का सुराग लगाने को कहा। शिकायत कर्ताओं में सुविन्द्र कुमार, चमन सिंह, नरेश कुमार, राजू, सोनू कुमार, विशाल आदि शामिल रहे।

### धनौरा को स्मार्ट सिटी बनाने की तैयारी: प्रवीण



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। नगर पालिका परिषद सभागार में मंगलवार को चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल के कार्यकाल के तीन साल पूरे होने पर तीन साल बेमिसाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल और ईओ अभदेश वर्मा ने पिछले तीन वर्षों में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी और आने वाली योजनाओं का भी ऐलान किया। इस मौके पर ईओ अवधेश वर्मा, नगर स्वछता प्रेरक सोनिया अग्रवाल, राजू बादशाह, आलम शेख, दुलीचंद गिहार, गौरव धारीवाल, गुरवचन सिंह, किशन लाल प्रजापति, समीर बाबू, प्रशांत त्यागी, ओमवीर सैनी, अशोक घरौटिया, नौशाद मंसूरी, अफजाल सैफी, भोला अंसारी, जितेश जाटव, सतीश कुमार, नरेंद्र सिंह, प्रत्यक्ष शर्मा और सीमा देवी समेत बड़ी संख्या में सभासद और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी ने नगर में निकाला फ्लैगमार्च

### त्योहार पर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। ईद-उल-अजहा पर्व पर कानून-व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ व पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने सोमवार को भारी पुलिस बल के साथ शहर के प्रमुख बाजारों में पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। टीपी नगर चौराहे से शुरू हुआ पैदल मार्च बिजनौर रोड होते हुए कोतवाली नगर तक पहुंचा। इस दौरान अधिकारियों ने बाजार बटवाल, बाजार कोट, कोट चौराहा, बाजार शपात पोता, घेर मुनाफ, सर्राफा बाजार कटरा, बाजार गुजरी, गंज चौराहा और बसावन गंज समेत कई संवेदनशील इलाकों का निरीक्षण किया। डीएम और एसपी ने बाजारों में मौजूद लोगों व व्यापारियों से बातचीत कर शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारियों को



आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी अभिषेक यादव सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# गर्मी के चलते हीट हो रहे ट्रांसफार्मर, फाल्ट में भी हुई वृद्धि

### बिजली आपूर्ति हो रही प्रभावित



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। भीषण गर्मी और तपती धरती के बीच ट्रांसफार्मर की हीटिंग, केबिल में फाल्ट आदि समस्याओं के कारण मंगलवार को दिन में कई बार बिजली की ट्रिपिंग हुई। विद्युतकर्मियों ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर समस्या को दूर करके आपूर्ति बहाल कराई।

बता दें कि इस समय भीषण गर्मी और धूप पड़ रही है, बिजली की मांग भी बहुत है। ट्रांसफार्मर गर्मी और लोड से हीट हो रहे हैं, तो वहीं केबिल में हीटिंग के चलते फाल्ट और आग लगने जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं। ऐसे में बिजली की कटौती भी हो रही है। मंगलवार को भी कई बार ऐसा हुआ। पालि.

**■ विभाग के अधिकारी लगातार कर रहे मॉनिटरिंग**

का के पास रखे टीएफ में धुआँ उठ कर आग जैसी स्थिति बनी तो वहीं कई स्थानों पर केबिल भी जल गए। इस कारण दिन में कई बार विद्युत कटौती हुयी। लगातार ट्रिपिंग, लोड शेडिंग, लो वोल्टेज और बिजली कटौती के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालाँकि अधिशासी अभियंता नीरज कुमार, एसडीओ चंद्रेश विश्वकर्मा और जेई अनिकेत दुबे विद्युत व्यवस्था की मॉनिटरिंग करते नजर आये। जहाँ से सूचना मिली वहीं पर लाइनमैनों की टीम भेजकर समस्या को दूर कराया गया। इधर बिजलीघर में भी ट्रांसफार्मर को कूलिंग देने के लिए कूलर आदि भी लगवाए गए हैं। बिजली विभाग के अधिकारियों ने इंटरनेट मीडिया के माध्यम से लोगों से आह्वान किया है कि बिजली विभाग के कर्मचारी और अधिकारी गर्मी के इस मौसम में लोगों को बेहतर बिजली आपूर्ति देने के लिए लगातार प्रयासरत हैं, इसीलिए कटौती पे थोड़ा संयम बरतें। विशेषकर शाम को 06 बजे से रात के 11 बजे तक पीकआवर्स के दौरान पानी की मोटर, वाशिंग मशीन, हीटर या अन्य भारी उपकरणों के प्रयोग करने से बचें, एसी का प्रयोग करते समय भी उसका तापमान 24 से 26 डिग्री पर ही सेट रखें। ऐसा करने से ट्रांसफार्मर पर लोड नहीं बढ़ेगा और निर्बाध विद्युतापूर्ति देने में विभाग को सहयोग मिल सकेगा।

# गर्म हवाओं के थपेड़ों और तेज धूप ने किया परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। मंगलवार को भी गर्मी का सितम जारी रहा। यूं तो सुबह से ही सूरज की किरणों से आग निकलने लगी थी लेकिन दोपहर होते होते इतनी तपिश बढ़ गई कि लोगों ने खुद को घरों में कूलर, पंखे और एसी के नीचे ही

**■ मंगलवार को 41 डिग्री से अधिक रहा तापमान**

रखा। कामकाजी लोग विशेषकर दिहाड़ी मजदूरों को कड़ी धूप के बाद भी रोजी रोटी के लिए मेहनत करनी पड़ी। मंगलवार को सुबह के छह बजे से ही सूरज की किरणों में



तपिश होने लगी थी। दोपहर बारह बजते बजते धूप इतनी तेज हो गई कि लोगों को धूप में कुछ देर रहना भी मुश्किल हो गया। कामकाजी लोग सिर पर कैप और गमछा ओढ़कर ही काम पर गए। बाजारों में भी सुबह के 11 बजे के बाद से सन्नाटा पसर गया। शाम के करीब पांच बजे के ही बाद ही दुकानों पर ग्राहक पहुंचे। गजरौला क्षेत्र में मंगलवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस मापा गया। 16 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। पेड़ों के नीचे खड़े होने के बाद ही कुछ ठंडी हवा ली, वरना धूप में तो लू ने बुरा हाल रखा। गर्मी के चलते लोगों ने नारियल पानी, फलों के जूस, कोल्डड्रिंक की खूब बिक्री हुई। जबकि लोगों ने चाय से कुछ दूरी बनाकर रखी। रसीले फलों जैसे तरबूज, खरबूजे, लीची आदि की भी खूब बिक्री हुई।

# कैमरे बंद कर युवती अपने प्रेमी के साथ फरार

### दुपट्टे के सहारे छत से नीचे उतरी प्रेमिका, प्रेमी पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। प्रेमी संग फरार होने के लिए युवती ने ऐसा तरीका अपनाया कि परिजन भी हैरान रह गए। घर में कैमरे बंद करने के बाद युवती दुपट्टे के सहारे छत से नीचे उतरी और नकदी-जेवर लेकर प्रेमी संग फरार हो गई। मामले में पिता की तहरीर पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामला देहात थाना क्षेत्र के ही एक गांव का है। यहां किसान की 21 वर्षीय बेटी दो दिन पूर्व रात घर से चली गई। उसका क्षेत्र के ही एक गांव के रहने वाले एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसकी जानकारी होने पर परिजनों ने उसके घर से निकलने के साथ ही रिश्तेदारी में जाने पर भी रोक लगा रखी थी। इतना ही नहीं

**■ लाखों की नकदी व जेवर भी अपने साथ ले गयी युवती**

भागने के डर में परिजन रात में सोने से पहले दरवाजे पर भी ताला लगा रहे थे लेकिन युवती प्रेमी के साथ जाने का मन बना चुकी थी। पहरेदारी के बीच उसने भागने का जो तरीका अपनाया उसे जानकर लोग भी हैरत में पड़ गए। परिजनों के सोने के बाद दुपट्टे के सहारे वह छत से कूदी और प्रेमी संग फरार हो गई। इससे पहले युवती ने घर में लगे कैमरे बंद कर दिए और ऊपर का दरवाजा भी बंद कर दिया। इतना ही नहीं अल्मारी में रखी नकदी व जेवर भी अपने साथ ले गई। दिन निकलने पर परिजनों ने युवती की तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित पिता ने गांव हाफिजपुर निवासी प्रियांशु और दीपांशु पर बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी थी। थानाध्यक्ष विकास कुमार सहरावत ने बताया कि मामले में आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। युवती को जल्द बरामद कर लिया जाएगा।

# दो लाख रुपये नौ फीसदी ब्याज समेत देने के आदेश

### बीमा क्लेम रोकने पर उपभोक्ता फोरम का फैसला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। ट्रेन हादसे में युवक की मौत के बाद क्लेम खारिज करने वाली बीमा कंपनी को उपभोक्ता आयोग से बड़ा झटका लगा है। आयोग ने आत्महत्या के साक्ष्य न मिलने पर कंपनी को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए बीमा राशि नौ प्रतिशत ब्याज सहित मृतक की पत्नी को अदा करने का आदेश दिया।

मामला शहर कोतवाली क्षेत्र से संबंधित था। स्थानीय निवासी कुलवंत ने एचडीएफसी बैंक से सर्व सुरक्षा बीमा पॉलिसी कराई थी। बीमा 2018 से 2021 तक मान्य था। कुलवंत नियमित रूप से 1153 रुपये प्रीमियम जमा कर रहे थे। पॉलिसी के मुताबिक दुर्घटना में मृत्यु होने पर दो लाख रुपये का बीमा कवर था। आरा. ेप है कि बैंक ने बिना जानकारी के मृतक के पिता को नॉमिनी बना दिया। 27 जुलाई 2018 को कुलवंत की ट्रेन हादसे में मौत हो गई थी लेकिन बीमा कंपनी ने इसे आत्महत्या बताकर क्लेम का दावा खारिज कर दिया। इसके बाद मृतक की पत्नी रानी ने उपभोक्ता आयोग में की शरण लेकर बीमा कंपनी के खिलाफ याचिका दायर की। आयोग के अध्यक्ष रमाशंकर सिंह और सदस्य अंजू रानी दीक्षित ने वाद की सुनवाई के बाद पाया कि आत्महत्या के कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए गए। आयोग ने इसे सेवा में कमी मानते हुए बीमा क्लेम की धनराशि नौ प्रतिशत ब्याज समेत अदा करने का आदेश दिया।

## एक नजर

### ग्राम प्रधानों ने विधायक का किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम प्रधानों को ग्राम प्रधान प्रशासक के रूप में नई और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपे जाने पर हसनपुर विधानसभा क्षेत्र में भारी उत्साह है। इस फैसले से हर्षित होकर विधानसभा 42 हसनपुर के विकास खंड हसनपुर और गंगेश्वरी के तमाम ग्राम प्रधानों ने विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी के कैंप कार्यालय पर पहुंचकर उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर यशपाल प्रधान, पप्पू प्रधान, ओम कुमार सिंह, लोकेश सिंह, तारा. चंद, महेंद्र सिंह, हरिराज सिंह, सुनील, देशराज पाल, नूर मोहम्मद, राजबीर सिंह समेत पीठ खेड़ा, तरौली, कोकापुर, दरियापुर तुगन, जीबपुर मुस्तकम, फरोटा, भीखनपुर सरकी, बंहापुर सरकी, मुबारिजपुर, गूरेठा, खेलिया खालसा और देहरी खादर आदि विभिन्न ग्रामों के ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। विधायक ने सभी का आभार जताते हुए ग्रामीण विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प दोहराया।

### समस्याओं को लेकर भाकियू का हल्लाबोल



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन (शंकर) के जिलाध्यक्ष चौधरी नेमपाल सिंह के नेतृत्व में एक विशाल पंचायत और धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। सैकड़ों किसानों और महिलाओं की उपस्थिति में आयोजित इस सभा में यूनियन ने अनेकों मुद्दे उठाते हुए उनका समाधान करने की मांग की है। पंचायत में किसानों ने सरकार के सामने अपनी बुलंद आवाज रखते हुए कहा कि क्रेडिट कार्ड की सीमा 5 लाख करने और 3% ब्याज दर पुन: लागू करने की माँग की। ष्वन डिस्ट्रिक्ट-वन बैंकष के तहत जिला सहक. ारी बैंक लिमिटेड अमरोहा का गठन किया जाये। गन्ना भुगतान, छुट्टा पशु, बिजली संकट, चकबंदी में भ्रष्टाचार और 200 यूनिट फ्री घरेलू बिजली देने की मांग उठाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम हसनपुर, तहसीलदार और विद्युत विभाग के आला अधिकारी मौके पर पहुँच गये। उन्होंने विद्युत आपूर्ति सुधारने और अन्य समस्याओं पर सकारात्मक कार्यवाही का भरोसा दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपकर धरना समाप्त कर दिया।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरा बेटा मौ. जहीन व उसकी पत्नी श्रीमति तराना गलत संगत में पड़ गये हैं। जिस कारण मैं व मेरे परिवार ने उनसे सभी तरह के संबंध विच्छेद कर उन्हें अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

शहनाज बेगम पत्नी मौ. शफी निवासी चामुंडा रोड कायस्थान कस्बा व थाना हसनपुर जनपद अमरोहा

**FACULTY REQUIRED**

SHRI RAMSWAROOP SINGH MAHAVIDYALYA
LADANPUR, DHANURA, DISTT- AMROHA

Applications are invited for the following teaching posts:

| S.No. | POST | SUBJECT |
|---|---|---|
| 1. | 01 Post Principal | - |
| 2. | 02 Post Asst. Prof. | M.Sc. Chemistry |
| 3. | 02 Post Asst. Prof. | M.A. Geography |

QUALIFICATION & PAY SCALE
- As per UGC / Univ. Norms.
- Interested candidates can apply with all documents and Aadhar Card / Pan Card within 7 days.

CONTACT
Email (ईमेल): srsmahavidyalya@gmail.com
Phone (फोन): 9873400015

# ईद की नमाज ईदगाह में पढ़ना सुन्नत: मौलाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** प्रदेश की सबसे खूबसूरत और ऐतिहासिक ईदगाह लखनऊ में ईद उल अजहा की नमाज़ की तैयारियों के सम्बन्ध में ईदगाह कमेटी और इस्लामिक सेन्टर ऑफ इण्डिया फरंगी महल के सदस्यों की एक अहम् बैठक हुई।



**ईद उल अजहा की नमाज़ की तैयारियों के सम्बन्ध में ईदगाह कमेटी और इस्लामिक सेन्टर ऑफ इण्डिया फरंगी महल के सदस्यों की अहम् बैठक में दी गई जरूरी हिदायतें**

बैठक में मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली इमाम ईदगाह लखनऊ ने मुसलमानों से अपील की वह रसूल पाक स. और सहाबा रजि. की पैरवी करते हुए ईदगाह में ईद उल अज़्हा की नमाज़ अदा करें। इस लिए कि आप स. ने और सहाबा रजि. ने सदैव ईद उल फित्र और ईद उल अज़्हा की नमाज़ ईदगाह में अदा की है। उन्होंने कहा कि ईदगाह में ईद की नमाज की तैयारियां मुकम्मल हैं। मौलाना ने बताया कि ईद उल अज़्हा की नमाज़ पढ़ने की तरकीब यह हैरू नियतरू पहले यह कहें कि नियत करता हूं मैं दो रकात नमाज ईद उल अज़्हा वाजिब मआ जायद छ तकबीरों के, वास्ते अल्लाह तआला के, पीछे इस इमाम के ढ्ढनियत के लिए इन अल्फाज का दोहराना जरूरी नही है, सिर्फ ख्याल कर लेना काफी है। पहली रकअत: अल्लाहु अकबर कह कर दोनों हाथ कानों तक उठा के बांध लें (इस तकबीर को तकबीर-ए-तहरीमा कहते हैं) सना पढ़ कर पहली तकबीर कहें। यानी अल्लाहु अकबर कह कर कानों तक हाथ उठायें और छोड़ दें। इसी तरह दूसरी तकबीर कहें यानी अल्लाहु अकबर कहकर कानों तक हाथ उठाकर छोड़ दें। फिर तीसरी तकबीर कहें यानी अल्लाहु अकबर कह कर कानों तक हाथ उठायें और बांध लें। इसके बाद इमाम साहब तिलावत करेंगे और रुकू व सुजूद करेगें।

दूसरी रकअत: दूसरी रकअत हस्बे दस्तूर शुरू करें। इमाम साहब तिलावत करेंगे उसके बाद ढ्ढबजाए रुकू में जाने के बाकी तीन तकबीरें इसी तरह कहेंऋ इस के बाद अल्लाहु अकबर कह कर हाथ उठायें रुकू में चले जायें और बाकी नमाज दूसरी नमाजों की तरह अदा करें। उन्होने कहा कि नमाज ईद उल अज़्हा के बाद खुतबा सुनना वाजिब है। चाहे खुतबे की आवाज सुनाई दे या ने दे। खुतबा खत्म होने तक खामोश और अदब के साथ बैठे रहना चाहिए। ईद गाह में ईद उल अज़्हा की नमाज सुबह 10:00 बजे होगी नमाज़ से पहले मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली खिताब करेंगे। इस अवसर पर मौलाना नईमुर्रहमान सिद्दीकी, मौलाना मो. मुश्ताक़, मौ. सुफयान निजामी, मौलाना अब्दुल लतीफ, मौलाना अब्दुल मुगीस, मुनीब अलवी, खालिद उमर, शेख राशिद अली मीनाई, अदनान शाहिद खॉ, मो. कलीम खां, फैज़ खालिद व मो. एजाज अधिवक्ता वगैरा मौजूद थे।

## ज्येष्ठ मास के चौथे मंगलवार को जगह-जगह भंडारा व शर्बत वितरण

**सिंहपुर अमेठी।** ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार को श्री हनुमान की भक्ति और उनके गुणगान में श्रद्धालु लीन रहे। घरों से लेकर मंदिरों में केसरी नंदन का पूजन पूरी श्रद्धा के साथ देर शाम तक जारी रहा। इन्हौना चौराहा पर अजय यज्ञसैनी,राजू यज्ञसैनी की ओर से भंडारे का आयोजन हुआ। सराय गोपी अस्पताल के निकट जगदीश पाठक द्वारा विधिवत पूजन कराने के बाद युवा नेता शिरीष गुप्ता द्वारा भंडारे की शुरुआत हुई। जयलाल दुबे पुरवा गांव रमेश कुमार यादव, सौरभ यादव के संयोजकत्व में भंडारा सम्पन्न हुआ इस मौके पर विवेक कुमार यादव, यश यादव विक्रांत यादव आशीष कुमार यादव संदीप कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। इसी क्रम मे जगेसरगंज बाजार में राम चंदर मौर्य द्वारा सरबत बितरण का कार्यक्रम किया गया। ब्लॉक सिंहपुर अंतर्गत भरही पुरवा गांव में पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य राम मिलन बाजपेई द्वारा भंडारा आयोजित कराया गया, भंडारे में पूड़ी सब्जी के अलावा बूंदी आदि का भी वितरण किया गया। इस मौके पर तमाम जनप्रतिनिधि सहित गांव के गणमान्य लोग मौजूद रहे। इसी प्रकार अहोरवा भवानी, सिंहपुर, फतेपुर, राजापुर, सेमरौता इन्हौना हजरीगंज अंगुरी, शिवरतनगंज, रामपुर टढेई, कुकहारामपुर, टिकरी, बहुवा मतेपुर खानापुर चपरा, सहित अन्य तमाम गांवों में मंगलवार को भंडारा तथा सरबत बितरण के आयोजन सम्पन्न हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रशासक बनने की मंजूरी पर प्रधानों में खुशी की लहर



**सिंहपुर अमेठी।** ब्लॉक परिसर में मंगलवार को ग्राम प्रधानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्णय का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। प्रधानों ने कहा कि 20 मई को लखनऊ के ईको गार्डेन में आयोजित महापंचायत में ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने की मांग उठाई गई थी। सिंहपुर ब्लॉक प्रधान संघ के अध्यक्ष नवीन श्रीवास्तव उर्फ सोनू ने कहा कि मुख्यमंत्री ने चुनाव में देरी को देखते हुए ग्राम प्रधानों को प्रशासक की जिम्मेदारी देकर गांवों के विकास कार्यों को गति देने का रास्ता साफ किया है। ब्लॉक सिंहपुर के ब्लॉक प्रमुख अंकित पासी ने बताया कि प्रशासक बनने के बाद ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों में तेजी आएगी । इस दौरान सिंहपुर ब्लॉक प्रमुख अंकित पासी, अनिल कुमार पांडेय, गौरव श्रीवास्तव, अश्वनी कुमार सिंह, हीरा सिंह, सतीश कुमार यादव, फकीर मोहम्मद मिस्टर, राम किशोर मौजूद रहे।

### निर्माण कर्मी की करंट लगने से मौत

**गोंडा।** अलीगढ़ जनपद के नौरंगाबाद निवासी लखन (26) पुत्र कुलदीप एचडी इंफ्र कंपनी में स्लैब डालने का कार्य करता था। सोमवार रात करीब 11रू30 बजे तेज आंधी और बारिश के दौरान वह कार्यस्थल पर मौजूद था। इसी दौरान विद्युत करंट की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया।मौके पर मौजूद अन्य कर्मचारियों द्वारा उसे तत्काल स्थानीय पहुंचाया गया, लेकिन डाक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### थाने के गेट पर दो पक्षों में मारपीट

**गोंडा।** कटरा बाजार पुलिस के इकबाल पर उस समय बड़ा सवाल पैदा हो गया जब दबंगों के दो गुट थाने के गेट पर ही भिड़ गये इस दौरान दोनो गुटों में थाने के अंदर पुलिस की मौजूदगी में बाहर गेट पर जमकर लात घूंसे चले दोनों पक्ष थाना कटरा बाजार क्षेत्र के असरना गांव के निवासी हैं और जमीन को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष थाने पहुंचे थे, जहां बाहर ही दोनों में फिर कहासुनी शुरू हो गई और मामला मारपीट तक पहुंच गया।

# सीएम योगी ने प्रयागराज को चार सौ करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात दी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को प्रयागराज पहुंचे हैं। वह नगर निगम में आयोजित मेयर के तीन साल बेमिसाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इससे पहले उन्होंने सफाई गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मंच पर मेयर ने पौधा देकर सीएम का स्वागत किया। उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नगर निगम के नव-निर्मित सदन हाल का लोकार्पण किया। इसके साथ ही कई अन्य परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। पिछले तीन वर्षों में हुए विकास कार्यों पर आधारित विशेष पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। सीएम ने सफाईकर्मियों को किट दीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जल शंक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा पिछली सरकार में यूपी खस्ताहाल था। कर्ज लेता था। विकास के लिए पैसा नहीं था। योगी के आने के बाद यूपी में ईमानदारी से विकास हुआ है। योगी सरकार बनते ही 46 लाख किसानों का कर्ज माफ किया गया। साल 2017 से पहले यूपी में गुंडागर्मी, लूट खसोट थी। गुंडागर्दी को योगी सरकार ने दफन किया है। मैं कहना चाहूंगा कि योगी और मोदी को छोड़ना नहीं है। पहले लोग भारत माता की जय बोलने से डरते थे। जय श्री राम का नारा लगाने से डरते थे। मगर अब ऐसा नहीं है।

# सरकारी संपति चुराने वालों पर योगी का तंज

## ढाई करोड़ की कार वाला 45 रुपये का गमला चुरा ले गया, ये चोरी का नया मॉडल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज नगर निगम, लखनऊ की घ413 करोड़ लागत की विभिन्न जनकल्याणकारी परियोजनाओं कार्यक्रम का लोकार्पण/ शिलान्यास किया।



**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर निगम, लखनऊ की 413 करोड़ रुपये लागत की विभिन्न जनकल्याणकारी परियोजनाओं कार्यक्रम का लोकार्पण/ शिलान्यास किया**

सीएम योगी ने लखनऊ नगर निगम के एक समारोह में सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों पर तंज कसा। उन्होंने कहा, ढाई करोड़ की कार में चलने वाले नगर निगम का 45 रुपये का गमला चुराकर ले जाते हैं। सीसीटीवी कैमरे से इस तरह की चोरी की घटना देखी। हम गमला लगाते हैं, तो कोई कार से आता है और गमला उठाकर ले जाता है। जितना कार का तेल लग रहा है, उतने में नया गमला ले सकते हो। ये चोरी का नया मॉडल है। अब हर जगह सीसीटीवी लगे हैं, हम उससे देखते रहते हैं। पता लगता है कि ढाई करोड़ की कार से 45 रुपए के गमले चुरा रहे हैं।45 रुपए के गमले खरीदकर आप घर में लगा सकते थे। आपका सम्मान भी रहता और शहर भी अच्छा दिखता। एक बार तो मेरे मन में आया था कि गमला चोरी करने वालों की फोटो चौराहे पर लगवाऊं, क्योंकि जो पैसा हम खर्च कर रहे हैं, वह जनता का है। यह न तो हमारा है, न वित्त मंत्री खन्नाजी का और न ही ऊर्जा मंत्री शर्माजी का।

### मुख्यमंत्री ने की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए अस्पतालों में बेहतर इलाज, समय पर दवा और जांच सुविधा सुनिश्चित करने आयुष्मान योजना के क्लेम भुगतान, मेडिकल कालेजों के विस्तार, नर्सिंग शिक्षा, टीबी उन्मूलन और स्वास्थ्य कर्मियों के समायोजन पर जोर दिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनता को सीधा इसका लाभ मिलना चाहिए और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधा का असर सीधा जनता को देखना चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य ढांचे को आधुनिक बनाने की दिशा में कई फैसले लिए।

# फेक एनकाउंटर करा रही योगी सरकार: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रेसवार्ता के दौरान सरकार और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश में फर्जी एनकाउंटर कराए जा रहे हैं और कई निर्दोष परिवार प्रभावित हुए हैं।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को सपा कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा जमकर निषाद साधा और पुलिस की कार्यशैली भी सवाल उठाए। अखिलेश यादव ने कहा कि आजकल फेक एनकाउंटर की खबरें काफी सुनने को आ रही हैं। कई परिवारों ने इस बारे में खुलकर बात की है। इससे पता चलता है कि सरकार फेक एनकाउंटर की साजिश लगातार कर रही है। सरकार की मर्जी के अनुसार फेक एनकाउंटर हो रहा है। अपनी धाक जमाने के लिए यूपी में एनकाउंटर किए जा रहे हैं। ये सरकार जाति देखकर एनकाउंटर करवाती है। अखिलेश यादव ने जौनपुर के एक यादव पुजारी के कथित एनकाउंटर का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने संघर्ष करके पुजारी परिवार को न्याय दिलाया और दोषियों को जेल भिजवाया।फर्जी एनकाउंटर करने वाले लोग ह्मानसिक रोगीह्व बन जाते हैं। उन्होंने 2020 हाथरस केस का जिक्र करते हुए कहा कि जो तस्वीर 2020 में हाथरस में



देखने को मिली थी, वैसी ही स्थिति अब 2026 में भी दिखाई दे रही है। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून -व्यवस्था पूरी तरह विफल हो चुकी है और सरकार के संरक्षण में फर्जी एनकाउंटर किए जा रहे हैं। यूपी में सपा सरकार बनते ही केंद्र की भाजपा सरकार गिर जाएगी । अखिलेश यादव ने कहा, उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनते ही केंद्र की भाजपा सरकार भी गिर जाएगी। भाजपा सरकार फेक एनकाउंटर की तरह हफेक अर्थव्यवस्थाह्व का भी प्रचार कर रही है। डालर जितना ऊपर जाएगा, चाय उतनी महंगी होती जाएगी और इसका सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है। भाजपा सरकार के 10 वर्षों में पीडीए श्पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग पर सबसे ज्यादा अत्याचार हुए हैं। सबसे अधिक फर्जी एनकाउंटर पीडीए वर्ग के लोगों के हुए हैं और उन्हें धमकाने के उद्देश्य से इस तरह की कार्रवाई की जा रही है।भाजपा ने देश को गंभीर आर्थिक संकट में धकेल दिया है। महंगाई, बेरा. ेजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गए हैं। भाजपा असत्य के रास्ते पर है।

भाजपा ने पूरे उत्तर प्रदेश को अंधकार में धकेल दिया है। रोज-रोज पेट्रोल-डीजल को महंगा करने का क्या अर्थ है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा, प्रदेश में बिजली संकट के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती से जनता बेहाल है। भाजपा ने दस साल में बिजली के क्षेत्र में कोई काम नहीं किया।

# सेवानिवृत्त रेलकर्मी की वेतन वृद्धि पर तीन माह में फैसला लेने का आदेश

**प्रयागराज।** केंद्रीय प्रशास. निक न्यायाधिकरण (कैट) की इलाहाबाद पीठ ने सेवानिवृत्त रेलकर्मी के वार्षिक वेतन वृद्धि संबंधी मांग पर तीन माह में निर्णय लेने का निर्देश दिया है।

यह आदेश न्यायिक सदस्य रजनीश कुमार राय ने नरसिंह मिस्त्री की याचिका पर दिया। चंदौली निवासी नरसिंह मिस्त्री की नियुक्ति 23 अगस्त 1982 को रेलवे विभाग में स्टेनोग्राफर के पद पर की गई थी। वह 30 जून 2015 को दीनदयाल उपाध्याय रेलवे कारखाना स्थित प्लांट डिपो से सेवानिवृत्त हुए। उनका आरोप था कि सेवानिवृत्ति के कारण उस साल के वेतन वृद्धि का लाभ नहीं दिया गया। याची ने दलील दी कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से केपीटीसीएल बनाम सीपी मुंडी और यूनियन आफ इंडिया बनाम एम सिद्धराज में दिए गए फैसलों के आधार पर याची ने आठ मई 2025 को रेलवे अधिकारियों को प्रत्यावेदन दिया था। 12 जनवरी 2026 को स्मरण पत्र भी भेजा पर कोई निर्णय नहीं लिया गया।

### परीक्षा के दौरान तोड़फोड़, चक्काजाम

**प्रयागराज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के अंदावा स्थित सुनीता सिंह सीता सिंह महिला महाविद्यालय में आई टेक जोन परीक्षा केंद्र पर क्षमता से दोगुना परीक्षार्थियों के पहुंचने पर जमकर बवाल हुआ। सीट नहीं मिलने से नाराज परीक्षार्थी आक्रोशित हो गए और परीक्षा केंद्र में तोड़फोड़ करने लगे। इस दौरान 100 से अधिक कंप्यूटर सहित कक्ष में लगे कूलर, एसी, सर्वर, सीसीटीवी कैमरे और वाटर कूलर तोड़ दिए। परीक्षार्थियों का गुस्सा इतने पर भी शांत नहीं हुआ तो उन्होंने जीटी रोड पर चक्काजाम कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचे और परीक्षार्थियों को समझाककर जाम खत्म कर यातायात बहाल कराया।

### शुआट्स शिक्षकों का आमरण अनशन

**प्रयागराज।** बकाये वेतन के भुगतान न होने से नाराज शिक्षकों ने एकजुट होकर शुआट्स परिसर स्थित कुलपति कार्यालय के सामने आमरण अनशन शुरू कर दिया। उनका आरोप है कि विवि प्रशासन लगातार वेतन भुगतान को लेकर आश्वासन दे रहा है लेकिन भुगतान अभी तक नहीं किया गया। इसके कारण वे आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं।

बीते 16 अप्रैल से शुआट्स सोसायटी के शिक्षक व कर्मचारी बकाये वेतन को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने मामले की शिकायत डीएम से भी की थी। इसपर डीएम ने सीडीओ की अध्यक्षता में कमेटी का गठन कर मामले की जांच कर रिपोर्ट भेजने को कहा था।

### पच्चीस गांवों तक रोडवेज आवाजाही शुरू

**प्रयागराज।** रोडवेज की बसों का 25 रूटों पर संचालन शुरू हो गया है। इससे ग्रामीणों का सफर आसान हो गया है। पहले ग्रामीणों के लिए डग्गामार बसें ही सहारा हुआ करती थीं। अब मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत 25 रूटों पर रोडवेज ने बसों का संचालन शुरू करा देने का दावा किया गया हैं। हालांकि रोडवेज ने इसके लिए और 90 बसें मांगी हैं। जिले में 1540 ग्राम पंचायतें हैं। इसमें करीब 150 से 200 ऐसी ग्राम पंचायतें हैं जहां लोगों को लंबी दूरी तय कर मुख्य मार्ग तक आना पड़ता हैं। रोडवेज के आरएम रवींद्र कुमार सिंह ने बताया कि 25 रूटों पर संचालन बसों का शुरू करा दिया गया हैं।

### बिजली को लेकर सडकों पर हंगामा

**प्रयागराज।** जार्ज टाउन क्षेत्र में सोमवार रात अचानक बिजली आपूर्ति ठप होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वन विभाग चौराहे से लेकर जार्ज टाउन थाने चौराहे तक रात करीब आठ बजे बिजली गुल हो गई जो देर रात तक गायब रही। इससे पूरा इलाका अंधेरे में डूब गया। इससे नाराज स्थानीय लोगों ने एकजुट होकर सडक पर हंगामा कर दिया। लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद अधिकारियों की ओर से कोई सुनवाई नहीं हो रही है। भीषण गर्मी और उमस के बीच बिजली न होने से लोग घरों से बाहर निकलकर सड़कों पर आ गए। बच्चे बीमार पड़ रहे हैं।

### परिवहन विभाग की बड़ी कार्रवाई

**अमेठी ।** सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया है। पिछले एक महीने के दौरान विभाग ने विभिन्न मामलों में दर्जनों ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए हैं। यह कार्रवाई सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने और यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से की गई है।मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 19 के तहत दुर्घटना कर मौके से फरार होने वाले 9 वाहन चालकों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं।

# जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गौरीगंज अमेठी।** जिला. धिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय सलाहकार समिति ढ्ढबैंकर्सऋ की बैठक आयोजित हुई।



बैठक के दौरान डीएम ने वित्तीय समावेशन योजना, पीएम सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, वार्षिक ऋण योजना, पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड, मत्स्य पालन किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री ग्राम उद्योग रोजगार योजना, मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना सहित अन्य योजनाओं हेतु लंबित आवे. दनों की बिंदुवार समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि लंबित आवेदन पत्रों को शीघ्र निस्तारित किया जाए । इसके साथ ही उन्होंने विभागों को लक्ष्य के सापेक्ष निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत आवेदन पत्रों को बैंकों को प्रेषित करने के निर्देश दिए। दौरान मुख्य विकास पूजा साहू, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक राजीव पाण्डेय, जीएमडीआईसी अभय कुमार सुमन सहित अन्य संबंधित अधिकारी व बैंकर्स मौजूद रहे।

# कांग्रेस कमेटी ने कराया सुंदरकाड का पाठ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल के पावन अवसर पर आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

उप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री अजय राय जी, पूर्व मंत्री ने भगवान श्री हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने इस मौके पर सुन्दरकाण्ड का पाठ किया। इसके पश्चात आयोजित भण्डारे में भारी संख्या में आये हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न सिर्फ मन को शांति मिलती है



बल्कि ईश्वर और धर्म के प्रति आस्था और आधिक प्रगाढ़ होती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने पतित पावनी मां गंगा के अवतरण दिवस गंगा दशहरा पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उन्नति, सुख एवं समृद्धि की कामना की है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्यामकिशोर शुक्ल, सुश्री अनुसुइया शर्मा, रिसर्च एवं डाटा एनालिसिस विभाग के चेयरमैन प्रो. विनोद चन्द्रा, वीरेन्द्र मदान, द्विजेन्द्र त्रिपाठी, प्रमोद सिंह, रमेश मिश्रा, विचार विभाग के चेयरमैन एचएल दुसाध, केके शुक्ला, राजेन्द्र पाण्डेय, कैप्टन बंशीधर मिश्रा, विजय बहादुर, पंकज तिवारी, बृज मौर्या, नरेन्द्र दत्त त्रिपाठी, आशुतोष मिश्रा, संजय सिंह, सुरेन्द्र यादव, विनोद मिश्रा, कुलदीप दिवाकर, हनीफ खान, डा. ऋचा कौशिक, श्रीमती अनामिका यादव, श्रीमती सुशीला शर्मा, तनवीर फातिमा, वेद प्रकाश त्रिपाठी, रजनीश यादव, बिशम सिंह, विकास श्रीवास्तव, अजीत मौर्या, वीरेन्द्र पाल सिंह बिट्टू, नीरज तिवारी, सर्वेश श्रीवास्तव, पंकज शुक्ला, के0डी0 शुक्ला, राकेश पाण्डेय, वसीउल्ला आजाद, वासुदेव यादव सहित सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन एवं श्रद्धालु शामिल हुए एवं प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में आक्सीजन मैन श्री राजेश जायसवाल की सहभागिता रही।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या
UP\MZN-01-\2026-28
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# निर्माणाधीन मकान की गिरी शटरिंग

## एक मजदूर की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल, मची अफरा-तफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** रमपुरा रोड गैस एजेंसी के निकट मंगलवार को एक बड़ा हादसा हो गया। यहां एक निर्माणाधीन मकान की शटरिंग खोलते समय शटरिंग अचानक भरभराकर नीचे गिर गई।मलबे में दबने से एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।



जानकारी के अनुसार, बीसलपुर के पटेल नगर निवासी रामचंद्र (55 वर्ष) अन्य मजदूरों के साथ राजेश उर्फ अरविंद एडवोकेट के निर्माणाधीन मकान में काम कर रहे थे। मंगलवार को जब मजदूर लेंटर की शटरिंग हटा रहे थे, तभी अचानक भारी भरकम ढांचा नीचे गिर पड़ा। हादसे के वक्त वहां काम कर रहे मजदूर मलबे के नीचे दब गए, जिससे मौके पर चीख-पुकार मच गई।

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर बीसलपुर थाने के एसएसआई रमेश चंद्र शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मलबे में दबे मजदूरों को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। हालांकि, तब तक रामचंद्र की सांसें थम चुकी थीं। इस हादसे में तीन अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनकी पहचान निम्नलिखित रूप में हुई है।

बुद्धसेन (35 वर्ष), निवासी पटेल नगर।

वीरेंद्र (50 वर्ष), निवासी बौनी। बीरपाल, निवासी मोहल्ला दुर्गा प्रसाद। सभी घायलों को तुरंत एंबुलेंस की मदद से बीसलपुर साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पीलीभीत जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। घटना के संबंध में थाना अध्यक्ष बीसलपुर संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि पुलिस ने मृतक रामचंद्र के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर दिया है और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ॰

ााना अध्यक्ष ने यह भी कहा कि इस पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# बिना अनुमति चल रहे स्विमिंग पूल पानी की बर्बादी, धुंआधार कमाई

**सुरक्षा मानकों की अनदेखी, लोगों की जान जोखिम में**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** जनपद में अवैध स्विमिंग पूल में डूब कर बच्चें की मौत के बाद प्रशासन सख्त रूख अपनाने जा रहा है। जिसे लेकर मनो. रंजन स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था जां. चने के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।

जनपद में मानकों को दरकिनार कर बिना रजिस्ट्रेशन वाटर पार्क और स्विमिंग पूल संचालित हो रहे है। इन वॉटर पार्क में न लाइफ गार्ड के मानक और न प्रशिक्षित ट्रेनर हैं, फिर भी यह किसकी शह पर बच्चों और युवाओं की जान जोखिम में डालकर चलाए जा रहे है। यूं तो स्विमिंग पूल निर्माण करने के लिए जिला क्रीड़ा अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग और एसडीएम की अनुमति लेना आवश्यक होती है। नियमों को दर्र. कनार कर कुछ लोगों ने मात्र व्यावसायिक रूप से गर्मी से निजात दिलाने और नहाने के लिए स्विमिंग पूल का निर्माण कराया है। गाइडलाइन के अनुसार ओलंपिक स्विमिंग पूल की चौड़ाई 25 फीट और लंबाई 50 फीट होती है, जबकि सब स्टैंडर्ड स्विमिंग पूल की 12.50 फीट चौड़ाई और 25 फीट लंबाई होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त सुरक्षा मानकों का पालन करना, प्रशिक्षित लाइफ गार्ड की तैनाती सुनिश्चित करना, प्राथमिक उपचार की व्यवस्था रखना और अग्निशमन सुरक्षा प्रमाण पत्र प्राप्त करना भी आवश्यक है। इसके साथ ही संचालकों को प्रतिवर्ष निर्धारित शुल्क भी जमा करना होता है। लोगों का आरोप है कि संबंधित विभागों की कथित अनदेखी के कारण संचालक खुलेआम नियमों का उल्लंघन कर रहे है।

## एक नजर

### महिला से छेड़छाड़, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने के आरोपी पर एफआईआर दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** पकडिया नौगवां थाना सुनगढी निवासी महिला से पुलिस अधीक्षक को दिए अपने शिकायती पत्र में बताया कि प्रार्थिनी राजो देवी पत्नी नोनी राम नि वार्ड 2 पकडिया नौगवां थाना सुनगढी जिला पीलीभीत की निवासी है घटना दिनांक 13.05.2026 की शाम लगभग 9 बजे प्रार्थिनी अपने घर वापस जा रही थी तभी निशार शाह पुत्र लल्लू शाह नि वार्ड 13 इस्लाम नगर ने प्रार्थिनी से पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थिनी को अपनी गाडी में खिंचने लगा तभी प्रार्थिनी ने विरोध किया तो प्रार्थिनी के साथ मारपीट कर जवरन गाडी में बिठाने लगा और प्रार्थिनी से छेडछाड करने लगा इतने पर प्रार्थिनी जोर 2 से चिल्लाने लगी तभी भीड आता देख उक्त प्रार्थिनी को जोर से धक्का दिया और गन्दी 2 गालियां देते हुए जातिसूचक शब्दो से जान से मार दूंगा कहते हुए भाग गया। महिला की तहरीर के आधार पर थाना सुनगढ़ी पुलिस ने आरोपी पर संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सड़क किनारे खड़े वाहनों से बिगड़ी व्यवस्था, इमरजेंसी सेवाएं प्रभावित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** तहसील क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े किए जा रहे वाहनों और ई-रिक्शों के कारण आम लोगों के साथ-साथ आपातकालीन सेवाओं को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तहसील और कोतवाली मार्ग पर पूर्व में उप जिलाधिकारी द्वारा अतिक्रमण और अवैध पार्किंग हटाने के लिए अभियान चलाया गया था। अभियान के बाद कुछ दिनों तक व्यवस्थाएं सुचारु रहीं, लेकिन धीरे-धीरे फिर से सड़क किनारे वाहन खड़े किए जाने लगे।



विशेष रूप से बीआरसी के पिछले गेट के पास सड़क पर ई-रिक्शा, कार और अन्य वाहन खड़े होने से रास्ता संकरा हो जाता है। पास में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को लेकर आने-जाने वाली एंबुलेंस को निकलने में काफी दिक्कत होती है। कई बार इमरजेंसी के दौरान एंबुलेंस चालकों को जाम जैसी स्थिति का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण आए दिन यातायात बाधित रहता है। लोगों ने प्रशासन से दोबारा अभियान चलाकर स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि आपातकालीन सेवाओं और आम जनता को राहत मिल सके।

### नौतपा की तपन बीसलपुर में ब्लॉक प्रमुख ने राहगीरों को पिलाया शरबत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** नौतपा की शुरुआत होते ही सूर्यदेव के तेवर बेहद तल्ख हो गए हैं। आसमान से बरसती आग और चिलचिलाती धूप के कारण आम जनजीवन बेहाल है। इस भीषण गर्मी के बीच राहगीरों और स्थानीय लोगों को राहत पहुंचाने के लिए बीसलपुर भाजपा ब्लॉक प्रमुख अशोक कुमार शर्मा द्वारा एक सराहनीय और पुण्य का कार्य किया गया। ब्लॉक प्रमुख अशोक कुमार शर्मा के नेतृत्व में क्षेत्र में जगह-जगह राहगीरों के लिए शीतल जल और ठंडे शरबत के वितरण का आयोजन किया गया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख ने खुद अपने हाथों से धूप और गर्मी से परेशान होकर गुजरने वाले लोगों, रेहड़ी-पटरी वालों और राहगीरों को रोक-रोक कर ठंडा शरबत और पानी पिलाया।

इस सेवा कार्य के दौरान ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि नौतपा के दौरान गर्मी अपने चरम पर होती है। ऐसे में प्यासे को पानी और शीतल पेय पिलाना सबसे बड़ी मानवीय सेवा है। उन्होंने सक्षम लोगों से भी अपील की कि वे इस भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों और राहगीरों के लिए पानी की व्यवस्था जरूर करें। जल और शरबत वितरण के इस पुनीत कार्य में ब्लॉक प्रमुख के साथ मुख्य रूप से चंद्रपाल, सोरन सिंह गुर्जर आदि लोग मौजूद रहे, जिन्होंने पूरी तत्परता के साथ लोगों की सेवा की। स्थानीय जनता ने ब्लॉक प्रमुख की इस मानवीय पहल की जमकर सराहना की है।

### ग्राहकों की शिकायतों को समझने और अपनी सेवाओं को बेहतर बनाना मकसद है: रितेश श्रीवास्तव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर की भारतीय स्टेट बैंक की कृषि वाणिज्यिक शाखा द्वारा बड़े मंगलवार के दिन विशेष ग्राहक सम्मेलन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



सम्मेलन के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय प्रबंधक रितेश श्रीवास्तव ने कहा कि इस सम्मेलन का मकसद ग्राहकों की शिकायतों को समझने और अपनी सेवाओं को बेहतर बनाना है। इससे ग्राहकों का अनुभव बेहतर होगा और उनकी उम्मीदों पर खरे उतरने में हमें मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि लोगों से संपर्क साधकर ग्राहकों में बैंक को लेकर विश्वास को और मजबूत बनाना है। यह सम्मेलन मुख्य प्रबंधक प्रशांत कुमार शर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अनेक गणमान्य अतिथियों एवं अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिनमें नगर पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद, नगर के वरिष्ठ चिकित्सक मनोज माहेश्वरी, दंत चिकित्सक संजय, तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एड. अल्ताफ हुसैन, एसडीएम के स्टेनो जहीर आलम, एड. राजेश भारद्वाज, एड. मुकेश, एड. आनंद प्रकाश बंटी, कोल्ड स्टोर स्वामी केशव अग्रवाल, जतिन अग्रवाल, रजत वार्ष्णेय समेत बड़ी संख्या में ग्राहक, स्थानीय नागरिक एवं बैंक कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में मुख्य प्रबंधक प्रशांत कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

### राष्ट्रीय बजरंग दल ने होली चौक पर अवैध कब्जे के विरोध में थाना अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उसावां।** राष्ट्रीय बजरंग दल और अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने नगर पंचायत क्षेत्र के होली चौक पर कथित अवैध कब्जे के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने हनुमानगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग से मुख्य बाजार तक रैली निकालकर प्रशासन के प्रति नाराजगी व्यक्त की।



संगठन पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि कुछ भू-माफिया और असामाजिक तत्व ऐतिहासिक एवं सार्वजनिक ष्होली चौकष पर अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण करा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों के अनुसार, यह स्थल वर्षों से होली दहन सहित विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का केंद्र रहा है।उनका कहना है कि इस कब्जे के कारण अब इन परंपराओं के आयोजन पर संकट खड़ा हो गया है। राष्ट्रीय बजरंग दल और स्थानीय हिंदू समाज ने प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर तत्काल मौके का निरीक्षण करने और सार्वजनिक भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की गई।उन्होंने माहौल बिगाड़ने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की भी मांग उठाई।प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। दूसरी ओर, प्रशासन ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। थाना अध्यक्ष राजेंद्र सिंह पूरे पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे और स्थिति को सामान्य बनाए रखा। इस प्रदर्शन में पप्पू कश्यप, अतुल बजरंगी, धीरेंद्र प्रताप सिंह, मंजेश यादव, शुभम गौड़, प्रत्यक्ष कुमार, संजीव, पवन गुप्ता, रत्नेश गुप्ता, सोनू मिश्रा, पंकज गुप्ता, ओम प्रताप, संतोष गुप्ता, मंजेश बजरंगी सहित सैकड़ों बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला उद्योग बंधु की बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने मंगलवार को जिला उद्योग बंधु की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को उद्यमियों व व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने सभी बैंकर्स से कहा कि वह शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में पूर्ण सहयोग प्रदान करें तथा उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेशों का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें, ऐसा न करने पर संबंधित बैंकर्स के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज कराई जाएगी।

कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने उपस्थित बैंकर्स से कहा कि वह विभिन्न शासकीय योजनाओं के आवेदकों के प्रति आदर का भाव रखें तथा उन्हें प्रोत्साहित करें। आवेदन को बिना ठोस आधार के निरस्त न किया जाए।

बैठक में प्लेज पार्क योजना अंतर्गत उद्यमियों व्यापारियों को प्राइवेट औद्योगिक पार्क विकसित करने के लिए आमंत्रित किया गया, उन्हें बताया कि इस पर सरकार एक प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से लोन की भी सुविधा है, यह एक बेहतर योजना है। मिनी औद्योगिक स्थान बिसौली में चोरी की घटनाओं को रो. कने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए गए।बैठक में विद्युत अवस्थापना व अन्य निर्माण कार्यों से संबंधित समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए उपायुक्त उद्योग की अध्यक्षता में चार सदस्य कमेटी का गठन जिलाधिकारी के स्तर से किया गया जिसमें अन्य सदस्यों में विद्युत विभाग के अभियंता, लोक निर्माण विभाग के अभियंता व अन्य कार्यदायी संस्था के अभियंता को शामिल किया गया है।

बैठक में इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला, सहायक सूचना निदेशक आशुतोष चन्दोला, उपायुक्त उद्योग सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी, उद्यमी व व्यापारी मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधान पर सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे का आरोप, डीएम से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** एक तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वाले भू माफियाओं पर लगातार कार्यवाही की बात कह रहे हैं तो वही दूसरी तरफ प्रशासनिक लापरवाही/मिलीभगत से कुछ लोग लगातार सरकारी जमीनों पर कब्जा कर सरकार को चुनौती देने का काम कर रहे हैं

ताजा मामला पीलीभीत की नगर पंचायत नौगवां पकड़िया का यहां भाजपा नेता ने पूर्व प्रधान पर सरक. ारी जमीनों पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए जिला अधिकारी को शिकायत भेजी है। राजकुमार मौर्य सभासद प्रतिनिधि/मण्डल मंत्री




भाजपा निवासी वार्ड नं 11, ब्रहमद. ेव नगर पकड़िया नौगवां, तहसील व जिला पीलीभीत ने जिलाधिकारी को दिए अपने शिकायती पत्र में बताया कि शारदा हॉस्पिटल (न०पं० पकड़िया नौगवां, पीलीभीत) के सामने रास्ता भूमि गाटा संख्या-48 ख, 48 क एवं एक अन्य गाटा संख्या जो कि किसी अन्य व्यक्ति के नाम आंवटित आवासीय पट्टे पर भूमाफिया पूर्व प्रधान अशरफ अली पुत्र इश्तियाक द्वारा अवैध कब्जा कर रखा है इसके अतिरिक्त उक्त भूमाफिया द्वारा एवं उक्त के पिता एवं भाइयों का निवास जोकि वार्ड नं-9 पकड़िया नौगवां में स्थित है वहां पर भी रास्ता भूमि एवं सरकारी भूमि पर कब्जा कर कई व्यवसायिक दुकानों का निर्माण करवा रखा है।

उक्त के निवास में कुछ अंश को पूर्व में तहसील प्रशासन द्वारा बेदखली के आदेश भी जारी किए गए थे जिस पर अभी तक बेदखली के आदेशों के अनुपालन की कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है। उक्त भूमाफिया की सभी संपत्तियों की अतिशीघ्र उचित स्तर पर जांच करवाकर कब्जा मुक्त करवाने एवं बेदखली के आदेशों का अनुपालन करवाने की कृपा करें।

# सपा नेता आदर्श पाण्डेय ने उठाया अभ्यर्थियों का मुद्दा

**डीएलएड और बीएड डिग्रीधरक शिक्षक की भर्ती न होने से बच्चे परेशान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** डीएलएड और बीएड डिग्रीधारकों की शिक्षक भर्ती न होने पर समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला सचिव और पूर्व लोकसभा प्रत्याशी आदर्श पाण्डेय अमित एडवोकेट ने सरकार पर सवाल उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि 8 वर्षों तक भर्ती न निकालने से लाखों युवा ओवरएज हो गए हैं और अब सरकार नियमों का हवाला देकर उन्हें बाहर कर रही है। सपा नेता ने कहा, सरकार जवाब दे क्या युवाओं का भविष्य सिर्फ चुनावी भाषणों तक सीमित है?ष उन्होंने आरोप लगाया कि अब जब युवा ओवरएज हो रहे हैं, तो सरकार नियमों का हवाला देकर उन्हें भर्ती प्रक्रिया से बाहर करने की तैयारी कर रही है। आदर्श पाण्डेय ने कहा, युवा अपना हक मांग रहा है, कोई एहसान नहीं। उन्होंने खुद को श्पीलीभीत का बेटाश बताते हुए कहा कि वह युवाओं की आवाज उठाते रहेंगे। उत्तर प्रदेश में प्राथमिक शिक्षकों की आखिरी बड़ी भर्ती 2018 में 68500 पदों पर हुई थी। इसके बाद 69000 शिक्षक भर्ती 2020 में पूरी हुई। 2021 के बाद से नई प्राथमिक शिक्षक भर्ती का विज्ञापन नहीं आया है। इस दौरान लाखों डीएलएड और बीएड पास अभ्यर्थी भर्ती का इंतजार कर रहे हैं। कई अभ्यर्थी अधिकतम आयु सीमा पार कर चुके हैं या उसके करीब हैं। सरकार का पक्ष है कि सुप्रीम कोर्ट में 69000 भर्ती से जुड़े मामले लंबित होने और आरक्षण नियमों को लेकर स्थिति स्पष्ट न होने से नई भर्ती रुकी हुई है। फिलहाल 2027 विधानसभा चुनाव से पहले शिक्षक भर्ती का मुद्दा प्रदेश में बड़ा राजनी. तिक मुद्दा बनता दिख रहा है। विपक्ष इसे बेरोजगारी से जोड़कर सरकार को घेर रहा है।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष पद पर शैली अग्रवाल की ताजपोशी

**व्यापारियों में खुशी की लहर, बोले जिलाध्यक्ष शैली अग्रवाल हर व्यापारी का देंगे साथ**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल की संस्तुति पर शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी नेता शैली अग्रवाल को पीलीभीत का जिलाध्यक्ष घोषित किया गया, वह पहले संगठन के जिला महामंत्री थे अब उनके स्थान पर बिलसंडा के अवनीश जायसवाल को जिला महामंत्री बनाया गया है।



शहर के एक निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के पदाधिकारी द्वारा यह घोषणा की गई। जिला अध्यक्ष की घोषणा होते ही सैकड़ो व्यापारियों ने फूल मालाएं पहनाकर उन्हें बधाई देते हुए भव्य स्वागत किया। इस दौरान नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शैली अग्रवाल ने कहा कि वह बिना पद के भी हमेशा से अपने प्रत्येक व्यापारी भाई के साथ हर परिस्थिति में खड़े थे और आगे भी मजबूती के साथ खड़े रहेंगे किसी भी व्यापारी का किसी हाल में उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों ने आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया और जश्न मनाया। कार्यक्रम के दौरान संगठन द्वारा जारी किए गए प्रेस ने में बताया गया कि जैसा कि आप सभी को विदित है कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की जिला पीलीभीत इकाई विगत दिनों प्रदेश मुख्यालय द्वारा भंग कर दी गई थी। उसके उपरांत उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व सांसद (राज्यसभा) बनवारी लाल कंछल ने जिला पीलीभीत के जिला महामंत्री रहे शैली अग्रवाल को जिला अध्यक्ष पद पर और बिलसंडा निवासी बिलसंडा इकाई के नगर अध्यक्ष अवनीश जयसवाल को जिला महामंत्री के पद पर मनोनीत किया है। इसके अलावा पीलीभीत नगर इकाई के लिए अलाउद्दीन अंसारी को अध्यक्ष एवं बिलसंडा नगर इकाई के लिए मोहम्मद रेहान को अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इन सभी पदाधिकारी के मनोनयन की घोषणा प्रदेश के संयुक्त महामंत्री शोभित सक्सेना के द्वारा सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की गई। इस दौरान जिला प्रभारी अशोक खंडेलवाल, पूरनपुर नगर अध्यक्ष हाजी मोहम्मद जाहिद खां, नवीन अग्रवाल, विजयपाल विक्की, आशीष अग्रवाल, कमल निमनानी, कमल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल आदर्श, श्याम बाबू सर्राफ, रवि अग्रवाल, कपीश अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, प्रदीप सिंघल, शंकर अग्रवाल, अतुल महातिया, नरेंद्र मोहन सक्सेना, संजय अग्रवाल, राजू अग्रवाल, दीपक गुप्ता, जगपाल मौर्य, दीपक मोटर्स, सुबोध अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# ईद-उल-अजहा पर्व को को लेकर हुई पीस कमेटी बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** आगामी ईद-उल-अजहा पर्व के दृष्टिगत जनपद में शान्ति एवं कानून-व्यवस्था बनाये रखने हेतु गांधी सभागार, पीलीभीत में जिलाधिकारी पीलीभीत ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक पीलीभीत सुकीर्ति माधव द्वारा जनपद के धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों एवं संभ्रांत नागरिकों के साथ जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी।बैठक के दौरान अधिकारियों द्वारा स्पष्ट निर्देश दिये गये कि सभी पर्व एवं धार्मिक कार्यक्रम शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों, निर्धारित मानकों एवं पूर्व से चली आ रही परम्पराओं के अनुरूप ही सम्पन्न किये जायेंगे। किसी भी प्रकार की नई परम्परा की अनुमति नहीं दी जायेगी।बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि किसी भी दशा में प्रतिबंधित पशु का कटान नहीं किया जायेगा तथा खुले स्थानों/सार्वजनिक स्थलों पर कुर्बानी पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। कुर्बानी केवल निर्धारित एवं परम्परागत स्थानों पर ही की जायेगी। सार्वजनिक मार्गों, सड़कों एवं यातायात प्रभावित करने वाले स्थानों पर नमाज अदा करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।सभी उपस्थित लोगों को अवगत कराया गया कि सोशल मीडिया अथवा अन्य माध्यमों से किसी प्रकार की भ्रामक सूचना, अफवाह अथवा आपत्ति. जनक सामग्री प्रसारित करने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

साथ ही शान्ति एवं कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाले व्यक्तियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए प्रभावी कार्यवाही की जायेगी। शासन के निर्देशों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

# नाबालिक से कार्य न कराए प्रतिष्ठान व व्यापारी: डीएम

**10 दिन बाद चलेगा चेकिंग अभियान, पकड़े जाने पर होगी विधिक करवाई**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिला श्रम बन्धु समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जनपद वासियों उद्यमी या व्यापारियों से आवाहन किया कि वह नाबालिकों से कोई भी कार्य न कराए, 10 दिन बाद चेकिंग अभियान चलाया जाएगा पकड़े जाने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।



सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि जनपद बदायूँ में लगभग 247000 निर्माण श्रमिक पंजीकृत है। प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना में 254 प्रतिष्ठान ईपीएफ में पंजीकृत है। इस अवसर पर सहायक श्रमायुक्त श्वेता गर्ग सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# अवैध रूप से चल रहे बकरी बाजार के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** कस्बा उझानी के गंज शहीदा, बकरी नाकासा स्थित मस्जिद के पीछे निजी संपत्ति पर बिना किसी वैध लाइसेंस के अवैध रूप से चल रहे बकरी बाजार को बंद कराने या उसे व्यवस्थित करने की मांग को लेकर मंगलवार को भाजपा नेताओं और श्पीपल्स फॉर एनिमल्सश के सदस्यों ने डीएम को एक शिकायती पत्र सौंपा।

डीएम को दिए गए ज्ञापन में शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि इस स्थान पर प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को अवैध रूप से बकरी बाजार लगाया जा रहा है। इस बाजार में भारी संख्या में बकरियों की खरीद-फरोख्त की जाती है। बाजार संचालन के लिए नगर पालिका से कोई वैध ट्रेड लाइसेंस नहीं लिया गया है। इसके अलावा, मौके पर पशु कल्याण और सार्वजनिक सुविधाओं का पूरी तरह अभाव है। शिकायत में कहा गया है कि बाजार स्थल पर पशुओं के लिए पीने के पानी, छाया/शेड, साफ-सफाई और पशु चिकित्सीय सुविधा की कोई व्यवस्था नहीं है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि इस संबंध में नगर पालिका परिषद उझानी के अधिशासी अधिकारी को पहले भी अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई।

अधिकारियों द्वारा यह कहकर टाल दिया जाता है कि यह बाजार कई दशकों से संचालित हो रहा है। कानूनी कार्रवाई की मांगशिकायतकर्ताओं ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मामले की तत्काल जांच कराकर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाए। यदि वहां पशु बाजार संचा. लित करना ही है, तो उसकी उचित सीमा निर्धारण की जाए। इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा जिला मंत्री रजनी शंखधार, सदस्य माहि सिंह भदौरिया, राकेश कुमार सिंह, प्रखर अग्रवाल, राहुल, हिमांशु और सचिन सहित कई लोग मौजूद रहे।

# लाइन मैनों को दिए गए सुाक्षा के टिप्स



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसवान।** सहायक अभियंता जयप्रकाश ने पदभार ग्रहण करने के बाद जे ई हरिशंकर की मौजूदगी में विद्युत लाइनमैन कर्मचारीयो को सुझाव संबंधी जानकारी दी विद्युत किट पहनकर ही विद्युत पोलों अंडरग्राउंड लाइन ट्रांसफार्मर पर काम करें सिड डाउन लेकर ही विद्युत लाइनों पर कार्य करें विद्युत सप्लाई बेहतर बनाने के लिए प्रयास रत रहे कहीं भी छोटी सी कमी आने पर विद्युत सप्लाई ठीक करें उपभोक्ताओं को शासन के मनसानुसार सप्लाई प्राप्त हो सके जिसके लिए उपखंड सहसवान के समस्त लाइनमैन एवं स्टाफ मुस्तैद रहे। विद्युत सहायक अभियंता जयप्रकाश का बिल्सी नगर एवं देहात क्षेत्र में भी काफी सुधार कर बेहतर आपूर्ति दिलाने की दिशा में काम किया साथ ही साथ उपभोक्ताओं की समस्याओं का भी समय रहते निराकरण कराया इसी तरह सहसवान में भी विद्युत आपूर्ति दिलाने के लिए दिशा निर्देश दिए इस मौके पर लाइनमैन पप्पू यादव गुड्डू यादव चंदू गीतम सिंह आदि लाइनमैन मौजूद रहे।

# ससुराल में युवक की संदिग्ध मौत

- आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप
- पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट नहीं, बिसरा जांच को भेजा जाएगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बहेड़ी।** उत्तराखंड में ससुराल गए एक युवक की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। मामले में मृतक के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए उत्तराखंड के पुलभट्टा थाने में तहरीर दी है। हालांकि अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

थाना क्षेत्र के गांव हरहरपुर उर्फ डूंडा शुमाली निवासी लखन भारती पुत्र मिढ़ाई लाल की शादी करीब एक वर्ष पहले उत्तराखंड के किच्छा क्षेत्र के गांव पटेरी निवासी संजना के साथ हुई थी।

बताया जा रहा है कि घटना के समय लखन अपनी पत्नी के साथ ससुराल पटेरी गया हुआ था। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद होने के बाद उसने जहरीला पदार्थ खा लिया।

हालत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का स्पष्ट कारण सामने नहीं आने पर डॉक्टरों ने बिसरा सुरक्षित रख लिया है। इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि बिसरा जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा, जिसके बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

उधर मृतक के भाई ने पुलभट्टा थाने में तहरीर देकर लखन के ससुराल वालों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। पुलभट्टा इंस्पेक्टर का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# खेत के पास यूकेलिप्टस के पेड़ से लटका मिला युवक का शव

- पारिवारिक कलह के चलते आत्महत्या की आशंका, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के ग्राम उनई खालसा में मंगलवार को एक युवक का शव खेत के पास यूकेलिप्टस के पेड़ से संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही बहेड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की।

गांव निवासी महेश (35) पुत्र राम किशोर का शव गांव से करीब एक किलोमीटर दूर उसके खेत के सामने यूकेलिप्टस के पेड़ से लटका मिला। सुबह खेतों की ओर गए ग्रामीणों ने शव को देखा तो परिवार और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतरवाया और पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। ग्रामीणों के मुताबिक महेश दूध का काम करता था। उसके परिवार में पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं, जिनकी



उम्र करीब छह और आठ वर्ष बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार शुरुआती जांच में पारिवारिक कलह के चलते आत्महत्या किए जाने की बात सामने आ रही है। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण स्पष्ट हो सकेंगे।

बहेड़ी इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा ने बताया मृतक के शव कब्जे में पोस्मार्टम को भेजा गया है, पोस्मार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कारवाही की जाएगी, परिवार की ओर से कोई तहरीर नहीं आई है।

## साइबर ठगों ने खाते से उड़ाए रुपये, युवक के उड़े होश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** साइबर ठगों ने एक युवक के बैंक खाते को निशाना बनाते हुए तीन बार में 3500 रुपये उड़ा लिए। मोबाइल पर धनराशि कटने का मैसेज पहुंचते ही युवक को ठगी का पता चला, जिसके बाद वह परेशान हो उठा। युवक ने इसकी शिकायत थाना नवाबगंज में की है।

क्षेत्र के गांव सिजौलिया निवासी सुनील कुमार का कस्बा स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा में खाता है। बताया जाता है कि 25 मई को उनके खाते से अचानक तीन अलग अलग ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 3500 रुपये निकाल लिए गए। मोबाइल पर रुपए निकालने का बैंक मैसेज आने पर उन्हें घटना की जानकारी हुई। खाते से रकम निकलने की सूचना मिलते ही युवक के होश उड़ गए।पीड़ित ने मामले की तहरीर नवाबगंज पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है।

# बकरीद से पहले देवरनियां में पुलिस का सुरक्षा चक्र मजबूत

## संवेदनशील इलाकों में बढ़ी गश्त हर चौराहे पर रहेगी पुलिस की नजर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए कोतवाली देवरनियां पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। दैनिक शाह टाइम्स से खास बातचीत में कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि त्योहार के दौरान कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, और पुलिस की नजर हर गतिविधि पर बनी रहेगी।

कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि संवेदनशील इलाकों में पुलिस लगातार गश्त कर रही है, तथा सभी प्रमुख स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य बकरीद को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और भाईचारे के माहौल में सम्पन्न कराना है।

इसके लिए क्षेत्र में लगातार पुलिस बल सक्रिय रहेगा। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि प्रति. बंधित पशुओं की कुर्बानी किसी भी हालत में नहीं होने दी जाएगी। सार्वजनिक स्थानों या खुले में कुर्बानी करने वालों के खिलाफ तत्काल वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। साथ ही कुर्बानी के बाद मीट को पूरी तरह ढककर ले जाने की अपील भी की गई है, ताकि आमजन की भावनाएं प्रभावित न हों। **दैनिक शाह टाइम्स** से बातचीत में कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि सोशल मीडिया पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। कुर्बानी से जुड़े वीडियो, भड़काऊ पोस्ट, अफवाह या सांप्रदायिक माहौल खराब करने वाली सामग्री साझा करने वालों के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साइबर टीम को भी सतर्क कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि ईदगाहों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा।

मोबाइल गश्त और पिकेट ड्यूटी बढ़ा दी गई है, ताकि किसी भी स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। यूपी-112 की टीमें भी अलर्ट मोड पर रहेंगी।

कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने क्षेत्र के उलेमा, संभ्रांत नागरिकों और शांति समिति के सदस्यों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी लोग आपसी भाईचारे और सौहार्द की परंपरा को कायम रखें, तथा किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि कोतवाली देवरनियां क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है, और इसके लिए हर जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

## अफवाह फैलाने वालों को पुलिस की चेतावनी

कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से अफवाह फैलाकर माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की साइबर टीम लगातार ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रख रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि कोई भी भ्रामक या भड़काऊ संदेश शेयर करने से बचें और संदिग्ध सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें।भाईचारे के साथ

## त्योहार मनाने की अपील

कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने क्षेत्रवासियों से बकरीद का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कोतवाली देवरनियां क्षेत्र हमेशा गंगा-जमुनी तहजीब और सामा. जिक सौहार्द के लिए जाना जाता रहा है। पुलिस प्रशासन चाहता है कि सभी लोग कानून का पालन करते हुए शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखें, ताकि त्योहार खुशी और अमन के साथ सम्पन्न हो सके।

# ईद-उल-अजहा की नमाज का टाइम टेबल जारी

- ईदगाह में सुबह 10 बजे, दरगाह आला हजरत पर 10:30 बजे अदा होगी नमाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मुसलमानों का दूसरा सबसे बड़ा त्योहार ईद-उल-अजहा कल गुरुवार को अकीदत और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जाएगा। त्योहार को लेकर शहर की प्रमुख मस्जिदों, दरगाहों और खानकाहों की इंतजामिया कमेटियों ने ईद की नमाज के समय घोषित कर दिए हैं। शहर की मुख्य नमाज बाकरगंज स्थित ईदगाह में सुबह 10 बजे अदा की जाएगी, जबकि सबसे आखिर में दरगाह आला हजरत की रजा मस्जिद में सुबह 10:30 बजे नमाज होगी।

दरगाह आला हजरत के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि नमाजियों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग इलाकों की मस्जिदों में समय निर्धारित किया गया है, और कुछ स्थानों पर दो शिफ्टों में भी नमाज अदा कराई जाएगी। शहर में सबसे पहले बाजार संदल खान स्थित दरगाह वली मियां की चांद मस्जिद में सुबह 5:35 बजे नमाज अदा की जाएगी। इसके बाद जखीरा की दुलिया वाली मस्जिद में 5:40 बजे, कुतुबखाना चौराहे वाली मस्जिद और बड़ा बाजार की बादशाह बेगम मस्जिद में सुबह 6 बजे नमाज होगी। सुबह 6:15 बजे मलूकपुर की नूरी रजा तंबाकू वाली मस्जिद और हजियापुर की हसनैनी मस्जिद में नमाज अदा की जाएगी। सुबह 6:30 बजे दरगाह ताजुश्शरिया, रेलवे जंक्शन की नूरी मस्जिद, कांकर टोला की छ: मीनारा मस्जिद, काजी टोला की इमामबाड़े वाली मस्जिद, बाजार संदल खान की नूर-ए-इलाही मस्जिद और किला थाने की किला शाही मस्जिद में नमाज होगी।

सुबह 6:45 बजे दरगाह शाह शराफत अली मियां हजियापुर की मदीना मस्जिद और ब्रह्मपुरा की सैय्यदों वाली मस्जिद में नमाज अदा की जाएगी। सुबह 7 बजे सैलानी की हबीबिया रजविया मस्जिद, चौकी चौराहा की रहमानिया मस्जिद, फूलवालान की नूरजहां मस्जिद, रोहली टोला की अब्बासियान मस्जिद, एजाज नगर गौटिया की पुरानी मस्जिद और खन्नू मोहल्ला की अबुबकर मस्जिद में नमाज होगी। सुबह 7:15 बजे एजाज नगर गौटिया की मौला अली मस्जिद, मलूकपुर की पूर्वियान मस्जिद और काजी टोला मस्जिद में नमाज अदा की जाएगी। सुबह 7:30 बजे खानकाह-ए-वामिकिया, ईदगाह बिहारमान नगला, जसोली की पीराशाह मस्जिद, जखीरा की इमली वाली मस्जिद, सिटी स्टेशन वाली मस्जिद, फूटा दरवाजा की मस्जिद शमशुद्दीन, आजम नगर की आहते वाली मस्जिद, मॉडल टाउन चौकी की मुस्तफाई मस्जिद, हजियापुर की खजूर वाली मस्जिद, पीरबहोड़ा की हुसैनी मस्जिद और कांकर टोला की नूरानी मस्जिद में नमाज होगी। सुबह 8 बजे मलूकपुर की मुफ्ती-ए-आजम मस्जिद, कुतुबखाना की सुनहरी मस्जिद, बानखाना की खुदा बक्श मस्जिद, कंगी टोला की नूरी रजा मस्जिद, घेर शेख मिट्ठू की नियारयान मस्जिद, सुभाषनगर की साबरी मस्जिद, जखीरा की बाग वाली मस्जिद, कैंट की हाथीखाना मस्जिद और रेती की नक्शबंदियान मस्जिद में नमाज अदा की जाएगी। इसके अलावा सुबह 8:15 बजे गली मनिहारान कुतुबखाना की कादरी मस्जिद, सुबह 8:30 बजे खानकाह-ए-नियाजिया, गुलाब नगर की दरगाह बशीर मियां, बाक. रगंज की दरगाह रफीकुल औलिया कचहरी वाली मस्जिद, घेर जाफर खान की मिर्जाई मस्जिद, आजम नगर की हरी मस्जिद और इज्जतनगर की मौजू शाह बाबा की मस्जिद में नमाज होगी। सुबह 9 बजे दरगाह शाहदाना वली, किला की जामा मस्जिद, सिविल लाइंस की नौमहला मस्जिद और खन्नू मोहल्ला की दादा मियां मस्जिद में नमाज अदा की जाएगी। बाकरगंज स्थित ईदगाह में मुख्य नमाज सुबह 10 बजे होगी, जबकि सबसे आखिर में सुबह 10:30 बजे दरगाह आला हजरत की रजा मस्जिद और गुलाब नगर की दलेर खान मस्जिद में नमाज अदा की जाएगी।

## पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट

उधर, त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन और पुलिस भी पूरी तरह अलर्ट है। प्रमुख नमाज स्थलों पर सुरक्षा, ट्रैफिक और साफ-सफाई के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। उलेमाओं और धर्मगुरुओं ने लोगों से अमन, भाईचारे और आपसी सौहार्द के साथ ईद-उल-अजहा मनाने की अपील की है।

# गर्मी में छत पर सो रहे थे लोग, चोरों ने गांव में बोला धावा, लाखों की नकदी-जेवर चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** सोमवार रात भीषण गर्मी के कारण अधिकांश ग्रामीण अपने मकानों की छतों और आंगन में सो रहे थे। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने गांव में धावा बोल दिया और गांव के बाहरी हिस्से के कई घरों को निशाना बनाया। घटना से ग्रामीणों में दहशत फैल गई।



चोरों ने सबसे पहले महेंद्र सिंह के मकान को निशाना बनाया। दक्षिण दिशा की दीवार में नकब लगाकर चोर कमरे में घुस गए और अंदर से रस्सी बांधकर दरवाजा बंद कर लिया। इसके बाद चोरों ने आलमारी का लॉक तोड़कर सामान खंगाला। महेंद्र के पुत्र शक्ति सिंह ने बताया कि चोर आलमारी में रखे करीब 1 लाख 75 हजार रुपये और दो जोड़ी पायजेब चोरी कर ले गए। उन्होंने बताया कि हाल ही में भैंस बेचने के 90 हजार रुपये, कैनबिज कंपनी से मिले 50 हजार रुपये तथा बाकी रकम उनकी मां की थी। सुबह पड़ोसी ने दीवार में नकब लगी देख जानकारी दी, तब परिवार को चोरी का पता चला। खेत किनारे कुछ खाली डिब्बे भी पड़े मिले।इसके बाद चोर सत्यवीर मौर्य के घर पहुंचे और खिड़की की जाली उखाड़ दी। खिड़की बंद होने पर चोर दीवार और जीने के रास्ते घर में घुस गए। उस समय परिजन छत पर सो रहे थे। चोरों ने आलमारी के ताले तोड़कर सोने का बेसर, टीका, मंगलसूत्र, चांदी का हथफूल और बिछुआ चोरी कर लिया। सत्यवीर ने बताया कि रात करीब 2:45 बजे जब वह छत से नीचे उतरे तो कमरे में सामान बिखरा पड़ा मिला। बाहर निकलकर देखा तो श्रवण वाल्मीकि के घर का दरवाजा भी खुला था, हालांकि वहां से चोर कुछ ले नहीं जा सके।घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। ग्रामीणों ने जल्द खुलासे की मांग की है।

# छज्जा विवाद में हुई मौत का मामला हत्या में तरमीम, दो आरोपी जेल भेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव जाम में छज्जा निकालने को लेकर हुए विवाद में घायल व्यक्ति की मौत के बाद पुलिस ने मुकदमे को हत्या में तरमीम कर दिया है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।जानकारी के अनुसार, सोमवार को गांव जाम में छज्जा निकालने को लेकर लक्ष्मण स्वरूप और महेंद्र कश्यप के परिजनों के बीच विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई, जिसमें तीन लोग घायल हो गए थे। गंभीर रूप से घायल लक्ष्मण स्वरूप की बरेली इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई थी।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर पर भारी वस्तु से प्रहार के कारण मौत की पुष्टि होने पर पुलिस ने मुकदमे को हत्या की धाराओं में तरमीम कर दिया।घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस ने हिरासत में लिए गए आरोपी करन निवासी ठिरिया ठाकुरान और धर्मपाल निवासी जाम से पूछताछ के बाद हत्या में प्रयुक्त लकड़ी की फंटी और लोहे की सरिया बरामद की।

,थाना प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों को मंगलवार को जेल भेज दिया गया है तथा फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## घंटों घर में रखा रहा शव

पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने लक्ष्मण स्वरूप का शव परिजनों को सौंप दिया। मंगलवार सुबह आक्रोशित परि. जनों ने हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया और दर्जनों लोग थाना गेट पहुंच गए। थाना प्रभारी द्वारा मुकदमा रात में ही हत्या में तरमीम किए जाने की जानकारी देने के बाद परिजन शांत हुए और दोपहर बाद शव का अंतिम संस्कार किया।

# छात्रका संघर्ष लाया रंग राधा ाकृष्ण मंदिर कट पर बनेगा फ्लाईओवर टेंडर जारी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगातार हो रहे सड़क हादसों के बाद आखिरकार बड़ी कार्रवाई होती दिखाई दे रही है।

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने एनएच-530 मुरादाबाद-बरेली हाईवे पर 4 फ्लाईओवर और ग्रेड सेपरेटर निर्माण की प्रक्रिया तेज कर दी है। इस परियोजना में छात्र असद अंसारी की शिकायत पर फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के सबसे संवेदनशील और दुर्घटना वाले राधा कृष्ण मंदिर कट को भी शामिल किया गया है। एनएचएआई द्वारा जारी निविदा के अनुसार सिंधौली चौराहा, राधा कृष्ण मंदिर कट, झुमका तिराहा और धनेटा कट पर 3 लेन ग्रेड सेपरेटर एवं फ्लाईओवर बनाए जाएंगे। यह पूरा निर्माण कार्य पहले 2 लेन के रूप में प्रस्तावित था, लेकिन बढ़ते ट्रैफिक और सुरक्षा जरूरतों को देखते हुए अब इसे बढ़ाकर 3 लेन फ्लाईओवर और ग्रेड सेपरेटर किया जा रहा है। परियोजना में एप्रोच रोड, सर्विस रोड और अतिरिक्त लेन का निर्माण भी शामिल रहेगा। करीब 132 करोड़ 30 लाख 77 हजार 767 रुपये की लागत वाली इस योजना को क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात माना जा रहा है। फतेहगंज पश्चिमी कस्बे के छात्र असद अंसारी द्वारा प्रधानमंत्री कार्यालय में की गई शिकायत के बाद यह मामला गंभीरता से लिया गया। छात्र ने हाईवे पर लगातार हो रहे हादसों और अव्यवस्थित कटों को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद प्रशासनिक और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण स्तर पर हलचल तेज हुई और अब फ्लाईओवर निर्माण की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो गई है। छात्र असद अंसारी ने बताया कि राधा कृष्ण मंदिर कट, झुमका तिराहा, धनेटा कट और सिंधौली चौराहा लंबे समय से हादसों के केंद्र बने हुए हैं। यहां आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की जान जा रही थी।

# मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप, सपाइयों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मीरगंज।** मंगलवार को समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष सुरेश गंगवार के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार मीरगंज आशीष कुमार को ज्ञापन सौंपकर मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप लगाया।ज्ञापन के माध्यम से सपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि 119 विधानसभा मीरगंज क्षेत्र में एसआईआर के बाद जारी की गई अंतिम मतदाता सूची का जब कार्यकर्ताओं ने अध्ययन किया तो उसमें कई अनियमितताएं सामने आईं। आरोप लगाया कि एक ही व्यक्ति के नाम, पिता के नाम और उसी गांव में अलग-अलग क्रमांक पर तीन से चार स्थानों पर वोट दर्ज पाए गए, जो नियमों के विपरीत है।सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि यह गड़बड़ी संबंधित सरकारी तंत्र और बीएलओ स्तर पर हुई है। उन्होंने मांग की कि संबंधित बीएलओ को बुलाकर जांच कराई जाए और ऐसे फर्जी अथवा दोहराए गए नामों को मतदाता सूची से हटाया जाए।सपा कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि मतदाता सूची की गड़बड़ियों को जल्द सही नहीं किया गया तो समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता तहसील मीरगंज में धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।ज्ञापन देने वालों में विधानसभा अध्यक्ष सुरेश गंगवार, मनोहर सिंह जमीपटेल, एडवोकेट नावेद खान, जमील शाह अल्वी, धर्मवीर शर्मा, धीरेन्द्र सिंह, नरेंद्र सिंह यादव सहित दर्जनभर से अधिक सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### आंधी-तूफान में बिजली व्यवस्था को भारी नुकसान कई गांवों में पोल व ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** तहसील क्षेत्र में आए आंधी-तूफान और बिजली गिरने की घटनाओं से विद्युत व्यवस्था को भारी नुकसान पहुंचा है। एसडीओ सूर्य प्रताप सिंह ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 12 और 13 मई को आए तेज आंधी-तूफान में करीब 100 बिजली पोल टूट गए थे। वहीं ट्यूबवेल लाइन के लगभग 10 पोल तथा घरेलू बिजली सप्लाई के चार ट्रांसफार्मर भी क्षतिग्रस्त हो गए।मनकरा,नंदगांव, शीशमखेड़ा, नथपुरा, परौरा, परचवा, बहादुरपुर और समसपुर समेत कई गांवों में बिजली लाइनों पर पेड़ गिरने से आपूर्ति बाधित रही और पोल व तारों को नुकसान पहुंचा। तहसील क्षेत्र में 100 केवीए का ट्रांसफार्मर और कई पोल चक्रवाती तूफान के दौरान टीन शेड उड़कर टकराने से क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे तार भी टूट गए।इसके अलावा 4 मई को आए तूफान और बिजली गिरने से सिरोंधी अंगदपुर में ट्रांसफार्मर फुंक गया और कई लोगों के घरों में पंखा, कूलर, टीवी सहित अन्य विद्युत उपकरण खराब हो गए। शाही बिजलीघर क्षेत्र के गांव दौली जवाहर और कुल्छा में भी ट्रांसफार्मर, पोल तथा कई घरों को नुकसान पहुंचा। ग्रामीणों ने जल्द मरम्मत कर बिजली व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।

### जगह पर कब्जा करने को लेकर मारपीट महिला का पैर तोड़ा, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** मामला क्षेत्र की गांव फाजिलपुर का है। गांव के नूर हसन द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि उसके नाना ने साढ़े तीन दशक पहले गांव के अबरार की मौसी से जगह खरीदी थी तब से वह इस पर काबिज चली आ रही है।

आरोप है कि इसी जगह पर कब्जा करने को लेकर अबरार द्वारा काई बार कोशिश की गई। गुजरी 21 मई को घर के सारे लोग बाहर गए हुए थे और घर पर उसकी मां मुन्नी अकेली थी। आरोप है कि अबरार, आरिफ, तालिब और अबरार का पुत्र फरमान घर में लाठी डंडे लेकर घुस आए और मां के साथ मारपीट कर डाली। आरोप है कि इस मारपीट से उसकी मां का बायां पैर टूट गया। नूर हसन द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस ने सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### कॉलोनाइजरों ने किसी से लाखों रुपये लिए और किसी को करा दिया बैनामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद थाने में दर्ज हुई धोखाधड़ी की रिपोर्ट**

**नवाबगंज/जहानाबाद।** क्षेत्र के कॉलोनाइजरों ने पड़ोसी जिले पीलीभीत के एक गांव के युवक को नगर के बिजोरिया रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास 216 वर्ग में का प्लाट दिखाया, लाखों रुपए लिए और फिर प्लॉट का बैनामा दूसरे को कर डाला। इस मामले की रिपोर्ट नगर के प्रमुख राइस मिलर सहित कई कॉलोनाइजरों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट जहानाबाद थाने में दर्ज कराई गई है।

दर्ज कराई गई रिपोर्ट के मुताबिक जनपद पीलीभीत के थाना जहानाबाद की ग्राम सिरसी लडपुरा की देवकी देवी के पुत्र संजीव कुमार को नगर नवाबगंज के बिजोरिया में स्थित हनुमान मंदिर के पास कॉलोनाइजरों रिछोला किफायतुल्ला के मो0 फुरकान, उसके भाई मो0 इमरान, नगर के राइस मिलर रमेश चन्द्र गुप्ता, बिजोरिया के सोमपाल शर्मा ने एक 216 वर्ग गज का प्लाट दिखाया था। प्लॉट का सौदा तय होने के बाद संजीव कुमार ने अपने मोबाइल से ढाई लाख फुरकान के मोबाइल में, 99 हजार रुपए इमरान के मोबाइल पर, एक लाख रुपए रमेश चन्द्र गुप्ता के मोबाइल पर और 27150 रुपए तिलक राम के मोबाइल पर फोन पे कर डाले। बताया जाता है कि घर के जेवरात आदि बेचकर कॉलोनाइजरों को 2 लाख रुपए नकद दिए गए, कुल 6 लाख 77 हजार 150 रुपए देने के बाद जब उन्होंने बैनामा कराए जाने को कहा तो पता चला कि उन्होंने प्लॉट की रजिस्ट्री रीना देवी और तिलक राम को करा दी। जब इन कॉलोनाइजरों से अपने रुपए वापस मांगे तो उन्हें जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया गया। महिला देवकी देवी की तहरीर पर जहानाबाद पुलिस ने फुरकान, इमरान, रमेश चन्द्र गुप्ता, सोमपाल शर्मा, तिलकराम, रीना देवी के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खघ्यानत की रिपोर्ट दर्ज की है। बताया जाता है कि पुलिस इनकी तलाश में जुटी है।

फतेहगंज पूर्वी की मंजू गुप्ता ने तीन सप्ताह पहले रिछोला किफायतुल्ला के प्रापर्टी डीलर अब्दुल अलीम उनके पुत्रों फुरकान और इमरान के खिलाफ अपने प्लॉट की बाउंड्रीवॉल तोड़कर प्लॉट पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें इमरान को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

### दलित किशोरी को लेकर फरार हुआ युवक, पुलिस ने किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र की एक नाबालिग दलित किशोरी को दूसरे धर्म का युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिजनों की शिकायत पर सक्रिय हुई पुलिस ने कुछ ही घंटों में किशोरी को शाहजहांपुर से बरामद कर आरोपी युवक समेत तीन लोगों को हिरासत में ले लिया।

क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि हाफिजगंज थाना क्षेत्र के बड़ेपुरा गांव का एक युवक उनके घर आता-जाता था। इसी दौरान उसने उनकी नाबालिग बेटी को अपने झांसे में ले लिया। परि. जनों को इसकी भनक लगने पर युवक को गांव में आने से मना किया गया था, लेकिन इसके बावजूद उसका आना-जाना जारी रहा। आरोप है कि 24 मई को युवक किशोरी को अपने साथ लेकर चला गया। किशोरी की बहन ने दोनों को जाते देख रोकने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर वहां से फरार हो गया। सोमवार को किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की खोजबीन शुरू कर दी। छानबीन में पता चला कि आरोपी एक कार से किशोरी को लेकर गया था। पुलिस को जानकारी मिली कि किशोरी को शाहजहांपुर जनपद के कटरा क्षेत्र में आरोपी के एक परिचित के घर रखा गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम वहां पहुंची और किशोरी को बरामद कर लिया। पुलिस आरोपी युवक के अलावा किशोरी को ले जाने में मदद करने वाले कार चालक और उसके एक साथी को भी पकड़कर थाने ले आई है।

### कुल्छा खुर्द में तहसीलदार ने किया मकान सूचीकरण कार्य का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** तहसीलदार आशीष कुमार ने रूरल चार्ज अंतर्गत ग्राम कुल्छा खुर्द में चल रहे मकान सूचीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने घर-घर जाकर किए जा रहे सूचीकरण कार्य का जायजा लिया और देखा कि प्रगणक किस प्रकार मकानों की नंबरिंग कर रहे हैं।तहसीलदार ने एचएलओ ऐप पर डेटा सिंकिंग की प्रक्रिया की भी समीक्षा की तथा यह परखा कि सूचीकरण से संबंधित जानकारी सही तरीके से दर्ज की जा रही है या नहीं। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर कार्य की जानकारी ली और सूचीकरण को लेकर उनकी प्रतिक्रिया भी जानी।तहसीलदार आशीष कुमार ने स्थानीय लोगों को जनगणना के महत्व के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि जनगणना के आंकड़े सरकारी योजनाओं और विकास कार्यों की रूपरेखा तय करने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से सही जानकारी देकर सूचीकरण कार्य में सहयोग करने की अपील की।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में सोमवार से परम पूज्य राष्ट्रीय संत गोविंद देव गिरी महाराज की श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। कथा से पूर्व महिला मंडल एवं श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर की परिक्रमा कर भव्य कलश यात्रा निकाली, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।मंदिर सचिव रवि छाबड़ा ने बताया कि कथा आरंभ होने से पहले डॉ. बृजेश यादव ने शाम 4:30 बजे से 5:30 बजे तक व्याख्यान दिया। इसके बाद महाराज गोविंद देव गिरी जी ने श्री हरि मंदिर परिसर में भ्रमण कर श्री युगल जोड़ी सरकार सहित अन्य देवी-देवताओं के चरणों में नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर अध्यक्ष सुशील अरोड़ा, सचिव रवि छाबड़ा, अश्विनी ओबेरॉय, संजय आनंद, गोविंद तनेजा, रंजन कुमार, योगेश ग्रोवर आदि थे।

# साइबर क्राइम पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## 2.10 करोड़ ठगी का म्यूल अकाउंट होल्डर हरियाणा से गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा में डिजिटल अरेस्ट कर 2.10 करोड़ की साइबर ठगी के मामले में एक आरोपी को साइबर क्राइम पुलिस ने गिरफ्तार किया। इसका नाम अमन कुमार निवासी चरखी हरियाणा है। ठगी में अमन के खाते का प्रयोग किया गया था। ये खाता अमन ने साइबर ठगों को उपलब्ध कराया था। इस खाते के खिलाफ धोखाधड़ी के 2.20 लाख रुपए आए थे।

इस खाते के खिलाफ अलग-अलग राज्यों में आठ शिकायत दर्ज है। जिसमें उप्र में एक, केरल में एक, राजस्थान एक, गुजरात में एक कर्नाटक एक और महाराष्ट्र में 3 शिकायत दर्ज है। जिनकी जांच की जा रही



है। साइबर क्राइम पुलिस ने बताया कि 10 अप्रैल को पीड़ित को एक फोन आया।

फोन करने वाले अपने को एनआईए पूणे का अधिकारी बताते हुए पीड़ित को डिजिटल अरेस्ट किया। उसे बताया गया कि आपके आधार और बैंक खातों का प्रयोग टेरर फंडिंग किया गया है। गिरफ्तारी की झूठी जानकारी देकर डर बनाया।

**गिरफ्तारी वारंट भेजकर दिखाया डर:** साइबर ठगों ने वाट्सएप के माध्यम से आरबीआई के नाम से फर्जी पत्र एवं वारंट भेजकर वादी से कुल 2.10 करोड़ की साइबर धोखाधड़ी की गई। पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना साइबर क्राइम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। इस मामले में दो ठगों को पहले गिरफ्तार जेल भेजा जा चुका है।

### घर के बाहर गाली-गलौज कर की फायरिंग

**नोएडा।** मायचा गांव में सोमवार देर रात उस समय दहशत का माहौल बन गया, जब स्कॉर्पियो सवार कुछ युवकों ने एक घर के बाहर फायरिंग कर दी। जानकारी के अनुसार मायचा गांव निवासी अनिल अपने परिवार के साथ गांव में रहते हैं और दूध का व्यापार करते हैं। बताया जा रहा है कि गांव में उनका कुछ लोगों के साथ प्रॉपर्टी को लेकर विवाद चल रहा है। इसी विवाद के चलते सोमवार देर रात उनके घर के बाहर कुछ युवक स्कॉर्पियो गाड़ी से पहुंचे। आरोप है कि वाहन पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी। कुछ ही देर बाद बाहर मौजूद लोगों ने उनका नाम लेकर गाली-गलौच शुरू कर दी और धमकियां देने लगे। आरोप है कि इसी दौरान स्कॉर्पियो सवार युवकों ने फायरिंग शुरू कर दी। आरोपी लगातार जान से मारने की धमकी देते रहे और कुछ देर बाद मौके से फरार हो गए।

# जनगणना: बुधवार तक ड्यूटी रिसीव न करने वाले प्रागणकों पर होगी एफआईआर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनगणना 2027 के लिए ग्रेटर नोएडा के चार्ज अधिकारी और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी मुकेश कुमार सिंह ने कहा है कि जनगणना 2027 में जिन कर्मचारियों/प्रागणकों (एमुलेटर्स) की ड्यूटी लगी है, वे बुधवार शाम तक अपनी ड्यूटी रिसीव कर लें, अन्यथा उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

उन्होंने शिक्षण संस्थानों के प्रबंधन से भी कहा है कि जनगणना के कार्य में लगे कर्मचारियों को पूरा सहयोग करें। इसमें किसी तरह की बाधा उत्पन्न न करें, अन्यथा उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

चार्ज अधिकारी ने बताया कि जनगणना में जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगी है, उनको प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

इन सभी कर्मचारियों को 20 जून तक जनगणना का कार्य पूर्ण करना है। कई कर्मचारी अब भी अपना कार्य शुरू नहीं किए हैं। ऐसे कर्मचारियों को बुधवार शाम तक का अंतिम समय दिया जाता है। इसके बाद उन पर संबंधित थानों में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। चार्ज अधिकारी ने कहा कि अगर किसी के पास अपने एरिया के प्रागणक से संपर्क न हो, तो अपने एरिया के वर्क सर्किल प्रभारी, प्रबंधक, सहायक प्रबंधक व सुपरवाइजर से संपर्क कर सकते हैं। वहीं, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ और जनगणना के लिए ग्रेटर नोएडा के नोडल अधिकारी सुमित यादव ने ग्रेटर नोएडा की आरडब्ल्यूए और अपार्टमेंट ऑनर्स एसोसिएशन से अपील करते हुए कहा कि जनगणना में ड्यूटी कर रहे कर्मचारियों को पूरा सहयोग करें। उनको सेक्टर या सोसाइटी में प्रवेश करने में कोई परेशानी न हो। उनका पहचान पत्र व ड्यूटी पत्र का परीक्षण कर प्रवेश करने दें।

नोडल ऑफिसर ने यह भी अपील की है कि अत्यधिक गर्मी को देखते हुए अगर कर्मचारियों को नींबू पानी/जलपान की आवश्यकता हो, तो उपलब्ध करा दें। उन्होंने कहा कि जनगणना का कार्य देशहित व जनहित से जुड़ा है। इसमें जनसहयोग जरूरी है। जनगणना का लक्ष्य जनसहभागिता के बिना पूरा नहीं हो सकता।

### सोसाइटी में महिला से मारपीट

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर म्यू स्थित ओमैक्स पाम ग्रीन्स सोसाइटी में एक महिला के साथ मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। यह घटना सोसाइटी की जीबीएम (जनरल बॉडी मीटिंग) के दौरान हुई। पीड़िता अमृता अरोड़ा ने आरोप लगाया है कि सोसाइटी के कुछ सदस्यों ने उनके पति के साथ विवाद के दौरान उन पर हमला किया। अमृता का कहना है कि जब वह अपने पति को बचाने पहुंचीं, तो आरोपियों ने उनके साथ धक्का-मुक्की की। इस धक्का-मुक्की में उन्हें खरोंचें आईं और उनके कपड़े भी फट गए। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि घटना के दौरान उनकी अस्मिता को ठेस पहुंचाने वाली हरकतें की गईं।

# किन्नर हत्याकांड का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**■ झगड़े के बाद की थी हत्या, 24 घंटे में पकड़ा गया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा पुलिस ने किन्नर की हत्या के आरोपी को 24 घंटे के भीतर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान अभिषेक उर्फ मोना उर्फ मानव के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से तमंचा, एक जिंदा कारतूस और 315 बोर का एक खोखा कारतूस बरामद किया है।

नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस की मदद से सेक्टर-148 मेट्रो लाइन से पुस्ता



की ओर जाने वाले रास्ते पर घेरा. बंदी की थी। इसी दौरान पुलिस और आरोपी के बीच मुठभेड़ हुई, जिसके बाद 26 वर्षीय अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी मूल रूप से अलीगढ़ का रहने वाला है और फिलहाल तुगलपुर में रह रहा था। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरा. पी और मृतक चांदनी उर्फ मनो. रंजन शर्मा तुगलपुर में किराए के मकान में साथ रहते थे। दोनों अक्सर साथ में शराब पीते थे। देर रात घर आने और अन्य लोगों से संबंधों को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। इसी विवाद के चलते आरोपी ने चांदनी की हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया।

एडीसीपी ग्रेटर नोएडा संतोष कुमार ने बताया कि 24 तारीख की रात तुगलपुर में किन्नर की हत्या की घटना हुई थी। पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही उसके आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

## एक नजर

### यमुना प्राधिकरण पर मुआवजा दिए बिना जमीन कब्जाने का आरोप

**यमुना सिटी ( शाह टाइम्स )।** यमुना विकास प्राधिकरण पर जेवर क्षेत्र में एक किसान की जमीन बिना मुआवजा दिए कब्जाने का आरोप लगा है। मंगलवार को प्राधिकरण के अधिकारी 45 मीटर रोड निर्माण के लिए जेसीबी मशीन के साथ गांव रौनीजा के पास सेक्टर-22डी पहुंचे और जमीन पर कब्जा लेने की कार्रवाई शुरू कर दी। इस दौरान एक खेत की बाउंड्री वॉल भी गिरा दी गई। गांव रौनीजा निवासी किसान गिरिराज अपने परिवार के साथ मौके पर पहुंचे और प्राधिकरण की कार्रवाई का विरोध किया। इस दौरान किसान और प्राधिकरण अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। किसान गिरिराज ने आरोप लगाया है कि सेक्टर-22डी में खसरा संख्या-122 में उनकी करीब 6840 वर्गमीटर जमीन है, जिसका मुआवजा उन्हें अब तक नहीं मिला है। उन्होंने यह भी बताया कि सोमवार को भी प्राधिकरण के अधिकारियों ने बिना किसी पूर्व सूचना के उनके खेत में खड़ी सब्जी और ज्वार की फसल नष्ट कर दी थी। उस दिन भी जेसीबी से बाउंड्री वॉल गिराई गई थी। किसान गिरिराज के विरोध के बाद अधिकारियों के साथ एक बैठक हुई, जिसमें उन्हें मंगलवार को प्राधिकरण कार्यालय बुलाया गया है। इस घटना को लेकर क्षेत्र के अन्य किसानों में भी यमुना प्राधिकरण की कार्रवाई के प्रति नाराजगी बनी हुई है।

### विवाहिता के अश्लील फोटो फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट से वायरल, पति पर केस दर्ज

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जारचा कोतवाली क्षेत्र के सलारपुर कलां गांव में एक विवाहिता के अश्लील फोटो फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाकर वायरल कर दिए गए। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि दहेज उत्पीड़न के मुकदमे को वापस लेने का दबाव बनाने के लिए उसके पति द्वारा लगातार गाली-गलौज, धमकी और बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। मामले में पुलिस ने पति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सलारपुर कलां गांव निवासी नेहा शर्मा की शादी 30 जून 2020 को दादरी के ब्रह्मपुरी मोहल्ला निवासी ऋषभ मिश्रा के साथ हुई थी। विवाहिता का आरोप है कि शादी के बाद से ही उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। लगातार उत्पीड़न से परेशान होकर वर्ष 2023 में दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया गया था। पीड़िता के अनुसार मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने के लिए पति आए दिन फोन पर गाली-गलौज करता है और अशब्द भाषा का प्रयोग करता है। आरोप है कि पति ने फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाकर विवाहिता के अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। विरोध करने पर आरोपी द्वारा मुकदमा वापस लेने, बदनाम करने और जान से मारने की धमकी दी जा रही है। जारचा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस ने आरोपी पति ऋषभ मिश्रा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### फार्मेसी की दुकान का शटर और तिजोरी गैस कटर से काटकर चोरी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** बदमाश गैस कटर से शटर काटकर सेक्टर-62 स्थित फार्मेसी की दुकान में रविवार रात घुस गए। उन्होंने गैस कटर की मदद से ही तिजोरी को काटकर उसमें रखी नगदी चोरी कर ली। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फार्मेसी के प्रबंध निद. ेशक ने सेक्टर-58 थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। सेक्टर-48 में रहने वाले दिव्याकन गुप्ता ने पुलिस को बताया कि वह सोल फार्मेसी कंपनी में प्रबंध निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। उनके द्वारा क्षेत्र में 10 दुकानों का संचालन किया जाता है। 24 मई की रात करीब ढाई बजे दो बदमाश चेहरे पर मास्क और सिर पर हेलमेट लगाकर सेक्टर-62 में टॉट मॉल स्थित दुकान पर आए। उन्होंने दुकान के शटर को गैस कटर से काटा और अंदर घुस गए। उसके बाद आरोपियों ने दुकान के अंदर रखी तिजोरी को भी गैस कटर से काटा। उसके अंदर रखे 67,200 रुपये चोरी कर लिए।

# महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, 6 माह पहले हुई थी शादी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर 63 थाना अंतर्गत आने वाली छिजारसी कॉलोनी में रहने वाली 22 वर्षीय एक नवविवाहित की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का मामला सामने आया है। मृतक महिला की 6 महीने पहले ही शादी हुई थी। मृतका के परिजनों ने उसके ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है।

पुलिस ने बताया कि 22 वर्षीय पूजा अपने पति अभिषेक पाल और उसके परिवार के साथ छिजारसी कॉलोनी में रहती थी। सोमवार रात पूजा का शव ससुराल में पंखे से लटका मिला। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पूजा की छह महीने पहले ही शादी हुई थी। उसके परिजनों ने आरोप लगाया है कि उसके ससुराल पक्ष के लोगों ने दहेज के लिए उसका उत्पीड़न किया, जिसकी वजह से उसकी मौत हुई। पुलिस परिजनों की ओर से दी गई शिकायत के आधार पर इस मामले की जांच कर रही है।।थाना प्रभारी अमित काकरान ने भाषा को बताया कि सूचना पाकर मौके पर पहुंचे अपर पुलिस उपायुक्त (ग्रेटर नोएडा) संतोष कुमार की मौजूदगी में शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए ले जाया गया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

### प्ले स्कूल संचालक ने फांसी लगाकर जान दी

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर-66 स्थित मामूरा गांव के श्रमिक कुंज में प्ले स्कूल संचालक ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर फेज-तीन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, युवक मान. सिक रूप से परेशान चल रहा था।

लखीमपुर खीरी के रहने वाले सोनू वाजपेई (26) पिछले एक साल से श्रमिक कुंज में किराए पर रह रहे थे। उनके साथ आरती नाम की महिला भी रहती थी। दोनों घर के एक कमरे में छोटे बच्चों के लिए प्ले स्कूल चलाते थे। सोमवार रात करीब 10:30 बजे सोनू घर के अंदर थे, जबकि आरती घर के बाहर आसपास के लोगों से बात. चीत कर रही थी।

# शाहरुख, सलमान और आमिर बने बकरीद के सितारे, बाजार में लाखों में बिक रहे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बकरीद का चांद नजर आने के साथ ही शहर की गलियों, बाजारों और मोहल्लों में रौनक बढ़ गई है। कहीं लोग अपने पसंदीदा बकरों को सजाने में जुटे हैं तो कहीं छोटे बच्चे उन्हें शाहरूख, सलमान और आमिर जैसे नाम देकर पुकार रहे हैं। शहर में 20 हजार से लेकर पांच लाख रुपये तक के बकरे बिक रहे हैं। इनमें अल्लाह के निशान वाले बकरों की मांग सबसे ज्यादा है।

बाजारों में विभिन्न नस्लों और वजनों के बकरे बिक रहे हैं। जिन बकरों के शरीर पर प्राकृतिक रूप से अल्लाह या बिस्मिल्लाह जैसे निशान दिखाई दे रहे हैं, उनकी कीमत सबसे अधिक लग रही है। सेक्टर-9 निवासी शाहब. ुद्दीन ने बताया कि इस बार बाजार में शाहरूख, सलमान और आमिर नाम के बकरों की काफी मांग रही।

उन्होंने कहा कि लोग सिर्फ कुर्बानी के लिए ही नहीं बल्कि अच्छे और सुंदर बकरे खरीदने को लेकर भी उत्साहित नजर आए। कई खास बकरे त्योहार से पहले ही बिक चुके हैं।

**तीन हिस्सों में बांटा जाता है गोश्त:** सेक्टर-8 मस्जिद के मौलाना कारी नाजिम ने बताया कि 28 मई को सुबह ईद की नमाज अदा की जाएगी, जिसके बाद लोग कुर्बानी करेंगे। बकरीद का त्योहार तीन दिनों तक मनाया जाता है और इन दिनों में कुर्बानी दी जाती है।

इस्लाम में कुर्बानी का विशेष महत्व है। कुर्बानी के बाद गोश्त को तीन हिस्सों में बांटा जाता है। पहला हिस्सा गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए रखा जाता है, दूसरा रिश्तेदारों और पड़ोसियों में बांटा जाता है, जबकि तीसरा हिस्सा परिवार के लिए रखा जाता है। यही इस त्योहार का सबसे बड़ा संदेश भी है कि खुशियां सभी के साथ साझा की जाएं। उन्होंने लोगों से त्योहार को शांतिपूर्ण और स्वच्छ तरीके से मनाने की अपील भी की।

# सड़क हादसों में कमी लाने को जिला सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने, हादसों में होने वाली मृत्यु दर कम करने और यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे ने की।

बैठक में सड़क सुरक्षा को प्रशासनिक दायित्व के साथ-साथ कानूनी और सामाजिक जिम्मेदारी बताते हुए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों से कहा गया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए नियमित



निगरानी और ठोस कदम उठाए जाएं।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने परिवहन विभाग, यातायात पुलिस और तीनों प्राधिकरणों के अधिकारियों को अवैध स्टैंड, अवैध पार्किंग, ओवरलोडिंग, ओवरस्पीडिंग और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों (ब्लैक स्पॉट) को चिन्हित कर वहां अल्पकालिक और दीर्घकालिक सुधारात्मक कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा करने को कहा गया।

बैठक में अवैध कट बंद करने और सड़क सुरक्षा संकेतकों को बेहतर बनाने पर भी विशेष बल दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि केवल प्रवर्तन कार्रवाई से सड़क हादसों में कमी नहीं लाई जा सकती, बल्कि लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी जरूरी है।

इसके लिए विद्यालयों, महाविद्यालयों, औद्योगिक इकाइयों और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। हेलमेट, सीट बेल्ट, निर्धारित गति सीमा और ट्रैफिक नियमों के पालन को लेकर लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया गया। बैठक में हिट एंड रन मामलों की भी समीक्षा की गई।

बैठक में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी डॉ. उदित नारायण पांडेय ने एजेंडा के विभिन्न बिंदुओं पर प्रस्तुति दी। इस दौरान यातायात पुलिस, लोक निर्माण विभाग, प्राधिकरणों तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बॉटनिकल गार्डन बस स्टैंड होगा हाईटेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-38ए स्थित बॉटनिकल गार्डन बस स्टैंड को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण ने टेंडर जारी कर दिया है। परियोजना के तहत बसों की पार्किंग, ई-चार्जिंग स्टेशन, यात्री प्रतीक्षालय और फूड कोर्ट जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

करीब सवा साल पहले इस बस स्टैंड को अपग्रेड करने का फैसला लिया गया था। इसके बाद प्राधिकरण के सीईओ से परियोजना को सैद्धांतिक मंजूरी मिली। अब इसे जमीन पर उतारने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बस स्टैंड का डिजाइन और डीपीआर Indian Institute of Technology Delhi ने तैयार किया है। प्राधिकरण ने निर्माण कार्य के लिए टेंडर जारी कर एजेंसियों से 1 जून शाम 5 बजे तक आवेदन मांगे हैं। 2 जून को टेंडर खोला जाएगा। इस परियोजना पर करीब 16.95 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। अधिकारियों के मुताबिक टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद अगस्त से निर्माण कार्य शुरू कराया जा सकता है। प्राधिकरण अधिकारियों के अनुसार बस स्टैंड को 2.85 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जाएगा। यहां 26 बसों के लिए पार्किंग और प्लेटफॉर्म बनाए जाएंगे। इनके ऊपर डिजाइनर शेड लगाए जाएंगे ताकि यात्रियों को धूप और बारिश से राहत मिल सके।

# ट्रैक्टर की चपेट में आकर किशोर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सोरखा गांव के पुस्ता रोड पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आकर किशोर की मौत हो गई। उसकी मां ने ठेकेदार पर बेटे को जबरन ट्रैक्टर थमाने का आरोप लगाते हुए थाने में केस दर्ज कराया है। बदायूं के सलावतपुर गांव निवासी गुड्डो ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका 16 वर्षीय बेटा अनूप ग्रेटर नोएडा के बिसरख गांव के ठेकेदार हरेंद्र के पास तीन माह से बेलदारी का काम कर रहा था। हरेंद्र बेलदारी कराने के अलावा उसके हाथ में ट्रैक्टर भी दे देता था, जबकि अनूप के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था। अनूप रविवार को ट्रैक्टर को सोरखा गांव में पुस्ता रोड पर ले गया था।

वहां पर ट्रैक्टर सड़क से उतरकर पलट गया। अनूप ट्रैक्टर की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर समेत शरीर के अन्य अंगों में गंभीर चोटें आईं। आनन-फानन में स्थानीय लोगों द्वारा घायल किशोर को अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। पुलिस जल्द ही नामजद आरोपी को दबोचने का दावा कर रही है।

# पद्मश्री डॉ. बुद्धरश्मि मणि बोले- विरासत बचाना ही राष्ट्र निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-62 स्थित भारतीय विरासत संस्थान के पूर्व कुलपति और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के पूर्व अतिरिक्त महानिदेशक डॉ. बुद्ध रश्मि मणि को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पद्मश्री सम्मान मिलने के बाद नोएडा के शैक्षणिक और पुरातात्विक जगत में खुशी का माहौल है। उन्होंने कहा कि "विरासत बचाना ही राष्ट्र निर्माणष है।

डॉ. मणि को यह सम्मान केवल अयोध्या उत्खनन तक सीमित नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक विरासत को वैज्ञानिक तरीके से संरक्षित और प्रमाणित करने में उनके दशको लंबे योगदान के लिए दिया गया है।।पुरातत्व की दुनिया में उन्हें ऐसे विशेषज्ञ के रूप में देखा जाता है जिन्होंने इतिहास को केवल किताबों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि जमीन के भीतर छिपे तथ्यों को सामने लाकर नई पीढ़ी को भारत की सभ्यता से जोड़ा।

**राम मंदिर के लिए जुटाए साक्ष्य:** राम जन्मभूमि मामले में 2003 में इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर हुए उत्खनन के दौरान उनके नेतृत्व में एएसआई टीम ने ऐसे पुरातात्विक साक्ष्य जुटाए, जिन्होंने न्यायिक प्रक्रिया को नई दिशा दी। उत्तर भारतीय नागर शैली के अवशेष, स्तंभों के आधार और अभिलेखों ने इस मामले में अहम भूमिका निभाई।

# पारा 40 पार होने से लोग बेहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जिले में लगातार कई दिनों से पारा 40 डिग्री के पार है। मंगलवार को भी तेज धूप और लू से लोग बेहाल रहे। दिन में बाजारों, सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर सन्नाटा पसरा रहा। आईएमडी की वेबसाइट के अनुसार मंगलवार को गौतमबुद्ध नगर का अधिकतम तापमान 40.9 और न्यूनतम 26.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सोमवार को भी अधिकतम तापमान इतना ही था। दिनभर तेज धूप, उमस और आठ से 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली गर्म हवा ने लोगों को बेहाल कर दिया। दोपहर में खुले आसमान के नीचे लोगों को थोड़ी देर तक



ठहरना मुश्किल हो रहा था। सबसे ज्यादा दिक्कत दिहाड़ी मजदूरों, रिक्शा चालकों, पुलिसकर्मियों और बाहर काम करने वाले कर्मचारियों को हुई। इसके अलावा धूप के कारण शाम के समय सेक्टर और सोसाइटियों के पार्कों में भी लोगों की संख्या काफी कम दिखाई दी। वहीं, गर्मी ने अब लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित करना भी शुरू कर दिया है। इस समय पेट खराब समेत बुखार और संक्रमण के मरीजों की संख्या बढ़ गई है।

शहर की हवा बेहद खराब श्रेणी में बनी हुई। मंगलवार को ग्रेटर नोएडा देश का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर रहा। यहां का एयर क्वालिटी इंडेक्ट (एक्यूआई) 332 दर्ज किया गया। वहीं, नोएडा का एक्यूआई 244 रहा। नोएडा में सेक्टर-116 और ग्रेनो नॉलेज पार्क-5 की हवा सबसे ज्यादा खराब है। पिछले कुछ दिनों से लगातार एक्यूआई में उतार चढ़ाव जारी है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# दीवार तोड़कर मन्दिर में घुसा डम्पर, तीन श्रद्धालुओं की मौत

## हादसे में दर्जनों श्रद्धालु घायल, सुन्दरकांड पाठ के दौरान हुआ दर्दनाक हादसा, गुस्साए ग्रामीणों ने शव रखकर लगाया जाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मंगलवार को कांठ रोड पर एक बड़ा दुखद हादसा हुआ। जब सड़क किनारे स्थित हनुमान मन्दिर में सुन्दरकांड का पाठ हो रहा था, जिसमें सैकड़ो

**■ डीएम व एसपी ने किया घटना स्थल का दौरा, कई घायलों की हालत गंभीर**

की संख्या में श्रद्धालु सुन्दरकांड पाठ सुन रहे थे। इस दौरान तेज गति से दौड़ रहा बजरी लदा डम्पर दीवार तोड़कर श्रद्धालुओं के पंडाल में जा घुसा। हादसे में दो श्रद्धालु व एक मासूम बालक की मौत हो गयी। जबकि दर्जनों श्रद्धालु घायल हो गये। हादसे की चीख पुकार सुन आसपास के लोग घटना स्थल पर पहुंच गये जबकि पुलिस ने घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भर्ती कराया। उधर घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। जिससे पुलिस के हाथ पैर फूल गये। किसी तरह लोगों को समझाकर जाम खुलवाया। डीएम नितिन गौड़, एसपी लखन सिंह यादव तुरन्त घटना स्थल पहुंचे तथा घायलों को हरसंभव मद्द का भरोसा दिलाया। बजरी लदा डम्पर कैसे दीवार तोड़कर पंडाल में घुसा, इसकी जांच बैठा दी गयी है। जानकारी के मुता. बिक गांव में सड़क किनारे एक प्राचीन हनुमान मंदिर है। जहां हर सप्ताह कुछ न कुछ धार्मिक आयोजन होते रहते हैं। मंगलवार शाम भी मंदिर परिसर में सुंदरकांड का पाठ चल रहा था। जिसमें कोठी खिदमतपुर के अलावा मिलक छावी, नारायपुर व चाऊपुरा समेत आसपास गांवों के श्रदालु शामिल थे। पुलिस के मुताबिक पंडाल में महिलाओं और बच्चों समेत करीब 20-25 श्रद्धालु पाठ सुन रहे थे। उसी दौरान बजरी से भरा एक तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरते हुए श्रद्धालुओं के पंडाल में जा घुसा। डंपर की चपेट में आकर से कई लोग घायल हो गए। मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे में डंपर से कुचलकर गांव मिलक छावी निवासी 70 वर्षीय परम सिंह, गांव नारायणपुर निवासी वर्षीय 42 महिपाल तथा रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर पट्टी निवासी पांच वर्षीय आर्यवीर की मौके पर ही मौत हो गई। आर्यवीर अपने ननिहाल मिलक छावी आया हुआ था। भीषण सड़क हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासनिक अफसरों में हड़कंप मच गया। घटनास्थल पहुंची पुलिस ने तुरंत घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद डीएम डॉ.नितिन गौड़ व एसपी लखन सिंह यादव मौके पर पहुंचे। उधर, हादसे पर गुस्साए ग्रामीणों ने महिपाल का शव कांठ रोड पर रखते हुए जाम लगा दिया।



अमरोहा। हादसे के बाद मन्दिर के पास जमा लोगों की भीड़



हादसे के बाद डम्पर को घेरकर खड़े ग्रामीण।



घटना स्थल का निरीक्षण करते डीएम नितिन गौड़ व एसपी लखन सिंह।

# परिजनों की पिटाई से आहत युवती ने खाया जहर

## प्रेम प्रसंग के शक में परिजनों ने की थी पिटाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** थाना क्षेत्र के एक गांव में प्रेम प्रसंग के शक ने ऐसा तूल पकड़ा कि मामला युवती के जहर खाने तक जा पहुंचा। निजी लैब से बाहर निकल रही युवती को परिजनों ने एक युवक के साथ देख लिया। इसके बाद घर पहुंचते ही विवाद भड़क उठा और गुस्साए परिजनों ने युवती की पिटाई कर दी। आहत युवती ने नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे परिवार में चीख-पुकार मच गई।

हालत बिगड़ने पर परिजन पहले युवती को उपचार के लिए रहरा ले गए, लेकिन स्थिति गंभीर होने पर उसे हसनपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने मेरठ रेफर कर दिया। फिलहाल मेरठ के एक निजी अस्पताल में उसका उपचार चल रहा है और हालत चिंताजनक बताई जा रही है। सूत्रों की मानें तो जिस युवक के साथ युवती को देखा गया था, घटना के बाद से वह गांव छोड़कर फरार है। पूरे गांव में घटना को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। वहीं दोनों परिवारों के बीच तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि मामले में अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# बीएड प्रवेश परीक्षा में 2554 अभ्यर्थी होंगे सम्मिलित

## नकल विहीन परीक्षा के लिए प्रशासन ने कसी कमर, छह केन्द्रों पर होगी परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा में 2554 अभ्यर्थि सम्मिलित होंगे। परीक्षा छह केन्द्रों पर दो पालियों में सम्पन्न करायी जायेगी। परीक्षा को नकलविहीन, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

31 मई को आयोजित होने वाली बीएड प्रवेश परीक्षा को लेकर कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। जिसमें एडीएम ने सभी केंद्र प्रतिनिधियों, स्टैटिक मजिस्ट्रेटों और केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि परीक्षा की संवेदनशीलता, शुचिता और पारदर्शिता किसी भी स्तर पर प्रभावित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने साफ कहा कि यदि कोई परीक्षा की गोपनीयता भंग करने या नकल कराने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि महिला अभ्यर्थियों की जांच केवल महिला कर्मियों द्वारा की जाए। साथ ही सभी परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, साफ-सफाई, निर्बाध बिजली आपूर्ति, पर्याप्त प्रकाश और जनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। अभ्यर्थियों के मोबा. इल, बैग और अन्य सामान सुरक्षित रखने के लिए क्लॉक रूम बनाने के भी निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया ने बताया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। जनपद में बीएड प्रवेश परीक्षा छह केंद्रों पर आयोजित होगी, जिसमें कुल 2554 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रथम पाली सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए कुंदन मॉडल इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, आईएम इंटर कॉलेज, जेएस हिंदू इंटर कॉलेज तथा जेएस हिंदू पीजी कॉलेज ब्लॉक-ए और ब्लॉक-बी को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। बैठक में उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर मसीहा नजम, शशिभूषण पाठक, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. प्रवेश कुमार समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



# बिजली संकट से हाहाकार, फसले हो रहीं बर्बाद

## ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता कार्यालय पर धरना दे नारेबाजी की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** तहसील के ग्राम लुहारी खादर में बिजली की भीषण कटौती ने ग्रामीणों और किसानों का जीना मुहाल कर दिया है। इस तपती गर्मी में अघोषित बिजली कटौती के कारण ट्यूबवेल पूरी तरह ठप पड़े हैं। जिससे किसानों की मेहनत से तैयार फसलें खेतों में ही सूखकर बर्बाद हो रही हैं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए भारतीय किसान यूनियन बीआर आंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय भाटी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता कार्यालय पर नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। उसके बाद उन्होंने एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिग्विजय सिंह भाटी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने प्रशासन को चेताया है कि गांव में न केवल फसलें बर्बाद हो रही हैं। बल्कि पीने के पानी और मवेशियों के चारे का भी गंभीर संकट खड़ा हो गया है। रात के अंधेरे के कारण गांव में चोरी और आपराधिक वारदातों का डर बना रहता है। जिससे बच्चों की पढ़ाई भी बाधित है। यूनियन ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं की गई, तो किसान उग्र आंदोलन और धरने के लिए बाध्य होंगे। इस अवसर पर अरमान तुर्की, सोनू गुर्जर, नन्हे यादव, गौतम गुर्जर, मेवाराम, मेहर सिंह, जगत सिंह, दीपक सागर, अकील, प्रभु, अंकुश, मेहंदी हसन आदि मौजूद थे।



# दो भाईयों के घर आग से लाखों का नुकसान

## खेत पर काम करने गये थे किसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** दो किसानों के घर लगी आग में लाखों का सामान जलकर राख हो गया। घटना के समय किसान अपने खेत पर काम करने के लिए गये हुए थे। आग की घटना से गांव में तफरी तफरी मच गयी। अग्निकांड में चार पशु भी बुरी तरह झुलस गये।

आदमपुर क्षेत्र के गांव काई मुस्तकम निवासी अमर सिंह और उनके भाई शिवदत्त के परिवार के लोग दोपहर के समय खेतों पर काम करने गए हुए थे। इसी दौरान घर से धुआं और आग की तेज लपटें उठती देख ग्रामीणों ने शोर मचाया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया, लेकिन तेज हवा और भीषण गर्मी के चलते आग तेजी से फैलती चली गई। देखते ही देखते आग ने पशुओं के रहने वाले छप्पर, भूसे के बोंगे और बटोरों को अपनी चपेट में ले लिया। आग में चार पशु झुलस गए, जिन्हें ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निक. ालकर बचाया। आग की लपटें और धुएं का गुबार दूर तक दिखाई देता रहा। ग्रामीणों ने पानी और मशीनों की मदद से घंटों मशक्कत कर आग पर काबू पाया। आग बुझने के बाद मौके पर राख और जले हुए सामान का ढेर नजर आया। पीड़ित परिवारों के मुता. बिक आग से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। घटना के बाद गांव में मायूसी का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग की है। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, हालांकि भीषण गर्मी और सूखे मौसम को इसकी संभावित वजह माना जा रहा है।

# ईद पर पर सफाई, पानी की रहेगी खास व्यवस्था

## कुर्बानी के अवशेष उठाने को बनाये कलेक्शन प्वाइंट





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ईद उल अजहा को लेकर नगर पालिका द्वारा द्वारा सफाई, पानी और प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए व्यापक इंतजाम किए गये हैं।

अधिकारी अधिकारी डा. बृजेश कुमार ने बताया कि बकरीद पर्व पर कुर्बानी के अवशेषों के निस्तारण के लिए प्रत्येक वार्ड में कलेक्शन प्वाइंट बनाए गए हैं। पालिका कर्मचारी डोर-स्टेप व्यवस्था के तहत घरों से अवशेष एकत्र कर ट्रॉली के माध्यम से सीधे ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाएंगे। उन्होंने बताया कि ट्रेंचिंग ग्राउंड पर वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण के लिए चूना, ब्लीचिंग पाउडर और अन्य जरूरी सामग्री की व्यवस्था की गई है। वहीं बिजली आपूर्ति बाधित होने पर भी जलापूर्ति प्रभावित न हो, इसके लिए जनरेटर की व्यवस्था की गई है। चेयरमैन श्रीमती शशि जैन के निर्देशन में नगर को सेक्टरों में बांटकर सफाई व्यवस्था लागू की गई है। खराब स्ट्रीट लाइटों को भी दुरुस्त कराया जा रहा है। पालिका प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि कुर्बानी के अवशेष खुले में न फेंकें और निर्धारित स्थानों पर ही डालें।

# साधु-साध्वियों की सुरक्षा सुनिश्चित करे सरकार

## रीवा हादसे से जैन समाज में रोष, सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मध्य प्रदेश के रीवा में जैन साध्वियों के सड़क हादसे में समाधिकरण होने की घटना को लेकर जैन समाज ने गृहमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। उन्होंने घटना को दुखद और वेदनापूर्ण बताते हुए जैन समाज के लोगों ने साधु-साध्वियों की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग उठाई है।नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि जैन के नेतृत्व में जैन समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने जिलाधिकारी नितिन गौड़ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से गृहमंत्री से मांग की गई कि देशभर में पैदल विहार करने वाले जैन साधु-साध्वियों की सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था की जाए। ज्ञापन में कहा गया कि जैन समुदाय हमेशा शांति, अहिंसा, कानून और संवैधानिक मर्यादाओं में विश्वास रखता है। ऐसे में साधु-साध्वियों की सुरक्षा को लेकर सरकार को गंभीर कदम उठाने चाहिए। इस अवसर पर अध्यक्ष योगेश जैन, शरद जैन, जैन मिलन अध्यक्ष शरद जैन, सिद्धार्थ जैन, महिला जैन मिलन अध्यक्ष सीमा जैन, मंत्री डॉ. बीना शाह शर्मा, दीपक, ऋतिक, विनय, इशांक, अरिहंत जैन, डॉ. सुधांश शर्मा, नीरू, सुमन,बीना पहाड़िया, ऊषा सेठी, सीमा, नीना, सरिता, अंजू,बेला जैन, वीना आदि मौजूद रहे।

# युवक की मौत समेत दो सड़क हादसों की रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला।** रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव घरोंट निवासी नानक सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया है कि 17 मई को उनका पुत्र प्रदीप कुमार और पुत्रवधू सपना बाइक द्वारा खादगूजर गांव में स्थित अपनी रिश्तेदारी में जा रहे थे। शाहपुर गांव के सामने एक कार चालक ने टक्कर मार कर दोनों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस समय दोनों का उपचार नोएडा के निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने कार चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं दो दिन पूर्व हाईवे पर एमडीए कॉलोनी के सामने हुए हादसे में एक व्यक्ति की मौत के मामले में भी पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। हसनपुर थाना क्षेत्र के गांव दीपपुर निवासी पंकज चौहान का आरोप है कि उसके फुफेरे भाई नवनीत चौहान पुत्र विरेन्द्र सिंह निवासी गली नंबर 1-केटूबी जगजीत नगर नई दिल्ली हाल निवासी एमडीए कॉलोनी 24 मई कि रात करीब आठ बजे अपने घर जा रहे थे, तभी कॉलोनी के गेट के सामने ही एक मोटरसाइकिल सवार ने तेजी एवं लापरवाही से बाइक चलाते हुए नवनीत को टक्कर मार मार दी, जिससे नवनीत की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बाइक चालक कासिम पुत्र सईद अहमद निवासी मौहल्ला लकड़ा, अमरोहा के विरुद्ध संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एक नजर

### वृद्ध मां को बेटे व बहू ने पीटकर घर से निकाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** डिडौली क्षेत्र के गांव सिवौरा में बेटे व पुत्रवधू ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी स्व.प्रेम सिंह के पत्नी के अलावा तीन बेटे हैं। आरोप है कि सोमवार देर शाम उनकी पत्नी संकरी देवी अपने दूसरे बेटे चंद्रभान के घर पहुंची थीं। इसी दौरान पुत्रवधू नीता ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर चंद्रभान व नीता ने लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी देते हुए घर से निकाल दिया। पीड़ित महिला कोतवाली पहुंची और बेटे व पुत्रवधू के खिलाफ तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बालियान ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### तुर्की इंटर कालेज के पूर्व प्रबंधक का इंतकाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के गांव कनपुरा निवासी समाजसेवी एवं तुर्की इंटर कॉलेज पलोला के प्रबंधक समीउल्ला का मंगलवार दोपहर हृदयाघात से निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि वह वर्ष 1983-84 से तुर्की इंटर कॉलेज पलोला में प्रबंधक पद की जिम्मेदारी निभा रहे थे। वर्ष 1992 में वह ग्राम प्रधान भी रहे। इसके अलावा सहकारी समिति में सभापति सहित विभिन्न पदों पर रहकर उन्होंने सामाजिक और राजनी. तिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाई। परिजनों के अनुसार मंगलवार को वह जोया से शेविंग कराकर घर लौटे थे। घर पहुंचने पर उन्हें घबराहट महसूस हुई। परिजन उन्हें चिकित्सक के पास ले जाने की तैयारी कर ही रहे थे कि अचानक उनकी तबीयत अधिक बिगड़ गई और उन्होंने घर पर ही अंतिम सांस ली। अपने पीछे वह तीन बेटों समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन पर क्षेत्र के लोगों, शिक्षकों, सामा. जिक संगठनों और राजनीतिक व्यक्तियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

### नगर पंचायत ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान




**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** कस्बे में मंगलवार को नगर पंचायत और ट्रैफिक पुलिस की संयुक्त टीम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान के दौरान सड़क किनारे अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कई ठेला संच. ालकों के चालान काटे गए और जुर्माना वसूला गया। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि बुधवार को दोबारा अभियान चलाया जाएगा। जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर पंचायत और ट्रैफिक पुलिस की टीम ने अमरोहा रोड, गजरौला रोड और मुरादाबाद रोड पर अभियान चलाया। इस दौरान सड़क किनारे खड़े ठेले और नालों के ऊपर रखा सामान हटवाया गया। दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गई कि वह अपना सामान दुकानों के अंदर और निर्धारित सीमा में ही रखें। अधिशासी अधिकारी विपिन सेंगर ने बताया कि फिलहाल व्यापारियों को चेतावनी देकर छोड़ा गया है। बुधवार को जेसीबी मशीन के साथ दोबारा अभियान चलाया जाएगा। अतिक्रमण की जद में आने वाले निर्माण और सामान को हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

### कैरम प्रतियोगिता में दिशांक बने विजेता



**जोया।** एएसएम मॉडर्न अकादमी में मंगलवार को एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के दौरान जुझार सिंह, लकी, दिशांक, प्रांजल, अब्दुल आहद एवं मोहम्मद अर्श ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। इसके बाद फाइनल मुकाबला जुझार सिंह और दिशांक के बीच खेला गया, जिसमें कक्षा नौ के छात्र दिशांक विजेता बने। वहीं कक्षा 12 के छात्र जुझार सिंह उपविजेता रहे। प्रतियोगिता में विद्यालय के शारीरिक शिक्षक देवेंद्र सिंह एवं मोहित पूनिया ने निर्णायक की भूमिका निभाई। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती आभा रस्तोगी ने विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही छात्र-छात्राओं को भविष्य में भी खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया।

# RCB ने प्लेऑफ का सबसे बड़ा स्कोर बनाया

## गुजरात को 255 रन का टारगेट दिया, पाटीदार के नाबाद आतिशी 93 रन

**धर्मशाला, वार्ता।** आईपीएल 2026 के क्वालिफायर-1 में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबीद्ध ने गुजरात टाइटंस (जीटीद्ध को 255 रन का टारगेट दिया है। गुजरात ने धर्मशाला में टास जीतकर पहले बालिंग का फैसला किया। बेंगलुरु ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 254 रन बनाए। यह प्लेऑफ/नाकआउट इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले यह रिकॉर्ड गुजरात के नाम था, जिसने 2023 में क्वालिफायर-2 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 233/3 रन बनाए थे। बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने सिर्फ 33 गेंदों में नाबाद 93 रन ठोके, जिसमें 5 चौके और 9 छक्के शामिल रहे। शुरुआत में वेंकटेश अय्यर ने 7 गेंदों में 19 रन की तेज पारी खेली, जबकि विराट कोहली ने 25 गेंदों में 43 और क्रुणाल पंड्या ने 28 गेंदों में 43 रन बनाए। अंत में जितेश शर्मा ने 5



गेंदों पर 15 रन जोड़कर टीम को 250 के पार पहुंचाया। गुजरात के लिए कगिसो रबाडा और जेसन होल्डर ने 2-2 विकेट लिए। आखिरी ओवर में रजत पाटीदार और जितेश शर्मा ने मिलकर 19 रन बटोरे और बेंगलुरु को 254/5 के विशाल स्कोर तक पहुंचाया। पाटीदार ने ओवर में दो छक्के लगाए और 33 गेंदों में नाबाद 93 रन बनाकर लौटे। प्रसिद्ध कृष्णा ने टिम डेविड को बोल्ड कर दिया। फुल लेंथ गेंद पर डेविड बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन पूरी तरह चूक गए और गेंद सीधे मिडिल स्टंप से जा टकराई। टिम डेविड 5 गेंदों में सिर्फ 4 रन बनाकर पवेलियन लौटे। रजत पाटीदार ने सिर्फ 21 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। रबाडा की बैक ऑफ लेंथ गेंद पर पाटीदार ने पुल शाट खेलते हुए गेंद को डीप मिड-विकेट के ऊपर छक्के के लिए भेज दिया। रबाडा ने वापसी करते ही आरसीबी को झटका दिया। स्लोअर शार्ट गेंद पर क्रुणाल पंडड्या पुल शाट खेलने गए, लेकिन गेंद बल्ले का टाप एज लेकर डीप मिड-विकेट की ओर चली गई। वहां मौजूद साई सुदर्शन ने दबाव में शानदार कैच लपका। क्रुणाल 28 गेंदों में 43 रन बनाकर आउट हुए, उनकी पारी में 5 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। कुलवंत का 28 रन वाला ओवर आईपीएल प्लेऑफ/नाकआउट इतिहास का दूसरा सबसे महंगा ओवर बन गया। इससे पहले सबसे महंगा ओवर 2014 के क्वालिफायर-2 में परविंदर अवाना ने डाला था, जब पंजाब किंग्स की ओर से खेलते हुए उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ वानखेड़े में 33 रन खर्च किए थे। 15वें ओवर में आरसीबी ने मैच का मोमेंटम पूरी तरह अपनी तरफ कर लिया। रजत और क्रुणाल ने कुलवंत के ओवर में 28 रन बना डाले। ओवर में नो-बाल, वाइड और लगातार बाउंड्री की बारिश देखने को मिली। पाटीदार ने आखिरी तीन गेंदों पर चौका, छक्का और चौका लगाकर लगाया। 15 ओवर के बाद आरसीबी का स्कोर 168/3 हो गया। 7 से 13 ओवर के बीच आरसीबी को दो बड़े झटके भी लगे। विराट कोहली ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए तेजी से रन बटोरे, लेकिन होल्डर ने उन्हें 43 रन पर आउट कर मैच में वापसी कराई। इसी ओवर में होल्डर ने पडिक्कल को भी पवेलियन भेज दिया। 12वें ओवर में 13 रन बने।

# अक्षय व विक्की ने फ्रीस्टाइल में जीता गोल्ड

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के फ्रीस्टाइल पहलवानों अक्षय टी-धेरे और विक्की ने सोमवार को वियतनाम के दा नांग में अंडर 23 एशियाई चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीत लिया। अक्षय ने 57 किंग्रा भार वर्ग में कजाकिस्तान के एलेमान अमंगेलदी को 4-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

इसके तुरंत बाद, विक्की ने 97 किंग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान के शेरजोद पोयोनोव को 7-5 से हराकर भारतीय खेमे की खुशी दोगुनी कर दी और पोडियम पर शीर्ा स्थान हासिल किया। 53 किंग्रा के फाइनल में, मुस्कान ने वियतनाम की थी माई लिन्ह गुएन के खिलाफ मुकाबले पर पूरा नियंत्रण रखा और 6-2 से आसान जीत दर्ज कर खिताब जीता। 57 किंग्रा वर्ग में तपस्या का प्रदर्शन और भी शानदार रहा( उन्होंने कजाकिस्तान की अल्टीन शागाएवा पर 4-0 की बढ़त बनाते हुए 'बाय फॉल' (पिन करके) जीत हासिल की और गोल्ड मेडल अपने नाम किया। भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा, महाद्वीपीय स्तर पर दो फ्रीस्टाइल गोल्ड जीतना एक शानदार उपलब्धि है और यह अक्षय और विक्की की बेहतरीन रणनीति का सबूत है। उन्होंने पूरे दिल से मुकाबला किया। मैं हमारी महिला पहलवानों के लिए भी उतना ही उत्साहित हूं, जिन्होंने इतनी बड़ी संख्या में फाइनल तक पहुंचने के लिए जबरदस्त जुझारूपन दिखाया है। यह शानदार प्रदर्शन साबित करता है कि भारतीय कुश्ती का भविय बहुत सुरक्षित हाथों में है, और मैं पूरी टीम को देश के लिए इतना गौरव लाने पर बधाई देता हूं। भाग्यश्री एच- फांड ने 62 किंग्रा वर्ग में भारत की मेडल तालिका में एक और गोल्ड जोड़ा, उन्होंने खिताबी मुकाबले में किर्गिस्तान की टिनिस डुबेक को 4.0 से हराया।

### खेल विशेष

## खिताब बचाने का दबाव सोच बदल देता है: जितेश शर्मा

**नागपुर, वार्ता।** आगामी विदर्भ प्रीमियर लीग (वीपीएल) टी20 सीजन से पहले गत विजेता नीको मास्टर ब्लास्टर के कप्तान जितेश शर्मा ने खिताब बचाने के दबाव, लगातार सफलता के लिए जरूरी मानसिकता और इस सीजन खिलाड़ियों से अपनी उम्मीदों को लेकर खुलकर बात की। पिछले सीजन टीम को चैंपियन बनाने वाले जितेश का मानना है कि किसी खिताब का बचाव करना, उसे जीतने की को. शिश करने से बिल्कुल अलग मानसिक चुनौती होती है। उन्होंने कहा, बात अगर टाइटल डिफेंड करने की हो तो अतिरिक्त दबाव आ ही जाता है।मुझे लगता है कि जब आप किसी चीज का पीछा करते हैं, तो हमेशा सोचते हैं कि अगला कदम क्या होना चाहिए। इससे आपकी मानसिकता बदल जाती है। उन्होंने आगे कहा, जब आप जीतने या ट्रॉफी हासिल करने के लिए खेलते हैं।

## धवल कुलकर्णी बने ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स के हेड कोच

**(महाराष्ट्र), वार्ता।** आगामी टी-20 मुंबई लीग 2026 के लिए ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स ने घरेलू और अंतर्राट्रीय क्रिकेट में लंबा अनुभव रखने वाले पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज धवल कुलकर्णी को टीम का हेड कोच नियुक्त किया है। पिछले सीजन में सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स इस बार उनके मार्गदर्शन में खिताबी जंग के लिए लघ्ती नजर आएगी। हेड कोच नियुक्त किए जाने के बाद धवल कुलकर्णी ने टीम के साथ जुड़ने और खिलाड़ियों के साथ काम करने को लेकर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, अब तक का अनुभव बहुत अच्छा रहा है, टीम का हर खिलाड़ी उत्साहित है और अपना सर्वश्रेठ देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## विजय एलपीएल में शामिल हुए, मोईन व शाकिब अल हसन मुख्य आर्काण

**कोलंबो, वार्ता।** लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) ने 1 जून को होने वाले सीजन 6 के प्लेयर ड्राफ्ट से पहले, अपने मुख्य खिलाड़ियों की एक सितारों से सजी सूची जारी की है। इस सूची में सबसे प्रमुख नाम भारत के ऑलराउंडर विजय शंकर का है, जो आने वाले सीजन के लिए इस टूर्नामेंट में शामिल होने जा रहे हैं। इंग्लैंड के मोईन अली और बंगलादेश के स्टार खिलाड़ी शाकिब अल हसन भी उन बड़े नामों में शामिल हैं जिन्हें फ्रेंचाइजी ने रिटेन किया है। फ्रेंचाइजी अब लीग के छठे संस्करण के लिए अपनी मुख्य टीमों को अंतिम रूप दे रही हैं, यह लीग 17 जुलाई से 8 अगस्त तक पूरे श्रीलंका में खेली जाएगी। शंकर, जिन्होंने 2019 के वैश्विक क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व किया था और टूर्नामेंट में अपनी पहली ही गेंद पर विकेट लिया था, रॉयल्स टीम में अपना व्यापक अंतर्राट्रीय और घरेलू अनुभव लेकर आए हैं।

## भारत ने मालदीव को 11.0 से रौंदा

**मडगांव (गोवा)वार्ता।** भारतीय सीनियर महिला टीम ने यहां पीजेएन स्टेडियम में ग्रुप बी में मालदीव के खिलाफ 11-0 की शानदार जीत के साथ अपने 2026 सैफ महिला चैंपियनशिप अभियान की जोरदार शुरुआत की। गोवा में अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलते हुए, 'ब्लू टाइग्रेस' ने सोमवार रात शुरू से अंत तक शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों टीमों के बीच के अंतर को साफ कर दिया, फीफा महिला रैंकिंग में भारत 69वें स्थान पर है, जबकि मालदीव 167वें स्थान पर। इससे पहले दिन में, नेपाल ने ग्रुप । के मुकाबले में भूटान को 1-0 से हराकर टूर्नामेंट की शुरुआत की। अवेका सिंह ने चार गोल करके शानदार प्रदर्शन किया, जबकि प्रियंका देवी नोरेम और करिश्मा शिरवोइकर ने दो-दो गोल किए। प्यारी खाखा, ग्रेस डांगमेई और संगीता बसफोरे ने भी गोल किए।

# एक-दूसरे को एलिमिनेट करने उतरेंगे RR व SRH

- राजस्थान के वैभव सूर्यवंशी व हैदराबाद के अभिषेक शर्मा की देखने को मिलेगी टक्कर
- जोफ्रा आर्चर व पेट कमिंस के गेंदबाजी की भी होगी अग्नि परिक्षा

**मुल्लांपुर, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच आईपीएल 2026 का एलिमिनेटर मुक. ाबला एक हाई-वोल्टेज टक्कर बन गया है, जिसमें दो बिल्कुल अलग ताकतें आमने-सामने हैं: एक तरफ निडर युवा जोश और दूसरी तरफ बेमिसाल ताकत। इस मुकाबले के केंद्र में एक ऐसी कहानी है जिसने पूरे क्रिकेट जगत का ध्यान अपनी ओर खींचा है,

एसआरएच के खिलाफ वैभव सूर्यवंशी की तूफानी बल्लेबाजी, और हैदराबाद के टॉप ऑर्डर के साथ जोफ्रा आर्चर की तेज गेंदबाजी की टक्कर। मुंबई इंडियंस पर शानदार जीत हासिल करके प्लेऑफ में जगह बनाने के बाद, राजस्थान की टीम पूरे जोश के साथ इस नॉकआउट



मैच में उतर रही है। उनका यह सीजन उतार-चढ़ाव भरा रहा है, लेकिन लीग-स्टेज के आखिरी दौर में उनकी शानदार वापसी ने टीम में फिर से जीत का भरोसा जगा दिया है। इस वापसी का काफी श्रेय सूर्यवंशी की निडर बल्लेबाजी को जाता है, जो इस टूर्नामेंट के सबसे रोमांचक युवा खिलाड़ियों में से एक बनकर उभरे हैं। सूर्यवंशी के इस सीजन में हैदराबाद के खिलाफ खेली गई एक शानदार शतकीय पारी भी शामिल है, यह एक ऐसी पारी थी जिसने अहम मौकों पर एसआरएच की गेंदबाजी की कमजोरियों को उजागर कर दिया था। अब, एलिमिनेटर मुकाबले के रूप में एक बार फिर दोनों टीमें आमने-सामने होंगी। इस बार दांव पर बहुत कुछ लगा है, और एसआरएच की टीम यह पक्का करना चाहेगी कि पिछली बार जैसी हार या पतन दोबारा न हो। इस युवा बल्लेबाज की तेज और स्पिन, दोनों तरह की गेंदों का सामना करने की काबिलियत ही उसे राजस्थान की आगे बढ़ने की उम्मीदों का सबसे अहम खिलाड़ी बनाती है। कहानी के दूसरी तरफ आर्चर खड़े हैं, राजस्थान की गेंदबाजी के मुख्य हथियार और इस टूर्नामेंट के पावरप्ले में सबसे खतरनाक गें. दबाजों में से एक। एसआरएच की तूफानी सलामी जोड़ी-अभिोक शर्मा और ट्रैविस हेड-को रोकने में आर्चर की भूमिका बेहद अहम होगी, ए दोनों इस सीजन की सबसे खतरनाक साझेदारियों में से एक रहे हैं। एसआरएच की बल्लेबाजी का मूल मंत्र ही शुरुआत से ही आक्रामक खेलना है, और आर्चर की सटीक गेंदबाजी और रफ्तार ही यह तय करेगी कि मैच पर उनका दबदबा रहेगा या वे दबाव में आकर बिखर जाएंगे। हैदराबाद की टीम लीग-स्टेज में शानदार प्रदर्शन करने के बाद इस मैच में उतर रही है। उनकी बल्लेबाजी लाइनअप बेहद मजबूत है, जिसमें उनके आक्रामक सलामी बल्लेबाजों के अलावा हेनरिक क्लासेन और ईशान किशन जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं। विशाल स्कोर खड़ा करने या बड़े से बड़े लक्ष्य का पीछा करने की उनकी काबिलियत ने उन्हें इस टूर्नामेंट की सबसे खौफनाक बल्लेबाजी टीमों में से एक बना दिया है। हालांकि, टॉप-ऑर्डर के बल्लेबाजों पर उनकी अत्यधिक निर्भरता उन्हें कमजोर भी बना सकती है-खासकर तब, जब शुरुआत में ही विकेट गिर जाएं। वहीं दूसरी ओर, राजस्थान की टीम ने हाल के मैचों में अधिक संतुलित और सधी हुई रणनीति अपनाई है। हालांकि उनकी बल्लेबाजी सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल के इर्द-गिर्द घूमती रही है, वहीं आर्चर, नांद्रे बर्गर और बहुमुखी स्पिन गेंदबाजी की अगुवाई में उनके गेंदबाजी आक्रमण ने करो या मरो के मैचों में दबाव में शानदार प्रदर्शन किया है।

# स्वियातेक, रायबाकिना आसानी से आगे बढ़ीं, वावरिका, मोंफिल्स ने संन्यास लिया

- ऑस्ट्रेलियाई किशोरी एमर्सन जोन्स को सिर्फ एक घंटे में 6-1, 6-2 से आसानी से हरा दिया

**पेरिस, वार्ता।** चार बार की फ्रेंच ओपन चैंपियन इगा स्वियातेक और ऑस्ट्रेलियन ओपन विजेता एलेना रायबाकिना सोमवार को रौलां गैरो में दूसरे दौर में पहुंच गईं, जबकि अनुभवी खिलाड़ी स्टैन वावरिका और गइल मोंफिल्स ने संन्यास की घोाणा कर दी।

तीसरी वरीयता प्राप्त स्वियातेक, जो राफेल नडाल के लंबे समय के मेंटर फ्रांसिस रोइग के साथ कोचिग साझेदारी शुरू करने के बाद अपना पहला ग्रैंड स्लैम खेल रही थीं, ने ऑस्ट्रेलियाई किशोरी एमर्सन



जोन्स को सिर्फ एक घंटे में 6-1, 6-2 से आसानी से हरा दिया। वहीं, दूसरी वरीयता प्राप्त रायबाि. कना ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए स्लोवेनिया की वेरोनिका एरजावेक को 6-2, 6-2 से मात दी। महिलाओं के अन्य मैचों में, हाल ही में रोम चैंपियन बनीं एलिना स्वितोलिना ने संर्घा करते हुए हंगरी की अन्ना बोंडार को हराया, जबकि फ्रेंच ओपन की पूर्व फाइनलिस्ट जैस्मीन पाओ. लिनी, कैरोलिना मुचोवा और जेलेना ओस्तापेंको भी अगले दौर में पहुंच गईं। पुरुाों के ड्रॉ में, दो बार के फ्रेंच ओपन उपविजेता कैस्पर रूड, बेन शेल्टन, एलेक्स डी मिनौर और आंद्रेई रुब्लेव सभी दूसरे दौर में पहुंच गए। चीन के वू यिबिग ने अमेरिकी खिलाड़ी मार्कोस गिरोन को 2 घंटे 12 मिनट में 7-5, 6-2, 6-4 से हराकर फ्रेंच ओपन में अपने करियर की पहली मुख्य-ड्रॉ जीत हासिल की। वू का अगला मुकाबला 10वीं वरीयता प्राप्त इतालवी खिलाड़ी फ्लेवियो कोबोली से होगा। उसी दिन, वावरिका और मोंफिल्स दोनों ने फ्रेंच ओपन को अलविदा कह दिया, क्योंकि वे पहले दौर में ही हार गए थे। कोर्ट पर रोजर फेडरर, राफेल नडाल और नोवाक जोकोविच की ओर से भेजे गए वीडियो संदेशों के जरिए उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।

# ओलंपिक में भारत के पहले तीरंदाजों में स श्याम लाल का निधन

**नई दिल्ली।** श्याम लाल मीणा, जो सोल 1988 में भारत की पहली ओलंपिक तीरंदाजी टीम का हिस्सा थे, का रविवार रात लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे 61 वर्ा के थे। भारतीय तीरंदाज ने अपनी तबीयत बिगड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती होने पर अंतिम सांस ली।

वे पिछले कुछ सालों से लिवर से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे थे। 4 मार्च 1965 को राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के केवडिया गांव में जन्मे श्याम लाल मीणा ने बहुत ही साधारण शुरुआत से उठकर भारतीय तीरंदाजी के अग्रदूतों में से एक बनने तक का सफर तय किया। उन्होंने आर्थिक तंगी के बीच पारंपरिक बांस के धनुा से अभ्यास करना शुरू किया, लेकिन उनकी प्रतिभा जल्द ही निखर उठी और उन्हें सरकार की 'स्पेशल एरिया गेम्स' योजना के संरक्षण में एक उच्च-स्तरीय तीरंदाज के रूप में विकसित होने का मौका मिला।

श्याम लाल मीणा भारतीय पुरुषों की रिकर्व तीरंदाजी टीम का हिस्सा थे, जिसमें उनके साथ दिग्गज लिम्बा राम और रजत हलदर भी शामिल थे, इस टीम ने कोलकाता में आयोजित 1987 एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। इसे भारतीय तीरंदाजी के इतिहास में पहला बड़ा अंतर्राट्रीय पदक माना जाता है। इस पदक जीत के साथ ही भारत ने सोल 1988 ओलंपिक के लिए भी क्वालीफाई कर लिया, जो ग्रीमकालीन खेलों में भारतीय तीरंदाजी की पहली उपस्थिति थी। श्याम लाल ने ट्रायल्स के माध्यम से सोल जाने वाली अंतिम टीम में भी जगह बनाई, और लिम्बा राम तथा संजीव सिंह के साथ मिलकर ओलंपिक में भारत की पहली तीरंदाजी टीम का गठन किया। सोल 1988 में व्यक्तिगत क्वालीफिकेशन राउंड में वे 71वें स्थान पर रहे, जबकि पुरुषों की रिकर्व टीम स्पर्धा में भारतीय तिकड़ी 20वें स्थान पर रही। वर्ा 1989 में, भारतीय तीरंदाजी में उनके अमूल्य योगदान के लिए श्याम लाल मीणा को प्रतिठित 'अर्जुन पुरस्कार' से सम्मानित किया गया, जो भारत के सर्वोच्च खेल सम्मानों में से एक है। अपने करियर के दौरान, श्याम लाल मीणा ने कई अंतर्राट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया और राजस्थान तथा पूरे देश में तीरंदाजी को लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतिस्पर्धी खेलों से संन्यास लेने के बाद भी, वे बांसवाड़ा के जिला खेल प्रशिक्षण केंद्र में तीरंदाजी कोच के रूप में इस खेल से घनिठ रूप से जुड़े रहे, जहां उन्होंने युवा खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया और जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को निखारा।

# भारत की हॉकी टीमें अंडर-18 एशिया कप के लिए जापान रवाना

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की अंडर-18 पुरुष और महिला हॉकी टीमें जापान के काका. मिगहारा के लिए रवाना हो गई हैं। ए टीमें अंडर-18 एशिया कप 2026 में हिस्सा लेंगी, जो 29 मई से 6 जून तक जापान में आयोजित किया जाएगा। पुरुा टीम सोमवार शाम को रवाना हुई,

जबकि महिला टीम मंगलवार सुबह नई दिल्ली से रवाना हुई। दोनों टीमें गहन राट्रीय कोचिग शि. विरों के बाद इस टूर्नामेंट में उतर रही हैं। इन शिविरों में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अभ्यास मैच भी शामिल थे,

जिनका मकसद एशिया की सर्वश्रेठ उभरती हॉकी प्रतिभाओं के सामने एक मजबूत चुनौती पेश करना है। अंडर-18 पुरुा और महिला दोनों टीमों के लिए एक



महीने लंबे राट्रीय शिविर साई, भोपाल में स्थित उद्धव दास मेहता (भाई जी) सेंट्रल सेंटर में आयोजित किए गए थे। जहां पुरुष टीम के कोचिग स्टाफ में सरदार सिंह और रजनीश मिश्रा शामिल हैं, वहीं महिला टीम की कोच रानी हैं।

अपनी तैयारियों के हिस्से के तौर पर, भारत की पुरुा और महिला टीमों ने भोपाल में एक 'एक्सपोजर टूर' के तहत, दौरे पर आई ऑस्ट्रेलिया की अंडर-18 टीमों के खिलाफ चार-चार मैचों की एक हाई-प्रोफाइल सीरीज खेली। भारत की पुरुा टीम ने एक मैच जीता और एक हारा, जबकि दो मैच ड्रॉ रहे।

# पाकिस्तान के खिलाफ वनडे में इंग्लिश करेंगे ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया इस सप्ताहांत से शुरू होने वाली पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए अपने चौथे कप्तान को मैदान में उतारेगा, क्योंकि मिच मार्श दौरे से बाहर होने वाले ताजा सीनियर खिलाड़ी बन गए हैं।

जोश इंगलिस तीन मैचों की इस सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी करेंगे, क्योंकि पता चला है कि मार्श को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान टखने में चोट लग गई थी। 50 ओवर के कप्तान पैट कमिस और उनके उप-कप्तान ट्रैविस हेड - जिन्होंने टी-20 में चार बार ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी की है, दोनों ही आईपीएल प्लेऑफ के कारण इस दौरे पर मौजूद नहीं हैं,



क्योंकि आईपीएल के मैच इस्लामाबाद और लाहौर में होने वाले मैचों के साथ ही पड़ रहे हैं। ऐसे में कप्तानी की बागडोर इंग. लिस के हाथों में आ गई है। दिलचस्प बात यह है कि इस विकेटकीपर-बल्लेबाज ने नवम्बर 2024 में भी एक बार यह भूमिका निभाई थी, तब भी पाकिस्तान के खिलाफ ही, और तब भी जब टीम के कई मुख्य खिलाड़ी अनुपस्थित थे। मार्श, जिनकी जगह वनडे टीम में अभी तक किसी और को नहीं लिया गया है,

पिछले हफ्ते लखनऊ सुपर जायंट्स का आईपीएल का आखिरी मैच न खेल पाने के बाद घर लौट आए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के एक प्रवक्ता ने कहा, मार्श--- आगे की जांच और इलाज के लिए अगले आदेश तक पर्थ में ही रहेंगे। बांग्लादेश के 'व्हाइट बॉल' (सीमित ओवरों के) दौरे के लिए उनकी उपलब्धता पर उचित समय पर फैसला लिया जाएगा। कमिस के साथ-साथ जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क भी पाकिस्तान और बांग्लादेश, दोनों ही दौरों से बाहर रहेंगे। आईपीएल खत्म होने के बाद ट्रैविस हेड बांग्लादेश में टीम के साथ जुड़ेंगे।

शाह टाइम्स
बुधवार, 27 मई 2026

# सम्पादकीय

## बातचीत के बीच झड़प

एक तरफ जहां ईरान और अमेरिका के बीच शांति स्थापित करने के लिए बातचीत चल रही है और दोनों ही पक्ष उम्मीद जता रहे हैं कि बातचीत सही दिशा की तरफ जा रही है। तभी ऐसी खबर का आना जो संघर्ष विराम के लिए खतरा बन सकती है, लोगों में खौफ पैदा करता है। जोकि स्वाभाविक भी है, क्योंकि भले ही संघर्ष अब ईरान-इस्राइल के बीच हो रहा हो, लेकिन इस संघर्ष से पूरी दुनिया प्रभावित हो रही है। मंगलवार को ईरान की इस्लामिक रेवोल्युशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने यह दावा कर हलचल मचा दी कि उसने फारस की खाड़ी के ऊपर एक अमेरिकी ड्रोन को मार गिराया। साथ ही उसने कहा कि वह अमेरिकी सेना द्वारा युद्ध विराम के किसी भी उल्लंघन का करारा जवाब देगा। इतना ही नहीं उसने यह भी दावा कि अमेरिकी ड्रोन और एक एफ 35 फाइटर जैट पर भी फायरिंग की, जिससे दोनों वायु यानों को इलाका छोड़ना पड़ा। वहीं अमेरिकी नोसेना का कहना है कि उसने ईरान के बंदरबांस में कई हवाई हमलों को अंजाम दिया। अमेरिकी केंद्रीय कमान के प्रवक्ता टिमोथी हॉकिन्स के हवाले से सीएनएन ने कहा भी कि अमेरिकी बलों ने मंगलवार को ईरानी बलों के खतरे से अमेरिकी सैनिकों की रक्षा के लिए दक्षिण ईरान में आत्मरक्षा हमलों को अंजाम दिया। मतलब साफ है कि दोनों ही पक्ष इस बात को स्वीकार कर रहे हैं कि उन्होंने एक-दूसरे पर हमला किया। अभी अच्छी बात यही है कि युद्ध विराम को लेकर अभी दोनों पक्ष संजीदा दिखाई दे रहे हैं और इसके टूटने की बात नहीं कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भी कहा कि इन झड़पों का युद्ध विराम से कोई लेना-देना नहीं है और यह जारी रहेगा, लेकिन एक बात तो साफ है कि इस घटना से एक बार फिर यह पता चलता है कि दोनों पक्षों के बीच अविश्वास का जो माहौल बना है, उसमें कोई कमी आती दिखाई नहीं दे रही है और दोनों ही पक्ष एक-दूसरे पर जरा भी भरोसा करने के लिए तैयार नहीं हैं, निश्चित रूप से यह बड़ी जटिल स्थिति है, जो समझौतों के लिए हो रही बात. चीत पर भी संदेह पैदा करती है। वैसे देखा जाए तो इस सारी स्थिति के लिए दो व्यक्ति ही सबसे अधिक जिम्मेदार हैं। एक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जो आए दिन अपने बयानों से विरोधाभास पैदा करते हैं और दूसरे इस्राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू जिनको युद्ध का चस्का लग चुका है और वह सबसे बड़े युद्ध के हिमायती दिखाई देते हैं। जहां तक बात बाकी दुनिया की है हर कोई चाहता है कि पश्चिम एशिया का संकट हल हो और होमुर्ज स्टेट पूरी तरह खुले, जिससे दुनिया राहत की सांस ले सके। उम्मीद की जानी चाहिए कि पर्दे के पीछे जो बातचीत चल रही है वह किसी सकारात्मक नतीजे पर पहुंचे।

## भविष्य की कीमत पर बिक रहा आज का मां-बाप





कृति आरके जैन

टूटी नींदों और अधूरी मुस्कानों के बीच पलता सच आज अभिभावकों की कठोर हकीकत बन चुका है। जब समाज अभिभावकों की भूमिका को नए नजरिए से देखेगा, तब 1 जून 2026 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा मनाए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय अभिभावक दिवस की थीम 'अभिभावकों के लिए एकजुट' कोई साधारण थीम नहीं, बल्कि समाज की नींव को हिला देने वाली सच्चाई बनेगा। आज माता-पिता अकेलेपन, डिजिटल दबाव और बढ़ती अपेक्षाओं के बीच संतुलन साध रहे हैं। परिवार ढांचे कमजोर हो रहे हैं और बचपन स्क्रीन में खोता जा रहा है। ऐसे में अभिभावक केवल देखभालकर्ता नहीं, भविष्य के निर्माता हैं। यह दिन स्पष्ट करता है कि बच्चों की नींव शिक्षा नहीं, बल्कि साझा सहयोग और सामूहिक जिम्मेदारी पर टिकी है।

अभिभावकत्व आज एक ऐसे दौर में प्रवेश कर चुका है जहां दबाव और जिम्मेदारियां पहले से कहीं अधिक तीव्र हैं। बच्चे अब घर और स्कूल तक सीमित नहीं, बल्कि पूरी तरह डिजिटल दुनिया के हिस्सेदार बन गए हैं। सोशल मीडिया, गेमिंग और ऑनलाइन ट्रेंड्स उनके सोच और व्यवहार को गहराई से बदल रहे हैं। ऐसे समय में माता-पिता केवल अनुशासनकर्ता नहीं, बल्कि मार्गदर्शक, तकनीकी साथी और भावनात्मक सहारा बन गए हैं। इस दोहरी भूमिका में वे अक्सर मानसिक थकान और अपराधबोध महसूस करते हैं। समाज की आदर्श माता-पिता की अपेक्षा उनका आत्मविश्वास कमजोर करती है। इसलिए आज सबसे अधिक जरूरत सामूहिक समर्थन की है। इतिहास साक्षी है कि हर सभ्यता की नींव मजबूत अभिभावकत्व पर टिकी रही है। जब परिवार जुड़े हुए थे, तब समाज भी अधिक स्थिर और संवेदनशील था। दादा-दादी की कहानियां, माता-पिता का अनुशासन और सामुदायिक जीवन बच्चों को नैतिक मूल्यों से जोड़ते थे। संयुक्त परिवार की व्यवस्था बच्चों को नैतिक मूल्यों, भावनात्मक सुरक्षा और सांस्कृतिक निरंतरता प्रदान करती थी। आज यह ढांचा तेजी से टूट रहा है और पीढ़ियों के बीच दूरी बढ़ती जा रही है। बच्चे भौतिक रूप से समृद्ध हैं, पर भीतर से असंतुलित हो रहे हैं। अभिभावक अकेले इस खालीपन को भरने की कोशिश कर रहे हैं, जो अब लगभग असंभव चुनौती बनता जा रहा है। इसलिए, सामूहिक जिम्मेदारी और सामाजिक भागीदारी को फिर से मजबूत करना जरूरी है, ताकि बच्चों का संतुलित विकास संभव हो सके। आज की बदलती अर्थव्यवस्था और तेज रफ्तार कार्यसंस्कृति ने अभिभावकों पर जिम्मेदारियों का बोझ कई गुना बढ़ा दिया है। माता और पिता दोनों ही रोजगार की अनिश्चितता और लंबे कार्यघंटों के बीच संतुलन साधने को संघर्षरत हैं। ऐसे में बच्चों के साथ समय बिताना लगातार कठिन होता जा रहा है। तकनीक ने भले ही काम को सरल बनाया हो, लेकिन उसने व्यक्तिगत संबंधों में दूरी भी बढ़ाई है। अब माता-पिता केवल आर्थिक सुरक्षा देने वाले नहीं, बल्कि भावनात्मक स्थिरता का आधार भी बन गए हैं। यह दोहरी भूमिका उन्हें निरंतर दबाव में रखती है। परिणामस्वरूप परिवारों में संवाद घट रहा है और भावनात्मक दूरी बढ़ती जा रही है। ऐसे समय में सामुदायिक सहयोग और लचीली कार्यनीतियां बेहद जरूरी हो गई हैं। आज की बदलती दुनिया में यह स्पष्ट हो चुका है कि 'अभिभावकों के लिए एकजुट' अब केवल नारा नहीं, बल्कि अनिवार्य आवश्यकता है। जब अभिभावक अकेले संघर्ष करते हैं, तो उसका असर सीधे बच्चों के भविष्य पर पड़ता है। बढ़ता तनाव, मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं और डिजिटल निर्भरता ने इस स्थिति को और गंभीर बना दिया है। इस थीम का उद्देश्य केवल जागरूकता नहीं, बल्कि एक ऐसा सहयोग तंत्र बनाना है जहां हर व्यक्ति अभिभावकों के साथ खड़ा हो। शिक्षक, पड़ोसी, नीति-निर्माता और कार्यस्थल मिलकर परिवारों को मजबूती दें। यही सामूहिक प्रयास आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और संतुलित जीवन दे सकता है। दुनिया के हर कोने में माता-पिता की पीड़ा एक जैसी दिखाई देती है, चाहे देश या संस्कृति कोई भी हो। आर्थिक अस्थिरता, जलवायु परिवर्तन, सामा. जिक विभाजन और तेज तकनीकी बदलाव ने परिवारों को गहराई से प्रभावित किया है। हर जगह अभिभावक अपने बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए संघर्ष कर रहे हैं। विकसित और विकासशील दोनों ही देशों में मानसिक तनाव और समय की कमी एक सामान्य समस्या बन चुकी है। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और अनुभवों का आदान-प्रदान अत्यंत आवश्यक हो जाता है। यदि देशों के बीच सीख साझा की जाए, तो अभिभावकत्व की गुणवत्ता को बेहतर बनाया जा सकता है। परंपरा और आधुनिकता के बीच खड़ा अभिभावक आज संतुलन की कठिन राह पर चल रहा है। एक ओर उसे बच्चों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना है, तो दूसरी ओर उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है। यह संतुलन बेहद चुनौतीपूर्ण है क्योंकि दोनों दिशाओं का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। परंपरागत मूल्य अनुशासन और सामूहिकता सिखाते हैं, जबकि आधुनिक शिक्षा स्वतंत्र सोच और नवाचार को बढ़ावा देती है। अभिभावक इन दोनों के बीच सेतु की भूमिका निभाते हैं। यदि यह संतुलन बिगड़ जाए, तो बच्चों का व्यक्तित्व प्रभावित हो सकता है। इसलिए, अभिभावकों के लिए निरंतर सीखना और समय के साथ स्वयं को बदलना आवश्यक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ की रिपोर्ट्स भी बार-बार चेतावनी दे रही हैं कि माता-पिता के बढ़ते तनाव का सीधा असर बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और विकास पर पड़ रहा है। वह अनदेखी मेहनत जो हर सुबह दुनिया को संभालती है, वही अभिभावक हैं। अंतर्राष्ट्रीय अभिभावक दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर है। यह हमें याद दिलाता है कि अभिभावक समाज की वह रीढ़ हैं।

## श्रीमुख से...

### स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का असर दिखाई दे



स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का असर सीधे आम आदमी को दिखना चाहिए, सरकारी अस्पतालों में इलाज, जांच, दवाओं और आपात सेवाओं की गुणवत्ता लगातार बेहतर की जाए, मेडिकल कॉलेजों, नर्सिंग संस्थानों और सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं को आधुनिक तकनीक, बेहतर मानव संसाधन और प्रभावी प्रबंधन से सशक्त बनाया जाए, आयुष्मान योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों का सबसे बड़ा सहारा बन रही है, प्रदेश में 6480 अस्पताल योजना से जुड़े हैं और अब तक 96-75 लाख से अधिक निःशुल्क उपचार हो चुके हैं, आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी की आईपीडी सेवाएं भी योजना का हिस्सा बनेंगी।

-योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003
Dainikshahtimes@gmail.com

## महिलाओं की सुरक्षा, मगर पुरुषों का क्या



शिबली रामपुरी



एक बुजुर्ग शख्स काफी दिन पहले मिले उनको डायबिटीज की शिकायत है और काफी बीमार हैं वह बता रहे थे कि उन्होंने अपने बेटे की शादी की और बहू से उनकी कुछ अनबन होने लगी तो बहू ने उन पर झूठे इल्जाम दहेज वगैरा के लगा दिए इसके बाद मजबूरी में आकर बेटा घर से बाहर किराए पर मकान लेकर रहता है ताकि मां-बाप सुख शांति से रह सकें। उनकी बेबसी और शिकायत यही थी कि उनकी बात को इतनी गंभीरता से नहीं सुना गया कि जितनी गंभीरता से उनके बेटे की पत्नी की बात को सुना गया और इसीलिए उन्होंने हालात से समझौता किया क्योंकि वह लाचारी और बेबसी में क्या कर सकते थे। यह किसी एक घर की कहानी नहीं है बल्कि ऐसे बहुत सारे मामले सामने आते हैं जो यह बताते हैं कि किस तरह से महिलाओं के हक में बनाए गए कानून का आज बहुत तेजी के साथ दुरुपयोग होने लगा है लेकिन अफसोस की बात यह है कि इस पर गंभीरता से कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसकी वजह से बेकसूर लोग बेवजह प्रताड़ित होते हैं।

महिलाओं की सुरक्षा के लिए जो कानून बनाए गए हैं, उन पर किसी तरह की कोई आपत्ति नहीं है। जितने सख्त ए कानून बनाए गए हैं, यदि इन्हें और अधिक सख्त किया जाए तो भी इसमें कोई बुराई नहीं है, क्योंकि महिलाओं की सुरक्षा होना बेहद जरूरी है। लड़कियों से लेकर महिलाओं तक, हर किसी को सुरक्षित वातावरण मिलना चाहिए, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह भी है कि जिन पुरुषों पर अत्याचार होता है, उनकी आवाज कानूनी तौर पर इतनी कमजोर क्यों पड़ जाती है? यह कहना भी गलत नहीं होगा कि जिन पुरुषों पर उनकी पत्नी या ससुराल पक्ष द्वारा अत्याचार किया जाता है, उन्हें न्याय पाने के लिए आज भी दर-दर भटकना पड़ता है। इस सच्चाई से इंकार नहीं किया जा सकता कि आज भी पुरुषों की सुरक्षा के लिए कानूनों की कमी महसूस होती है। इसी वजह से बड़ी संख्या में ऐसे पुरुष हैं जो मानसिक, सामा. जिक और कानूनी प्रताड़ना का शिकार होते हैं, लेकिन अपनी पीड़ा खुलकर सामने नहीं रख पाते। देश में ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं, जहां दहेज या घरेलू विवाद के नाम पर पत्नी और उसके परिवार वालों ने पति तथा उसके माता-पिता पर झूठे मुकदमे दर्ज करा दिए। कई बार अन्य झूठे आरोप लगाकर उन्हें जेल तक भेज दिया गया।

बाद में अदालत में सुनवाई के दौरान यह साबित हुआ कि जिन लोगों पर आरोप लगाए गए थे, वे पूरी तरह निर्दोष थे। लेकिन जब तक उन्हें न्याय मिलता है, तब तक उनका सामाजिक सम्मान, आर्थिक स्थिति और मानसिक शांति काफी हद तक बर्बाद हो चुकी होती है।

केंद्र सरकार से लेकर विभिन्न राज्य सरकारों तक ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानून बनाए हैं और उन्हें और मजबूत करने का प्रयास किया है। इसमें कोई बुराई नहीं है। लेकिन सवाल यह है कि न्याय का यह कैसा पैमाना है, जिसमें महिलाओं की सुरक्षा के लिए तो अनेक कानून हैं, मगर महिलाओं द्वारा प्रताड़ित पुरुषों की सुरक्षा के लिए कोई विशेष व्यवस्था दिखाई नहीं देती? जहां महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाता है, वहीं पुरुषों की स्थिति यह है कि कई बार पुलिस अधिकारी भी उनकी बात को गंभीरता से नहीं लेते। पूरा ध्यान केवल महिला पक्ष के आरोपों पर केंद्रित रहता है। जबकि न्याय का तकाजा यह है कि दोनों पक्षों की बात समान गंभीरता से सुनी जाए और दोनों को बराबरी का न्याय मिले। आज के समय में ऐसे बहुत से लोग हैं जिनकी जिंदगी झूठे दहेज और घरेलू हिंसा के आरोपों ने बर्बाद कर दी। वे कानूनी लड़ाई लड़ते-लड़ते आर्थिक और मानसिक रूप से टूट गए, और बदनामी अलग झेलनी पड़ी। ऐसे में भारत सरकार से यह मांग की जानी चाहिए कि वह ऐसे कानून बनाए जिनसे पुरुषों की भी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। जिस तरह महिलाओं के लिए हेल्पलाइन नंबर और सहायता केंद्र बनाए गए हैं, उसी तरह पुरुषों के लिए भी व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही, संसद सदस्यों को भी इस मुद्दे को गंभीरता से उठाने की जरूरत है, ताकि न्याय का संतुलन बना रहे और हर पीड़ित व्यक्ति चाहे वह महिला हो या पुरुष उसे समान रूप से न्याय मिल सके।

## मोदी जी को गद्दार बोलकर राहुल गांधी को क्या हासिल होगा



रोहित कौशिक

राहुल गांधी द्वारा रायबरेली की एक जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को गद्दार कहने पर एक बार फिर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। राहुल गांधी का तर्क यह था कि नरेन्द्र मोदी और अमित शाह संविधान पर हमला कर संविधान का अपमान कर रहे हैं, इसलिए वे गद्दार हैं। हालांकि राहुल गांधी को भी भाजपा के लोग देशद्रोही सिद्ध करते रहते हैं। सवाल यह है कि क्या नरेन्द्र मोदी और अमित शाह को गद्दार कहकर कांग्रेस को सत्ता हासिल हो सकती है?

निश्चित रूप से भाजपा की नीतियों की आलोचना और उन नीतियों पर प्रहार करना कांग्रेस का कर्तव्य है लेकिन प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के लिए गद्दार शब्द का इस्तेमाल करके क्या कांग्रेस भी संविधान के खिलाफ काम नहीं कर रही है? क्या हमारे देश का संविधान यह इजाजत देता है कि राजनीति में भाषा की मर्यादा खत्म कर दी जाए? जब भाजपा के अनेक नेता गांधी परिवार के खिलाफ असभ्य भाषा का इस्तेमाल करते हैं तो क्या कांग्रेस के नेताओं को यह अच्छा लगता है? इस समय कांग्रेस समर्थित बुद्धिजीवी और पत्रकार यह कह रहे हैं कि राहुल गांधी भाजपा पर जबरदस्त प्रहार कर रहे हैं? क्या प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के लिए असभ्य भाषा का इस्तेमाल करना जबरदस्त प्रहार करना होता है? भाजपा पर जबरदस्त प्रहार करना कांग्रेस का अधिकार है लेकिन नीतियों पर जबरदस्त प्रहार करना चाहिए न कि व्यक्तिगत रूप से। क्या राहुल गांधी द्वारा इसलिए असभ्य भाषा का इस्तेमाल किया जाना चाहिए क्योंकि भाजपा के अनेक नेता भी तो गांधी परिवार के लिए असभ्य भाषा का इस्तेमाल करते रहते हैं? अगर राहुल गांधी या फिर कांग्रेस के नेता ऐसा करते हैं तो फिर राजनीतिक शुचिता का उदाहरण कौन प्रस्तुत करेगा? अगर राजनेताओं की मानसिकता यह होगी कि दूसरी पार्टी के लोग भी तो ऐसा ही कर रहे हैं, इसलिए हम भी ऐसा ही करेंगे तो फिर राजनीति किस दिशा में जाएगी, यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

राहुल गांधी अपनी पार्टी के जिम्मेदार राजनेता हैं। इसके साथ ही वह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष भी हैं। दूसरी तरफ प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का पद है। अगर इतने बड़े स्तर के राजनेता एक-दूसरे के लिए असभ्य भाषा का इस्तेमाल करेंगे तो हम किस प्रकार की राजनी. ति करेंगे? एक प्रगतिशील समाज में हमें भाषा समेत हर स्तर पर आगे की तरफ बढ़ना है लेकिन हम पीछे की तरफ जा रहे हैं। सवाल यह है कि राहुल गांधी स्वयं यह व्यवहार कर रहे हैं या फिर उनके सलाहकार उन्हें यह सलाह दे रहे हैं? शायद राहुल गांधी के सलाहकार उन्हें यह सलाह दे रहे हैं कि आप भाजपा पर आक्रामक तरीके से हमला कीजिए। निश्चित रूप से नीतियों पर आक्रामक तरीके से हमला होना चाहिए लेकिन जिम्मेदार पदों पर बैठे हुए राजनेताओं को गद्दार कहना आक्रामकता नहीं, असभ्यता होती है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के तमाम राजनेता लोतांत्रिक तरीके से ही जीतकर आए हैं और भाजपा ने लोकतांत्रिक तरीके से ही सरकार बनाई है। ऐसे में उनके लिए असभ्य भाषा का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। हालांकि भाजपा पर लगातार वोट चोरी का आरोप लगता रहता है और विपक्ष यह भी सवाल उठाता रहता है कि भाजपा ने लोकतांत्रिक तरीके से सरकार नहीं बनाई है। अगर विपक्ष के इस आरोप को सही मान लें तो भी किसी के प्रति असभ्य भाषा के इस्तेमाल से बचा जाना चाहिए। यह बात भाजपा के नेताओं पर भी लागू होती है। भाजपा के अनेक राजनेता भी गांधी परिवार के लिए अमर्यादित टिप्पणियां करते हैं। राजनीतिक शुचिता की बात करने वाली भाजपा के राजनेता भी यदि भाषा की मर्यादा का ध्यान नहीं रखते हैं तो इससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण और कुछ नहीं हो सकता। राहुल गांधी को यह समझना चाहिए उनकी लड़ाई एक मजबूत संगठन वाली पार्टी भाजपा से है। कई कोशिशों के बावजूद कांग्रेस का संगठन मजबूत नहीं हो पाया है। अगर संगठनात्मक स्तर पर कांग्रेस की तुलना भाजपा से की जाए तो जमीनी सच्चाई हम सबके सामने आ जाएगी। राहुल गांधी को यह सोचना चाहिए कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को गद्दार बोलकर कहीं वे अपनी लड़ाई कमजोर तो नहीं कर रहे हैं? कांग्रेस को असली सफलता तब तक नहीं मिल सकती जब तक कि उसके साथ नए मतदाता नहीं जुड़ेंगे। इसका अर्थ यह है कि अपने पारम्परिक मतदाताओं के अलावा कुछ भाजपा के मतदाताओं को भी कांग्रेस को जोड़ना होगा। लेकिन राहुल गांधी जिस तरह से मोदी जी को गद्दार कह रहे हैं, क्या उस तरह से कांग्रेस के साथ नए मतदाता जुड़ पाएंगे? यह सही है कि राहुल गांधी मेहनत कर रहे हैं लेकिन क्या उनकी मेहनत सही दिशा में हो रही है या फिर बयानों के माध्यम से माहौल गर्म कर सत्ता प्राप्त करने की कोशिश की जा रही है। सिर्फ बयानबाजी करके किसी भी हाल में सत्ता प्राप्त नहीं की जा सकती। क्या कांग्रेस जमीन पर उतनी मेहनत कर रही है जितनी मेहनत भाजपा करती है? जमीन पर सार्थक प्रयास न होने के कारण संगठन के स्तर पर कांग्रेस मजबूत नहीं हो पा रही है। आज जरूरत इस बात की है कि राहुल गांधी अपने व्यवहार और भाषा में सुधार कर संगठन को मजबूत बनाने पर ध्यान दें। अगर राहुल गांधी यह सोच रहे हैं कि व्यक्तिगत हमले कर और संविधान की कॉपी हवा में लहराकर कोई परिवर्तन हो जाएगा तो यह बहुत ही मुश्किल है। जो लोग राहुल गांधी को आक्रामक होने की सलाह दे रहे हैं उन्हें यह भी सलाह देनी चाहिए कि आक्रामक होने का अर्थ असभ्य होना नहीं है। सिर्फ भाषणों में ही आक्रामक होने से काम चलने वाला नहीं है, संगठन को मजबूत करने में राहुल गांधी कितने आक्रामक हो पाते हैं, यह देखना होगा। मोदी जी को गद्दार कहने से पहले राहुल गांधी को यह सोचना होगा कि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में कांग्रेस में इतने वर्षों से सूखा क्यों है? जिस तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से उनके वक्तव्यों में गंभीरता की उम्मीद की जाती है, उसी तरह लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष होने के नाते राहुल गांधी से भी यह उम्मीद की जाती है कि उनके बयानों में हल्कापन न हो बल्कि गंभीरता हो।



पटना। ज्ञान भवन में आयोजित राज्य स्तरीय रोजगार मेला-2026 के दूसरे दिन पंजीकरण काउंटर पर नौकरी चाहने वाली महिलाओं की भीड़।

## ईडी ने 258 करोड़ के नशीले पदार्थ तस्करी मामले में पांच जगहों पर की छापेमारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लगभग 258 करोड़ के नशीले पदार्थ तस्करी से जुड़े नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मदुरै और चेन्नई में पांच जगहों पर छापेमारी की है। यह नेटवर्क समुद्र के रास्ते श्रीलंका में भारी मात्रा में नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल था। ईडी के चेन्नई क्षेत्रीय कार्यालय ने बताया कि यह कार्रवाई डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) द्वारा जॉन ब्रिटो और अन्य के खिलाफ एनडीपीएस और कस्टम एक्ट के तहत दर्ज मामलों के आधार पर शुरू की गई है।

## मोदी ने वैश्विक नेताओं को भेंट किए जनजातीय कला वाले उपहार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल की अपनी विदेश यात्राओं के दौरान वहां के नेताओं को जनजातीय कलाओं और सांस्कृतिक परंपराओं को दर्शाने वाले उपहार भेंट कर देश की समृद्ध विरासत और पारंपरिक शिल्प कौशल से उन्हें अवगत कराया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मोदी ने स्वीडन की क्राउन प्रिंसेस विक्टोरिया को मध्य प्रदेश की परंपरागत गोंड पेंटिंग भेंट की, जो भारत की जीवंत जनजातीय कला की विरासत का प्रतीक है। गोंड आदिवासी समुदाय की इस कला को अपने जटिल बिंदु-रेखा पैटर्न, चमकदार प्राकृतिक रंगों और प्रकृति से प्रेरित विषयों के चित्रण के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है। गोंड कला मध्य भारत के आदिवासी कारीगरों को स्थाई रूप से आजीविका के अवसर प्रदान करती रहती है।

# इजरायल को देश नहीं मानेंगे: पाकिस्तान

## रक्षा मंत्री ने कहा: पाकिस्तान अपनी मौलिक विचारधाराओं से समझौता नहीं कर सकता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने इजरायल से दोस्ती करने और उसे देश की मान्यता देने से इन्कार कर दिया है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान अपनी मौलिक विचारधाराओं से समझौता नहीं कर सकता। आसिफ ने कहा हम उन लोगों के साथ कैसे बैठ सकते हैं जिनकी बात पर एक दिन के लिए भी भरोसा नहीं किया जा सकता। पाकिस्तान दुनिया का शायद इकलौता देश है, जिसके पासपोर्ट पर लिखा होता है कि यह इजरायल के लिए मान्य नहीं है।

इससे पाकिस्तान का रुख पूरी तरह साफ है और इसमें कोई बदलाव नहीं होगा। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मुस्लिम देशों से इजरायल से रिश्ते सुधारने और अब्राहम समझौते में शामिल होने की अपील की थी। पाकिस्तान से भी कहा गया था कि अगर वह अमेरिका-ईरान शांति प्रक्रिया का हिस्सा बनना चाहता है, तो उसे इजरायल को मान्यता देनी होगी। पाकिस्तान के लिए अब्राहम समझौते में शामिल होने का मामला संवेदनशील है और राजनीतिक रूप से मुश्किल है। पाकिस्तान लंबे समय से खुद को फलस्तीन के



■ ट्रम्प ने मुस्लिम देशों से इजरायल से रिश्ते सुधारने और अब्राहम समझौते में शामिल होने की अपील की थी

समर्थक देश के तौर पर पेश करता रहा है। वहां आम जनता के बीच फलस्तीन का मुद्दा भावनात्मक और धार्मिक दोनों स्तर पर बहुत गहराई से जुड़ा हुआ है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि पाकिस्तान अमेरिका के साथ अपने रिश्ते खराब नहीं करना चाहेगा लेकिन वह अपनी घरेलू राजनीति को भी नजरअंदाज नहीं कर सकता है। पाकिस्तान ने पिछले 78 साल में कभी इजरायल को मान्यता नहीं दी है। उसका आधिकारिक रुख यह रहा है कि जब तक 1967 से पहले की सीमाओं के आधार पर स्वतंत्र फलस्तीनी राज्य नहीं बनता, तब तक वह इजरायल को मान्यता नहीं देगा। इसी वजह से पाकिस्तान में इजरायल के साथ रिश्ते सामान्य करने का मुद्दा हमेशा घरेलू राजनीति से भी जुड़ा रहा है।

किसी भी सरकार के लिए इस पर नरम रुख अपनाना राजनीतिक जोखिम माना जाता है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने 25 सितंबर 2025 को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में मुलाकात की थी। ट्रम्प की सबसे बड़ी रणनीतिक कोशिश यह है कि ईरान युद्ध खत्म होने के बाद पश्चिम एशिया में एक नया अमेरिकी समर्थक गठबंधन तैयार किया जाए, जिसमें इजरायल और प्रमुख अरब देश एक साथ हों। दशकों तक अरब देशों की नीति थी कि फलस्तीन मुद्दा सुलझे बिना इजरायल को मान्यता नहीं दी जाएगी। ट्रम्प की कोशिशों के बाद 2020 में अब्राहम समझौते ने उस पुरानी नीति को तोड़ दिया। इसके तहत यूएई, बहरीन और मोरक्को जैसे देशों ने इजरायल के साथ आधिकारिक संबंध बनाए।

# अब खाड़ी में पैर नहीं फैला सकेगा अमेरिका: खामेनेई

## मुस्लिम देशों से अमेरिकी प्रभुत्व से परे एक नई क्षेत्रीय व्यवस्था के निर्माण का आह्वान किया

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला सैयद मुजतबा खामेनेई ने मुस्लिम देशों से आपसी सहयोग को मजबूत करने और अमेरिकी प्रभुत्व से परे एक नई क्षेत्रीय व्यवस्था के निर्माण का आह्वान करते हुए कहा कि अमेरिका अब क्षेत्र में अपने सैन्य ठिकाने नहीं बना पाएगा। आयतुल्ला खामेनेई ने हज यात्रा के दूसरे दिन 'यौम-ए-अरफा' के अवसर पर मंगलवार को जारी संदेश में कहा कि वैश्विक मुस्लिम उम्माह (राष्ट्र) और क्षेत्र के देशों के पास अनेक साझा क्षमताएं और समान हित मौजूद हैं, जो क्षेत्र और विश्व की नई व्यवस्था तथा भविष्य की संरचना को आकार देंगे।

उन्होंने कहा कि मुस्लिम देश एक ऐसे ऐतिहासिक दौर में प्रवेश कर रहे हैं, जहां क्षेत्रीय परिस्थितियां अपरिवर्तनीय रूप से बदल रही हैं और अमेरिकी सैन्य प्रभाव लगातार कमजोर हो रहा है। उन्होंने कहा कि समय के पहिए को पीछे नहीं घुमाया जा सकता। क्षेत्र के देश अब अमेरिकी सैन्य ठिकानों के लिए ढाल का काम नहीं करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका के पास अब अपनी शरारतों और क्षेत्र में सैन्य अड्डे स्थापित करने के लिए सुरक्षित ठिकाना नहीं बचेगा और वह दिन-ब-दिन अपनी पूर्व स्थिति से दूर होता जा रहा है। संदेश में क्षेत्रीय 'प्रतिरोध मोर्चे' की भूमिका की भी सराहना की गई, जिसे उन्होंने ईरान, लेबनान, फलस्तीन, इराक, सीरिया, अफ्रीका, यमन, अफगानिस्तान और पाकिस्तान तक फैला हुआ एक संयुक्त आंदोलन बताया। उन्होंने कहा कि इन शक्तियों ने अमेरिकी प्रभाव का मुकाबला किया, इजरायली कब्जे को चुनौती दी और इस्लामिक स्टेट (आईएस) आतंकवादी संगठन के खिलाफ संघर्ष किया। आयतुल्ला खामेनेई ने इजरायल को 'कैंसरयुक्त ट्यूमर' और 'अस्थिर शासन' बताते हुए कहा कि वह 'अपने अभिशप्त जीवन के अंतिम चरण' के करीब पहुंच चुका है। उन्होंने इस्लामी क्रांति के दिवंगत नेता आयतुल्ला सैयद अली खामेनेई की उस भविष्यवाणी का भी उल्लेख किया, जिसमें कहा गया था कि इजरायली शासन अगले 25 वर्षों तक कायम नहीं रह पाएगा। संदेश में आयतुल्ला खामेनेई ने अमेरिका और इजरायल के साथ हालिया संघर्ष के दौरान ईरान की भूमिका की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि इस्लामी गणराज्य ने अपने भारी हमलों के जरिए इजरायली शासन को असहाय बना दिया, आक्रामक अमेरिका को करारा थप्पड़ मारा और ईरान को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर करने के दुश्मन के उद्देश्य को विफल कर दिया।



■ मुस्लिम देश एक ऐसे ऐतिहासिक दौर में प्रवेश कर रहे हैं, जहां क्षेत्रीय परिस्थितियां अपरिवर्तनीय रूप से बदल रही हैं

## खाड़ी क्षेत्र में अमेरिका स्थायी सुरक्षा सुनिश्चित कराने में विफल रहा: पेजेशकियन

**तेहरान/दोहा।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने मंगलवार को सैन्य कमांडरों से कहा कि खाड़ी क्षेत्र के देशों ने यह निष्कर्ष निकाल लिया है कि खाड़ी में अमेरिका की सैन्य उपस्थिति 'स्थाई सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रही है।' साथ ही उन्होंने ईरान की रक्षा संरचना में व्यापक बदलाव की आवश्यकता पर जोर दिया। यह बयान ऐसे समय आया है जब ईरानी वार्ताकार कतर में वाशिंगटन के साथ युद्ध समाप्त करने के उद्देश्य से बातचीत कर रहे हैं। ईरानी राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार पेजेशकियन ने कहा कि सुरक्षा के लिए अमेरिका पर निर्भर रहना अवास्तविक और अप्रभावी सोच साबित हुई है। उन्होंने कहा कि दुश्मन ने नई तकनीकों और साधनों को हासिल कर लिया है तथा सशस्त्र बलों को विश्वविद्यालयों, वैज्ञानिक संस्थानों और ज्ञान-आधारित कंपनियों के साथ गहरे सहयोग के माध्यम से 'तकनीकी बढ़त और रक्षा क्षमताओं को मजबूत' करने का निर्देश दिया।

## ईरान की फ्रीज 24 अरब डॉलर राशि को जारी करने पर अमेरिका-ईरान में समझौते की संभावना

**तेहरान।** अमेरिका और ईरान के बीच चल रही बातचीत के दौरान ईरान के फ्रीज किए गए खातों से 24 अरब डॉलर तक की राशि को जारी करने के संबंध में समझौता हो सकता है। आईआरजीसी से जुड़े मीडिया संस्थान तस्नीम न्यूज की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। वार्ता दल के करीबी एक स्रोत के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान ने प्रस्ताव दिया है कि समझौता ज्ञापन (एमओयू) की घोषणा होते ही इस राशि का आधा हिस्सा, यानी लगभग 12 अरब डॉलर तुरंत उपलब्ध कराया जाना चाहिए, जबकि बाकी की रकम को 60 दिनों की बातचीत की अवधि के दौरान स्थानांतरित किया जाए। चर्चा के अधीन एमओयू के मसौदे में कथित तौर पर 60 दिनों के लिए संघर्ष विराम का विस्तार, होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की संभावना और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर निरंतर बातचीत के लिए एक रूपरेखा शामिल है। हालांकि, प्रतिबंधों में ढील, रोकी गई संपत्तियों की रिहाई और ईरान की परमाणु गतिविधियों को सीमित करने की अमेरिकी मांगों को लेकर अभी भी बड़े मतभेद बने हुए हैं।

# फ्रांस में गर्मी ने तोड़ा रिकॉर्ड

**पेरिस।** फ्रांस में भीषण गर्मी के कारण सात लोगों की मौत के मामले सामने आए हैं और बढ़ते तापमान को देखते हुए दक्षिण-पश्चिम फ्रांस के समुद्र तटों पर सामान्य से अधिक भीड़ उमड़ने लगी है। इसी बीच, सरकार ने सप्ताह के अंत तक जारी रहने की आशंका वाली गर्मी से निपटने की तैयारियां तेज कर दी हैं।

मौसम एजेंसी मेटियो-फ्रांस ने कहा कि सोमवार का दिन फ्रांस में मई माह का अब तक का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया। एजेंसी के अनुसार सप्ताह के दौरान कुछ क्षेत्रों में तापमान 33 से 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। फ्रांस के प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू ने गुरुवार को प्रमुख मंत्रियों की बैठक बुलाई है जिसमें लू से निपटने के लिए सरकार की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। इसे वर्ष के शुरुआती चरण में असामान्य रूप से तेज गर्मी से जुड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिमों को लेकर बढ़ती चिंता के रूप में देखा जा रहा है। पेरिस में सप्ताहांत के दौरान तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो गया। शनिवार को वर्ष 2026 में पहली बार तापमान 31.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

■ गर्मी से संबंधित घटनाओं में सात की मौत

पेरिस में रविवार को आयोजित 10 किलोमीटर दौड़ के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। नागरिक सुरक्षा सेवाओं ने इसकी पुष्टि की है। स्थानीय प्रशासन के अनुसार राजधानी के दक्षिण-पूर्वी उपनगर मैजों-अलफोर्ट में आयोजित एक अन्य दौड़ के दौरान 10 धावकों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में भी गर्मी का असर देखने को मिला, जहां सोमवार को रोलां-गैरो में दर्शकों और खिलाड़ियों को सामान्य से कहीं अधिक तापमान का सामना करना पड़ा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार यह असामान्य गर्मी 'हीट डोम' नामक स्थिति के कारण उत्पन्न हुई है। इसके तहत उत्तरी अफ्रीका से आई गर्म हवा पश्चिमी यूरोप के ऊपर बने उच्च दबाव क्षेत्र के नीचे फंस गई है। पूर्वानुमान कर्ताओं का कहना है कि इस कारण तापमान मई के सामान्य स्तर से काफी ऊपर पहुंच गया है और यूरोप के बड़े हिस्से में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया जा रहा है।

# अमेरिकी महाद्वीप में 20 देशों की संयुक्त कार्रवाई

## अभियान के तहत 3308 हथियार व 56 टन अवैध मादक पदार्थ जब्त किए गए

**सान सैल्वाडोर।** मध्य अमेरिका, दक्षिण अमेरिका और कैरिबियाई द्वीपों पर अवैध हथियारों की तस्करी और उससे संबंधित आपराधिक कृत्यों पर शिकंजा कसने के लिए चलाए गए संयुक्त पुलिस अभियान के तहत 3,308 हथियार एवं 56 टन अवैध मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं।



अक्टूबर-नवम्बर 2025 में चलाए गए ऑर्का-11 अभियान के तहत अंतर्राष्ट्रीय अपराधी पुलिस संगठन (इंटरपोल) के सहयोग और समर्थन से 20 देशों में यह पुलिसिया कार्रवाई की गई। इस अभियान की तैयारी के लिए इंटरपोल ने भाग लेने वाले देशों को हथियारों की तस्करी से जुड़ी खुफिया जानकारी का विश्लेषण करने, राष्ट्रीय खतरे का आकलन करने और सीमा-पार सूचनाओं के आदान-प्रदान में समन्वय स्थापित करने में सहायता प्रदान की। इसमें क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए 'ऑर्गेनाइजेशन ऑफ अमेरिकन स्टेट्स' का भी समर्थन प्राप्त था। हथियारों की जब्ती के अलावा, इसमें शामिल अधिकारियों ने हथियारों और नशीले पदार्थों को रखने या उनकी तस्करी से जुड़े 8701 लोगों की गिरफ्तारी की जानकारी दी। साथ ही, कई अन्य अपराधों और जुर्मों के मामले भी सामने आए। अधिकारियों ने लगभग 200000 राउंड गोला-बारूद, 256025 अमेरिकी डॉलर की नकद राशि और 210 वाहन भी जब्त किए। इस क्षेत्र में हथियारों की तस्करी अन्य प्रकार की आपराधिक गतिविधियों से गहराई से जुड़ी हुई है, जिनमें नशीले पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी, प्रवासियों की अवैध घुसपैठ और साइबर अपराध शामिल हैं। इन अपराधों के पीछे सक्रिय संगठित आपराधिक समूह और गिरोह अक्सर कई तरह की अवैध वस्तुओं की तस्करी के लिए उन्हीं रास्तों का इस्तेमाल करते हैं।

इस अभियान में भाग लेने वाले 10 देशों ने भी बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की बरामदगी की सूचना दी। इसमें 6.9 टन कोकीन, 659403 कोका के पौधे, 9.3 टन कोकीन बेस पेस्ट, 38.5 टन मारिजुआना, दो टन मेथामफेटामाइन और 11 किलोग्राम केटामाइन शामिल है। इंटरपोल के महासचिव वाल्डेसी उरक्विजा ने अभियान के बारे में कहा कि ऑर्का-11 अभियान की वजह से हजारों हथियार का प्रसार रोका गया है और बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं। यह संगठित अपराध के खिलाफ लड़ाई में असली प्रगति को दिखाता है।

## सीबीएसई भुगतान प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को चार प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की पेमेंट गेटवे प्रणाली को मजबूत और छात्र हितैषी बनाने पर चर्चा की। प्रधान ने कहा कि पुनर्मूल्यांकन, उत्तर पुस्तिकाओं की फोटोकॉपी प्राप्त करने और अन्य शुल्क आधारित सेवाओं के लिए छात्रों को किसी भी प्रकार की तकनीकी परेशानी का सामना नहीं करना चाहिए। उन्होंने बैंकों को निर्देश दिया कि सीबीएसई के साथ मिलकर ऐसी मजबूत भुगतान प्रणाली तैयार की जाए, जिससे भुगतान प्रक्रिया सुचारु, सुरक्षित और तेज हो सके।

# क्वाड की 20 अरब डॉलर से महत्वपूर्ण खनिज फ्रेमवर्क की घोषणा

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में खनिज और ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकाधिकार को तोड़ने के उद्देश्य से चार देशों के संगठन क्वाड के सदस्यों भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका ने 20 अरब डॉलर के निवेश से 'क्वाड महत्वपूर्ण खनिज पहल फ्रेमवर्क' की घोषणा की है।

क्वाड देशों ने महत्वपूर्ण खनिज पहल फ्रेमवर्क का निर्णय खनिज आपूर्ति श्रृंखला के क्षेत्र में विशेष रूप से चीन की मनमानी को देखते हुए लिया गया है। क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की मंगलवार को यहां हुई बैठक में इस पहल की घोषणा की गई। बैठक के बाद जारी वक्तव्य में कहा गया है कि सदस्य देश महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत बनाने का इरादा रखते हैं। ये आपूर्ति श्रृंखलाएं उन्नत प्रौद्योगिकियों, आर्थिक विकास और औद्योगिक आधारों की मजबूती के लिए अनिवार्य हैं। इस फ्रेमवर्क के जरिये ये देश आर्थिक नीति के साधनों और समन्वित निवेश का उपयोग करके, विविध और निष्पक्ष 'महत्वपूर्ण खनिज' बाजारों के विकास में तेजी लाने के लिए मिलकर काम करने का इरादा रखते हैं। साथ ही ये देश क्षेत्र के आर्थिक विकास और सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण 'क्रिटिकल मिनरल्स' की आपूर्ति को मजबूत बनाएंगे। इस फ्रेमवर्क में 'महत्वपूर्ण खनिज' की आपूर्ति श्रृंखलाओं के संबंध में क्वाड साझेदारों के बीच सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों को निर्धारित करने के साथ-साथ प्रत्येक साझेदार की घरेलू नीतियों और प्राथमिकताओं का उचित ध्यान रखा गया है। फ्रेमवर्क के अनुसार क्वाड साझेदार देश 'महत्वपूर्ण खनिज' की आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने के लिए, खनन, प्रसंस्करण और रीसाइक्लिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों में, नए और मौजूदा प्रयासों के माध्यम से सरकारी और निजी क्षेत्र से लगभग 20 अरब डॉलर तक का निवेश जुटाने का इरादा रखते हैं। इसके लिए उन परियोजनाओं की पहचान की जाएगी जिनका क्वाड से सीधा जुड़ाव हो जैसे कि वे परियोजनाएं जो क्वाड साझेदार देशों में स्थित हों, क्वाड साझेदार देशों में मुख्यालय वाली कंपनियों द्वारा संचालित हों, या क्वाड बाजारों को आपूर्ति करती हों और जो 'क्रिटिकल मिनरल' आपूर्ति श्रृंखला में मौजूद कमियों को दूर करती हों।

# पोप लियो चौदहवें ने एआई के खतरे के प्रति दी चेतावनी

**वेटिकन सिटी।** ईसाई धर्मगुरु पोप लियो चौदहवें ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर अपना पहला बड़ा नीतिगत दस्तावेज जारी करते हुए विशेषज्ञों और दुनिया भर की सरकारों को इसके खतरों के प्रति गंभीर चेतावनी दी है।

मैग्निफिका ह्यूमैनिटास: ऑन सेफगार्डिंग द ह्यूमन पर्सन इन द टाइम ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (भव्य मानवता: एआई के दौर में मानव की सुरक्षा) शीर्षक वाले इस दस्तावेज में पोप ने सरकारों से एआई तकनीक के विकास की रफ्तार को धीमा करने का आग्रह किया है। उन्होंने सचेत किया कि एआई प्रणालियां गलत जानकारी फैला रही हैं, टकराव को बढ़ावा दे रही हैं और दुनिया को कभी न खत्म होने वाले युद्ध की राह पर ले जाने का जोखिम पैदा कर रही हैं। दस्तावेज में बाइबल की 'टावर ऑफ बेबेल' की कहानी का जिक्र करते हुए पोप ने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब इंसानों ने घमंड में आकर बिना ईश्वर के आशीर्वाद के स्वर्ग तक पहुंचने वाली मीनार बनाने की कोशिश की, तो उसका परिणाम विनाशकारी रहा। उन्होंने कहा कि मैं सभी से अपील करता हूं कि वे एक और टावर ऑफ बेबेल बनाना बंद करें और मानवता की भलाई के लिए अपनी ताकत जुटाएं। धर्मगुरु ने इस बात पर गहरी चिंता जताई कि एआई से जुड़ा डेटा और ताकत निजी क्षेत्र के कुछ गिने-चुने लोगों के हाथों में सिमटती जा रही है।

# गोयल ने कनाडा में निवेश-व्यापार संबंध पर सार्थक चर्चा की

## वाणिज्य मंत्री ने पीएम मार्क जे कार्नी, व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू, कृषि और कृषि-खाद्य मंत्री हीथ मैकडॉनल्ड आदि के साथ की बैठक

**नई दिल्ली/ओटावा।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कनाडा की अपनी यात्रा के ओटावा चरण में प्रधानमंत्री मार्क जे कार्नी, व्यापार मंत्री मनिदर सिद्धू, कृषि और कृषि-खाद्य मंत्री हीथ मैकडॉनल्ड तथा विदेश मंत्री अनिता आनंद के साथ बैठकें कर भारत-कनाडा संबंधों को मजबूत करने और आपसी व्यापार-निवेश बढ़ाने के लिए प्रस्तावित द्विपक्षीय समझौते की बातचीत को अंतिम रूप देने पर चर्चा की हैं। गोयल ने प्रधानमंत्री कार्नी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शुभकामना संदेश दिया और दोनों देशों के संबंधों को गति देने के मेजबान प्रधानमंत्री के योगदान का उल्लेख किया।

दोनों पक्षों ने भारत कनाडा व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सेपा) के लिए चल रही बातचीत को लेकर उत्साह जताया है और 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 70अरब डॉलर के स्तर तक पहुंचने के लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। एक बड़े व्यावसायिक दल के साथ इस यात्रा पर गए गोयल ने प्रधानमंत्री कार्नी के साथ अपनी मुलाकात के बारे में कहा कि मैक जे कार्नी से मुलाकात की, और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उनकी हाल की भारत यात्रा को स्नेहपूर्वक याद किया, जिसने भारत-कनाडा साझेदारी को नई गति और नया आत्मविश्वास प्रदान किया है। प्रधानमंत्री कार्नी के साथ इस मुलाकात में द्विपक्षीय सहयोग को और गहरा करने पर भविष्योन्मुखी चर्चा हुई और सेपा के शीघ्र निष्कर्ष के प्रति आशा व्यक्त की गई। यह समझौता दोनों राष्ट्रों के लिए विकास और समृद्धि के नए रास्ते खोलेगा। प्रधानमंत्री कार्नी ने इस मुलाकात के बाद एक बयान में कहा कि हम भारत के साथ एक मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। यह कनाडाई श्रमिकों और व्यवसायों के लिए एक 'गेम चेंजर' (बड़ा अवसर) साबित होगा और जिससे एक विशाल नया बाजार खुलेगा। उन्होंने कहा कि हम तेजी से काम कर रहे हैं, मैंने मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की ताकि अब तक हुई हमारी प्रगति की समीक्षा की जा सके और ऊर्जा, कृषि-खाद्य, प्रौद्योगिकी तथा शिक्षा के क्षेत्रों में हमारे दोनों देशों के लिए आगे आने वाले अवसरों का पता लगाया जा सके।' गोयल ने कनाडा के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मंत्री

■ दोनों पक्षों ने भारत कनाडा व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सेपा) के लिए चल रही बातचीत को लेकर उत्साह जताया है



